

हिन्दी दैनिक

# रोजनामा इन्डो गल्फ

www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना, गुरूवार | 21 नवम्बर 2024 | वर्ष : 02 अंक : 185 | पृष्ठ - 14 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण



## ब्रीफ न्यूज

### असम सरकार ने करीमगंज जिले का नाम बदलकर श्रीभूमि करने का निर्णय लिया



एजेंसी

**असमः** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि असम सरकार ने मंगलवार को बराक घाटी में स्थित करीमगंज जिले का नाम बदलकर श्रीभूमि करने का फैसला किया है। शर्मा ने यहां पत्रकारवार्ता में बताया कि यह निर्णय राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया ।उन्होंने कहा, ह्यह्य100 साल से भी अधिक समय पहले कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर ने आधुनिक करीमगंज जिले को श्रीभूमि - मां लक्ष्मी की भूमि बताया था और आज असम मंत्रिमंडल ने हमारे लोगों की लंबे समय से की जा रही मांग को पूरा किया है ।ह्लह्ल शर्मा ने कहा कि जिले का नाम बदलने की पहल यहां के लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगा ।ह्य100 साल से भी अधिक समय पहले कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर ने आधुनिक करीमगंज जिले को श्रीभूमि - मां लक्ष्मी की भूमि बताया था और आज असम मंत्रिमंडल ने हमारे लोगों की लंबे समय से की जा रही मांग को पूरा किया है।

## नियोजित अध्यापक विशिष्ट शिक्षक बनने के बाद भी

# अपने वर्तमान तैनाती स्थल पर बने रहेंगे : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**नीतीश कुमार ने कहा कि सरकारी स्कूलों में कार्यरत वे शिक्षक अपनी वर्तमान तैनाती स्थल पर बने रहेंगे जिनकी सेवाएं हाल ही में नियमित की गई हैं। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन से 2.5 लाख से अधिक नियोजित शिक्षकों (पंचायत शिक्षक-जिन्हें वैकल्पिक रूप से नियोजित शिक्षक भी कहा जाता है) को राहत मिली है।**

एजेंसी

**पटनाः** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि सरकारी स्कूलों में कार्यरत वे शिक्षक अपनी वर्तमान तैनाती स्थल पर बने रहेंगे जिनकी सेवाएं हाल ही में नियमित की गई हैं। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन से 2.5 लाख से अधिक नियोजित शिक्षकों (पंचायत शिक्षक-जिन्हें वैकल्पिक रूप से नियोजित शिक्षक भी कहा जाता है) को राहत मिली है जो दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अब विशिष्ट शिक्षक बन गए हैं। मुख्यमंत्री ने ये टिप्पणी राज्य शिक्षा विभाग द्वारा अपनी स्थानांतरण नीति को स्थगित किये जाने के एक दिन बाद की ।इस नीति से प्रभावित कई शिक्षकों ने पटना उच्च न्यायालय का रुख किया था। पटना में दक्षता परीक्षा पास करने वाले शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, नियोजित शिक्षक अपने नये पदस्थापन को लेकर परेशान हैं, इसलिए हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि जो नियोजित शिक्षक जिस जगह पर काम कर रहे हैं, वे ह्यविशिष्ट शिक्षकह्ल बनने के बाद भी उसी स्थान पर काम करते रहेंगे और इनके नये



पदस्थान पर बाद में निर्णय लिया जायेगा ।राज्य के कई जिलों में दक्षता परीक्षा पास करने वाले 1.14 लाख विशिष्ट शिक्षकों को सरकार ने बुधवार कोनियुक्ति पत्र वितरित किए। नियुक्ति पत्र हासिल करने वाले शिक्षकों में 98,349 प्राथमिक शिक्षक, 12,524 माध्यमिक शिक्षक और 3,265 उच्चतर माध्यमिक शिक्षक शामिल हैं। मुख्यमंत्री की घोषणा पर टिप्पणी करते हुए टीईटी प्राथमिक शिक्षक संघ के संयोजक राजू सिंह ने ह्यपीटीआई-भाषाह्ल से बात करते हुए कहा, ह्लमुख्यमंत्री द्वारा लिया गया यह एक बेहतर फैसला हैङ्कयह निर्णय ह्यविशिष्ट शिक्षकोंह्ल के हित में है। हम इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री और शिक्षा विभाग को धन्यवाद देते हैं ।नीतीश कुमार ने कहा कि सरकारी स्कूलों में कार्यरत वे शिक्षक अपनी वर्तमान तैनाती स्थल पर बने रहेंगे जिनकी सेवाएं हाल ही में नियमित की गई हैं। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन से 2.5 लाख से अधिक नियोजित शिक्षकों (पंचायत शिक्षक-जिन्हें वैकल्पिक रूप से नियोजित शिक्षक भी कहा जाता है) को राहत मिली है।

बिहार में वायु गुणवत्ता में लगातार हो रही गिरावट के बीच अब खेतों में पराली जलाने के मामलों का पता लगाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। कृषि विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए उत्पाद विभाग के साथ मिलकर ड्रोन का इस्तेमाल करने का करार किया गया है। मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग इन ड्रोन की मदद से फिलहाल अवैध शराब की तस्करी पर नजर रखने का काम करता है। शराब की निगरानी करने वाले ड्रोन अब राज्य में पराली जलाने के मामलों पर भी नजर रखेंगे ।अधिकारी ने बताया कि फिलहाल बिहार में पराली जलाने की घटनाएं बहुत कम हैं। हालांकि, रोहतास, भोजपुर, कैमूर और बक्सर समेत आसपास के इलाकों में धान की कटाई शुरू होने पर पराली जलाने के मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है। बिहार के कई शहरों में पारा गिरने के साथ ही विभिन्न जिलों का वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) बिगड़ने लगा है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने पूर्व नौकरशाह एसएम खान के निधन पर शोक व्यक्त किया



एजेंसी

**नई दिल्लीः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के पूर्व अधिकारी एस.एम. खान के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्होंने अपने उत्कृष्ट करियर के दौरान अत्यंत समर्पण के साथ सार्वजनिक संचार के उच्च मानदंडों को कायम रखा ।दिवंगत अधिकारी की पत्नी शहनाज खान को लिखे पत्र में राष्ट्रपति ने कहा कि खान को सदैव पेशेवर उत्कृष्टता और उनके मिलनसार व्यवहार के लिए याद किया जाएगा, जिसके कारण उन्हें अनगिनत मित्र मिले। 1982 बैच के पूर्व आईआईएस अधिकारी खान का रविवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे और कुछ समय से बीमार थे ।सोमवार को उत्तर प्रदेश में उनके गृहनगर खुर्जा में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मुर्मू ने कहा, ह्यह्यश्री खान भारतीय सूचना सेवा के एक सम्मानित अधिकारी और उत्कृष्ट संचारक थे।

**भारत के पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के प्रेस सचिव के रूप में अपने प्रतिष्ठित करियर में, उन्होंने अत्यंत समर्पण के साथ सार्वजनिक संचार के उच्च मानकों को कायम रखा।**

भारत के पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के प्रेस सचिव के रूप में अपने प्रतिष्ठित करियर में, उन्होंने अत्यंत समर्पण के साथ सार्वजनिक संचार के उच्च मानकों को कायम रखा।

## अखिलेश ने कहा जिन मतदाताओं को पुलिस द्वारा वोट डालने से रोका गया था वो फिर से वोट डालने जाए



एजेंसी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर बयान देते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश में जिन मतदाताओं को पुलिस-प्रशासन द्वारा वोट डालने से रोका गया है, वो एक बार फिर से वोट डालने जाएं ।इस चुनावी गड़बड़ी की सूचना हर तरफ फैल गई है। चुनाव आयोग भी सतर्क हो गया है और अब उसकी तरफ से ये आश्वासन मिल रहा है कि जिन लोगों को वोट डालने से रोका गया है, वो एक बार फिर से जाएं और अपना वोट जरूर डालें। अब कोई गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी। अगर फिर से कोई रोके तो आप वहां उपस्थिति चुनाव आयोग के अधिकारियों या राजनीतिक दलों के लोगों को सूचित करें या चुनाव आयोग से सीधी शिकायत करें ।यूपी में आज उपचुनाव के लिए नौ सीटों पर मतदान हो रहा है। सपा नेता व उनके समर्थकों ने प्रशासन पर मतदान के लिए रोकने और धमकाने का आरोप लगाया है। सपा प्रमुख ने कहा प्रशासन व पुलिस के बेईमान अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। उनके वीडियो साक्ष्य उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई का आधार बनेंगे। बेखौफ जाएं और अपना वोट जरूर डालकर आएं।

## एमयूडीए मामला: कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के साले लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए

एजेंसी

**कर्नाटकः** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के साले मल्लिकार्जुन स्वामी ने लोकायुक्त पुलिस के समक्ष गवाही दी। लोकायुक्त पुलिस कथित मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) स्थल आवंटन घोटाले की जांच कर रही है ।यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती है और जानेंलोकायुक्त सूत्रों ने बताया कि स्वामी मंगलवार रात करीब आठ बजे दस्तावेजों के साथ लोकायुक्त पुलिस कार्यालय पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, लोकायुक्त अधिकारियों ने बैंक लेनदेन



से संबंधित विवरण मांगा है ।लोकायुक्त पुलिस द्वारा दर्ज एमयूडीए मामले में तीसरे आरोपी मल्लिकार्जुन स्वामी से पहले भी पूछताछ की जा चुकी है। एमयूडीए मामले में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उनकी पत्नी पार्वती बी एम भी आरोपी हैं। जांच दल ने उनसे भी पूछताछ की।

## उद्धव ने सपरिवार मतदान किया, लोगों से महाराष्ट्र के स्वाभिमान की रक्षा का आह्वान

एजेंसी

**माहाराष्टः** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को मुंबई में अपना वोट डाला और लोगों से महाराष्ट्र के स्वाभिमान की रक्षाह्ल के लिए बड़ी संख्या में मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। ठाकरे ने अपनी पत्नी रश्मी और बेटों आदित्य एवं तेजस के साथ बांद्रा पूर्व में वोट डाला ।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ह्यह्यबड़ी संख्या में मतदान करें और महाराष्ट्र के स्वाभिमान की रक्षा करें ।ह्लह्ल ठाकरे के भतीजे वरुण सरदेसाई बांद्रा पूर्व विधानसभा क्षेत्र से मैदान में हैं। यह पहली बार है कि उद्धव ठाकरे और



उनके परिवार के सदस्य अपने रिश्तेदार के लिए मतदान कर रहे हैं। आदित्य ठाकरे शहर की वर्ली सीट से फिर से चुनाव जीतने की कोशिश कर रहे हैं जहां से वह फिलहाल विधायक हैं। ठाकरे के भतीजे वरुण सरदेसाई बांद्रा पूर्व विधानसभा क्षेत्र से मैदान में हैं। यह पहली बार है कि उद्धव ठाकरे और उनके परिवार के सदस्य अपने रिश्तेदार के लिए मतदान कर रहे हैं।

## पर चिदंबरम ने ऐसा क्या Tweet कर दिया, खरगे ने भड़कते हुए डिलीट करवा दिया पोस्ट, राष्ट्रपति को लिखी चिट्ठी

एजेंसी

**नई दिल्लीः** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम को भारी आलोचना के बीच अपना मणिपुर से संबंधित ट्वीट डिलीट करना पड़ा। चिदंबरम ने एक्स पर एक पोस्ट नें कहा था कियह समझ में आता हैः मैतेई, कुकी-जो और नागा एक राज्य में तभी एक साथ रह सकते हैं जब उनके पास वास्तविक क्षेत्रीय स्वायत्तता हो। पी चिदंबरम के ट्वीट पर सफाई देते हुए सीएलपी नेता ओ इबोबी सिंह ने कहा कि आरएस सांसद द्वारा 'एक्स' पर दिया गया बयान उनके अपने 'एक्स' पेज पर था और यह उनकी कार्मिक राय थी। इबोबी ने



कहा, जब हमने उनका पोस्ट देखा, मैने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी बात की। इस बात पर जोर दिया कि यह बयान चिदंबरम की निजी राय हो सकती है लेकिन इससे राज्य में बहुत गलतफहमी पैदा हो सकती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर आग्रह किया कि वह मणिपुर के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करें ताकि राज्य के लोगों की जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर हिंसा रोकने तथा सामान्य स्थिति बहाल करने में पूरी तरह विफल रहने का आरोप भी लगाया और दावा किया कि प्रदेश की जनता अब इन दोनों सरकारों में विश्वास खो चुकी है। मणिपुर में एक बार फिर से हिंसा होने के बाद खरगे ने राष्ट्रपति को दो पृष्ठों का यह पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि देश को असाधारण रूप से गंभीर त्रासदी झेलनी पड़ी है।

## भाई-भतीजावाद से दूरी, जनता की राय सबसे जरूरी, केजरीवाल ने टिकट बंटवारे को लेकर रख दी शर्त

एजेंसी

**नई दिल्लीः** पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों को उनके काम, जीत की संभावना और जनता की राय के आधार पर टिकट दिए जाएंगे। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा की सभी 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 में चुनाव होने हैं। उत्तर-पश्चिम और पश्चिम दिल्ली के आप कार्यकताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक में केजरीवाल ने विश्वास



जताया कि पार्टी आगामी चुनाव जीतेगी क्योंकि वह सच्चाई के रास्ते पर चली है और उसे भगवान और लोगों का आशीर्वाद प्राप्त है ।केजरीवाल ने कहा कि मैं किसी भी रिश्तेदार, परिचित या दोस्त को टिकट नहीं दूंगा। कोई भाई-भतीजावाद नहीं होगा। मैं उम्मीदवारों का मूल्यांकन उनके काम, जीतने की संभावना और जनता की राय के आधार पर करूंगा। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा, क्योंकि केजरीवाल 70 सीटों में से प्रत्येक पर चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव को धर्म युद्ध करार देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा इसे हर कीमत पर जीतने की कोशिश कर रही है ।आप नेता ने कहा कि भगवान आप का समर्थन करते हैं क्योंकि पार्टी सच्चाई के रास्ते पर चलती है। भगवान आप के साथ हैं और दिल्ली चुनाव में जीत हमारी होगी। आप सरकार द्वारा दिल्ली के लोगों को दी गई।

## मणिपुर के मुख्यमंत्री का राज्य की जनता से वादा, छह लोगों की हत्या के दोषियों को जल्द ही न्याय के कठघरे में खड़ा किया जाएगा



एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में लंबे समय से हिंसा चल रही थी लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद ये हिंसा कुछ समय से शांत थी। कुछ रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में संवेदनशील जगहों से भी सुरक्षा बलों को हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी थी लेकिन पिछले काफी समय से फिर से हिंसा ने अपना सिर उठा लिया है। राज्य का माहौल तब खराब हो गया जब 6 मासूमों की हत्या की खबर सामने आयी थी। जिसके बाद हिंसा का नया दौर शुरू हो गया। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राज्य में हिंसा के नए चक्र को फिर से शुरू करने के लिए "कुछ निहित स्वार्थों" को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि पिछले तीन-चार महीनों से राज्य अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण था। उन्होंने कांग्रेस नेता पी चिदंबरम की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने "मौजूदा संकट पैदा किया है।" सिंह का यह सीधा हमला चिदंबरम द्वारा एक्स पर एक पोस्ट में यह सुझाव दिए जाने के कुछ घंटों बाद आया कि "मैतेई, कुकी-जो और नागा एक राज्य में तभी साथ रह सकते हैं, जब उनके पास वास्तविक क्षेत्रीय स्वायत्तता हो।, और उन्होंने संकट पैदा करने के लिए मुख्यमंत्री को दोषी ठहराया ।हालांकि मणिपुर में अस्थिर स्थिति के बीच मणिपुर कांग्रेस प्रमुख केशम मेघचंद्र द्वारा पोस्ट को हटाने के अनुरोध के बाद चिदंबरम ने पोस्ट को हटा दिया। मेघचंद्र ने श्री चिदंबरम को जवाब देते हुए कहा, "कृपया इस पोस्ट को हटा दें। मणिपुर में उथल-पुथल की स्थिति है। यह बहुत संवेदनशील है।

## कौन कह रहा है संभल की जामा मस्जिद है हरिहर मंदिर,

# मामला अदालत तक पहुंचा

एजेंसी

**लखनऊ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिला संभल की जामा मस्जिद को हरिहर मंदिर बताते हुए इस पर कब्जे दिलाने की मांग करते हिन्दू पक्ष ने न्यायपालिका की शरण ली है। संभल के कैला देवी मंदिर के ऋषि राज गिरी समेत आठ वादकारियों ने सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य कुमार सिंह की चंदौसी स्थित कोर्ट में वाद दाखिल किया है। कोर्ट ने कमीशन गठित कर रिपोर्ट मांगी है। अगली सुनवाई के लिए 29 नवंबर की तिथि निर्धारित की गई है। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता हरिशंकर जैन की ओर से उनके पुत्र विष्णु शंकर जैन ने को कोर्ट में वाद दाखिल किया है। हिन्दू पक्ष ने विवादित परिसर के सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किए जाने और सर्वे की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कराए जाने का अनुरोध किया। कोर्ट ने इस मामले की में रमेश



सिंह को सर्वे कमिश्नर नियुक्त किया। कोर्ट परिसर से निकलने के बाद अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि संभल में हरिहर मंदिर था, जिसे तोड़कर जामा मस्जिद बना दी गई। इतिहास में ऐसा प्रमाण मिलता है कि 1529 में बाबर ने हरिहर मंदिर को एक मस्जिद में तब्दील कर दिया था। इसका प्रमाण बाबरनामा में भी मिलता है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के समक्ष भी यही बात कही गई है ताकि हरिहर मंदिर का सच सामने आ सके ।वहीं इस संबंध में मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता जफर अली का कहना है कि पूर्व में जामा मस्जिद का सर्वे करने के लिए कोर्ट से अधिवक्ता आयुक्त आए थे। उन्होंने मस्जिद का सर्वे किया। फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी की। जिस आधार पर हिन्दू पक्ष का दावा पूरी तरह बेबुनियाद है। यह चुनावी एजेंडा है और इससे ज्यादा कुछ नहीं। उधर, कोर्ट कमिश्नर ने बताया कि अभी प्राथमिक तौर पर सर्वे किया है। जिसमें पुलिस.प्रशासन का सहयोग रहा। अभी मस्जिद की पैमाइश नहीं की गई है।

# नियोजित शिक्षक जहां हैं वहीं रहेंगे, नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सीएम नीतीश का बड़ा एलान





**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** राजधानी पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा एलान किया है। नियोजित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि नियोजित शिक्षक जहां हैं वहीं रहेंगे। सीएम के इस एलान के बाद स्पष्ट हो गया है कि नियोजित शिक्षक से विशिष्ट शिक्षक बनने के बाद उनका दूसरी जगह पदस्थापन नहीं होगा। दरअसल, सक्षमता परीक्षा पास करने के बाद राज्यभर में कुल 1 लाख 14 हजार 138 शिक्षकों सरकार ने राज्यकर्मी का दर्जा दे दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के अधिवेशन भवन में बुधवार को 200 नियोजित शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। जबकि अन्य शिक्षकों को उनके आपने जिले और प्रखंड में ही नियुक्ति पत्र सौंपा जा रहा है। नियुक्त पत्र पाने वाले नियोजित शिक्षक अब विशिष्ट शिक्षक कहलाएंगे और बीपीएससी शिक्षकों की तर्ज पर ही उन्हें सभी तरह के लाभ मिल सकेंगे।नियुक्ति पत्र मिलने के साथ ही ये शिक्षक अब राज्यकर्मी हो गये हैं। नियुक्ति पत्र सौंपने के साथ ही सीएम नीतीश कुमार ने यह बड़ा एलान भी कर दिया कि जो नियोजित शिक्षक जहां हैं वहीं रहेंगे। नियोजित शिक्षक से विशिष्ट शिक्षक बने टीचर्स इस बात को लेकर परेशान थे कि राज्यकर्मी बनने के बाद अब उनकी ट्रांसफर / पोस्टिंग होगी हालांकि मुख्यमंत्री ने उनके संशय को दूर कर दिया है। मुख्यमंत्री के इस एलान के बाद शिक्षकों को बड़ी राहत मिली है। बतादें कि प्रखंड संसाधन केंद्र मसीना में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार चंद्रा और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मी कुमारी ने संयुक्त रूप से 336 सक्षमता पास शिक्षकों औपबंधित नियुक्ति पत्र सौंपा। नियुक्ति पत्र पाने वालों में लाल बाबू, शैलेन्द्र कुमार झा, सीमा कुमारी, गिरीशचंद्र यादव, अरविंद कुमार, नवीन कुमार, निरंजन कुमार महतो, कुमार सानू, अमिता कुमारी, मो मुस्लिम, रंजीत कुमार सहनी, परमानंद सहनी, रामप्रवेश राय, विजय कुमार पासवान के अलावा बीआरपी विष्णु देव प्रसाद सिंह, शत्रुघन शर्मा, बीपीएम शौकत इमाम ,किशोर कुमार, मिथिलेश कुमार, विकास सिंह, सौरभ कुमार, शिव कुमार, ललित कुमार सिंह, ओम प्रकाश, सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

# मशरक में 13 पैक्स में चुनाव नामांकन वापसी के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के 5 अभ्यर्थी ने नाम वापस लिया



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- नवादा, कर्ण कुदरिया, चांद कुदरिया एवं मशरक पश्चिमी में एकल नामांकन , अध्यक्ष होंगे निर्विरोध
- रोजनामा इंडो गल्फ,संवाददाता पंकज कुमार सिंह

मशरक प्रखड क्षेत्र के 13 पैक्स में चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद बुधवार को अध्यक्ष पद के 6 अभ्यर्थियों ने नामांकन वापस लिया ।जिसमें अरना,सेमरी , सोनौली , मशरक पश्चिमी , जजौली चांद कुदरिया में एक एक नामांकन वापसी हुई।

नामांकन वापसी के बाद नवादा पैक्स में चौथी बार पूर्व मुखिया छोटे प्रसाद सिंह के पुत्र विश्वजीत सिंह , मशरक पश्चिमी में अमित कुमार , करणकुदरिया में प्रमोद सिंह , चांद कुदरिया में भरत प्रसाद दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष बनेंगे। प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ मशरक पंकज कुमार ने बताया कि देर शाम तक चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पैक्स चुनाव के दूसरे चरण में 27 नवम्बर को मशरक में चुनाव होगा जिसमें 13 पैक्सों में कुल 32 मतदान केंद्रों पर 19024 मतदाता अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। पैक्स में अरना, कर्ण कुदरिया, चांद कुदरिया, जजौली ,डुमरसन,बंगरा ,बहरौली, मदारपुर, नवादा, सोनौली,सेमरी, मशरक पूर्वी, पश्चिमी में मतदान होगा। वही दुरगौली ,खजुरी, कवलपुरा और गंगौली में कार्यकाल पूरा नहीं होने पर मतदान नहीं होगा। बीसीओ श्रीकांत एवं संजीव कुमार के देखरेख में रविवार के शाम तक अध्यक्ष सहित सभी पद पर हुए नामांकन में शेष बचे अभ्यर्थियों का चुनाव चिह्न आवंटित करने की प्रक्रिया में जुटे रहे।

# सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों को मिला औपबंधिक नियुक्ति पत्र



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**पंकज कुमार सिंह**

मशरक के बीआरसी में सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू,बीडीओ पंकज कुमार,सीओ सुमंत कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी, थानाध्यक्ष अजय कुमार ने संयुक्त रूप से औपबंधिक नियुक्ति पत्र सौंपा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी ने बताया कि मशरक प्रखंड में 166 शिक्षक शिक्षिकाओं ने सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण किया है। जिनको औपबंधिक नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

# एनडीए सरकार के प्रयासों से सफलता की सीढ़ियों पर मजबूती से कदम बढ़ा रहा हैं बिहार :- अरविन्द सिंह

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना, 20 नवम्बर :- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि बिहार को बीमारू और पिछड़ा राज्य बनाने वाले राजद शासनकाल के युग को छोड़कर, एनडीए सरकार के नेतृत्व में प्रयत्नशील और प्रगतिशील जैसे नए युग में प्रवेश कर चुका है नया बिहार। एनडीए सरकार के प्रयासों से सफलता की सीढ़ियों पर मजबूती से कदम बढ़ा रहा हैं बिहार। इसी के फल स्वरुप पटना में बनेगा साबरमती जैसा रिवर फ्रंट, दीघा से कलेक्ट्रेट तक 6 किलोमीटर का हिस्सा होगा विकसित, 4.5 किमी में होगा छठ घाट, बोटिंग की सुविधा भी होगी। विकास और विरासत दोनों का ख्याल रखनें का काम कर रही एनडीए सरकार

श्री अरविन्द ने कहा कि वहीं 945 करोड़ से बिहार के 10 शहरों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनेगा, अब गंगा भी होगी निर्मल और शहर भी होंगे स्वच्छ, शहरों से निकलने वाले गंदे पानी को किया जाएगा साफ और दिख रहा डबल इंजन का काम जबकि नया बिहार रच रहा नित नए कीर्तिमान जहां बेगूसराय में गंगा नदी पर बन रहा एशिया का सबसे चौड़ा पुल वहीं पटना में बनकर तैयार हुआ भारत का पहला गंगा नदी के नीचे से गुजरने वाला अंडरपास। एनडीए सरकार के प्रयासों से सफलता की सीढ़ियों पर मजबूती से कदम बढ़ा रहा हैं बिहार।

# एसडीओ ने किया पीएचसी का निरीक्षण



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बुधवार को एसडीओ दिलीप कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक डॉक्टर अनुपस्थित पाए गये। इस पर उन्होंने रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही। वहीं उन्होंने दवा भंडार एवं प्रसव कक्ष आदि का निरीक्षण किया और अस्पताल की साफ सफाई नियमित करने का निर्देश दिया। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी के ठाकुर एवं स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार, राहुल कुमार आदि कर्मी मौजूद थे।

# सावधान: आपकी बाइक पर हैं चोरों की नजर, थानाध्यक्ष ने दी जागरूकता चेतावनी



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**पंकज कुमार सिंह**

मशरक (सारण) यदि आप किसी मार्केट, गांव या बाजार,होटल या शादी समारोह जैसे आयोजन में अपनी बाइक या चार चक्का वाहन खड़ी कर रहें हैं तो सतर्क हो जाएं। पूरे इलाके में बाइक समेत चार चक्का चोरी करने वाले गिरोह का वर्चस्व कायम है।मशरक थाना क्षेत्र में बाइक समेत चार चक्का चोरों का गिरोह पूरी तरह सक्रिय हो चुकी है। लगातार हो रही चोरी पर पुलिस के तरफ जागरूकता एडवाइज जारी किया गया है। जिसमें थानाध्यक्ष अजय कुमार ने साइबर सेनानी ग्रुप के माध्यम से अपील की है कि शादी समारोह, बाजार, होटलों और किसी भी सार्वजनिक जगहों पर यदि आप जाते हैं तो बाइक या चार चक्का वाहन की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। वाहन को सुरक्षित स्थानों पर लगाए और उसमें सुरक्षित लॉक , अलार्म और मोटी चेन वाला ताला जरूर लगाएं। और यदि घरो के बाहर या दालान में खुले में खड़े करते हैं तों उसकी सुरक्षा के प्रति जागरूक हो। स्थानीय शुभनारायण सिंह ने बताया कि जैसे ही आप बाइक खड़ी करतें हैं तों गिरोह के सदस्य बाइक पर दूर से नजर रखते हैं। बाइक सवार अपनी गाड़ी से थोड़ी दूर हुए नहीं कि चोर कारनामा दिखाने में समय नहीं लगाता। मास्टर चाबी से या किसी अन्य तरीके से बाइक लेकर चंपत हो जाता है। देखा गया है कि लोग जल्दबाजी में अपनी बाइक को लॉक नहीं करते और खरीदारी करने जुट जाते हैं। इसी लापरवाही का चोर फायदा उठाते हैं। चोरों के पास ह्यमास्टर कीह्न होती है। इसका उपयोग बाइक चोरी के लिए करते हैं। मोटर पार्ट्स व्यापारी नीलू सिंह ने बताया कि बाइक की सुरक्षा के लिए कई तरह के उपकरण बाजार में मिल रहे हैं। हैंडल का लॉक जरूर लगाए, व्हील लॉक भी आता है इसका प्रयोग करें। इसके अतिरिक्त बाजार में कुछ सेंसर लॉक जैसे उपकरण भी आए हुए हैं जिनके प्रयोग से बाइक चोरी होने से बचा जा सकता है वहीं बाइक का बीमा जरूर करवा कर रखें।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सदर अस्पताल छपरा रेफर



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
पंकज कुमार सिंह

मशरक के बंगरा काली स्थान के स्थान के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर हालत में इलाज के लिए इमरजेंसी 112 की टीम ने सीएचसी मशरक में भर्ती कराया। घायल फरदहिया गांव निवासी रंगलाल नट का 28 वर्षीय पुत्र साजन नट हैं। घटना में बताया गया कि बाइक सवार मशरक से गाव जा रहा था वहीं महमम्दपुर की तरफ से आ रहीं अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गया। चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

# विभिन्न घटनाओं में पांच लोग हुए जख्मी, एक रेफर

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत समस्तीपुर - दरभंगा मुख्य सड़क के परतापुर के समीप ऑटो और ट्रैक्टर की टक्कर में ऑटो पर सवार एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल की पहचान चकमेहसी गांव के चकुरी पासवान के 18 वर्षीय पुत्र आरव कुमार के रूप में हुई है जिसे सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर विभिन्न जगहों पर हुई मारपीट की घटना में चार लोग जख्मी हो गये, जिसमें सोमनाहा मठ गांव के अमित कुमार, ध्रुवगामा गांव के सुधीर शाह के 30 वर्षीय पत्नी पूनम देवी और कृष्ण देव महतो के पुत्र मनोज कुमार एवं फुलहरा गांव के स्वर्गीय प्रेम सागर ठाकुर के 75 वर्षीय पुत्र तीरथ ठाकुर शामिल है। सभी जख्मी का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। इसकी जानकारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी के ठाकुर ने दी।

# आजादी के 77 वर्षों के बाद भी अतिपिछड़ा समाज शैक्षणिक व आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से सबसे निचले पायदान पर खड़ा है, हेसामुद्दीन अंसारी

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**पंकज कुमार सिंह**

अति पिछड़ा मुस्लिम फ्रंट के संस्थापक, संयोजक हेसामुद्दीन अंसारी ने दिनांक 2 दिसंबर 2024 को पटना श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल गांधी मैदान पटना में एक विशाल आयोजन करने जा रहे हैं जिसमें बिहार के कोने-कोने से अति पिछड़ा एवं पिछड़े समाज के अल्पसंख्यक जाति के लोग हजारों हजार की संख्या में इकट्ठा होने जा रहे हैं हिसामुद्दीन अंसारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा बताया कि आजादी के 77 वर्षों के बाद भी अति पिछड़ा समाज शैक्षिक व आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से सबसे निचले पायदान पर खड़े हैं और अपने हक अधिकार से वंचित हैं ऐसे समय में अति पिछड़ा वर्ग के सभी संवर्गीय जातियों का एकजुट होकर एक मंच से एकीकरण महा अभियान के बैनर तले अपने हक और अधिकार की लड़ाई का शुरूआत करते हैं, अतिपिछड़ा मुस्लिम फ्रंट के संस्थापक हेसामुद्दीन अंसारी ने बिहार के अति पिछड़ा जाति के सभी लोगों से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा तादाद में आकर इस महा अभियान के साथी बने और श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल गांधी मैदान पटना को भरने का काम करें,

# सीएचसी का सारण वरीय उपसमाहर्ता ने किया निरीक्षण



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**पंकज कुमार सिंह**

जिलाधिकारी सारण के आदेशानुसार वरीय उपसमाहर्ता रतन परवेज के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक का निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में कर्मियों की उपस्थिति की जांच, उपलब्ध दवाओं की जांच, पैथोलॉजी सुविधाओं आदि की जांच की गई। निरीक्षण के कक्ष में प्रभारी डॉ संजय कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार, डॉ चन्द्रशेखर सिंह, डॉ एस के विधार्थी, डॉ अनंत नारायण कश्यप,बीसीएम लव कुश कुमार, बीएमसी कुमुद रंजन समेत अन्य मौजूद रहें।

## कार और बाइक की टक्कर में मवेशी चिकित्सक पीएमसीएच पटना रेफर

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**पंकज कुमार सिंह**



मशरक के बंसोही में कार और बाइक की टक्कर में मवेशी चिकित्सक को गंभीर हालत में पटना पीएमसीएच रेफर कर दिए गए। घायल मशरक के कवलपुरा गांव निवासी स्व उमा सिंह के 50 वर्षीय पुत्र दिलीप सिंह हैं।। घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि बाइक से वे सिवान से मशरक आ रहें थें और कार मशरक से सिवान जा रहा था कि बसोंही में कार की बाइक में टक्कर हो गई। जिसमें गंभीर रूप से घायल बाइक सवार मवेशी चिकित्सक को इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां से पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

## शराब कारोबारी के खिलाफ चला अभियान , धंधेबाजों में हड़कंप



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**पंकज कुमार सिंह**

मशरक के ब्राहिमपुर,गंडामण,बली विशुनपुरा और जजौली गांव में अवैध शराब को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब और स्प्रीट को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब को लेकर थाना क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। वहीं आम लोगों से अपील किया कि शराब बंदी आप और हम मिलकर सफल बना सकतें हैं इसके लिए आपको गांवों में जागरूकता लानी होंगी कि शराब बुरी चीज है इसका सेवन मौत को गले लगाना है।

## जिला पदाधिकारी सिवान के मोबाइल नंबर पर 9109405800 नंबर से आयुक्त, सारण प्रमंडल छपरा के नाम से आया फर्जी कॉल

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

आज दिनांक 20 नवंबर 2024 को जिला पदाधिकारी सिवान के मोबाइल नंबर पर 9109405800 नंबर से आयुक्त सारण प्रमंडल, छपरा के नाम से फर्जी फोन कॉल एवं मैसेज आया। जिला पदाधिकारी के आयुक्त सारण प्रमंडल, छपरा से वार्ता करने पर ज्ञात हुआ की 91094 05800 से किया गया कॉल फर्जी है। अतः जिला पदाधिकारी ने सभी जिला वासियों को फर्जी कॉल से सावधान रहने हेतु सचेत किया है। साइबर अपराधी किसी बड़े अधिकारी के नाम से फर्जी कॉल कर साइबर अपराध/ वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए धमकी देने या निजी जानकारी चुराने की कोशिश करते हैं।

## अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों का मिलन समारोह सम्पन्न



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के पूसा स्थित धुबगामा में मिलन समारोह सह स्पॉट एडमिशन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्था के निदेशक पंकज कुमार सिंह ने किया। पूछे जाने पर रियांनया ग्रुप ऑफ कॉलेज एंड इंस्टीट्यूशन के निदेशक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मेरे संस्थान में एमबीबीएस, एमबीए, बीएड, एमसीए, एमएड, एलएलबी, डी फार्मा, पीजीडीएम , बीबीए / बीसीए आदि का कोर्स कराया जाता है। यहां बिहार के विभिन्न जिलों जैसे समस्तीपुर के अलावा रोहतास, सासाराम, देवघर, सहरसा, पूर्णियां, अररिया, फारबिसगंज, कटिहार, किशनगंज, भागलपुर, बेगूसराय, मुंगेर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर के छात्र एवं छात्राएं आते हैं और कोर्स पूर्ण करते हैं। उन्होंने बताया कि मेरा संस्था 13 वर्ष पुरानी है। यहां से बच्चे बी एड / डीएलएड की डिग्री प्राप्त कर होनहार बनकर शिक्षक बन रहे हैं।

# जिंदगी को बचाने के लिए रोटरी क्लब आफ सिवान संकल्प द्वारा सीपीआर प्रशिक्षण सत्र का किया आयोजन





**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- मेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टर किशोर झुनझुनवाला ने प्रीटीन पब्लिक स्कूल सभागार में दिया गया सीपीआर का प्रशिक्षण
- –प्रशिक्षण सत्र में पुलिसकर्मी, बैंककर्मी, स्कूल प्रतिनिधि और बच्चे रहें उपस्थित

**सीवानः–** बुधवार को खुरमाबाद स्थित प्रीटीन पब्लिक स्कूल के सभागार में रोटरी क्लब आफ सिवान संकल्प, रोटरी क्लब आफ पटना आर्यन और मेदांता हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में सीपीआर( कार्डियो पुलमोनरी रिस्टीयूशन ) प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मेदांता हॉस्पिटल के क्रिटिकल केयर के हेड डॉक्टर किशोर झुनझुनवाला ने सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। इस सत्र में पुलिसकर्मी, बैंककर्मी, प्रीटीन पब्लिक स्कूल सहित अन्य स्कूल के प्रतिनिधि, छात्र और रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया। वहीं रोटरी क्लब आफ पटना आर्यन व मेदांता हॉस्पिटल से आए आगत अतिथियों को अंगवस्त्र, मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टर किशोर झुनझुनवाला प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि हृदय रोग के शिकार लोगों को सुरक्षित रखने में सीपीआर एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच होता है। इसके माध्यम से कई लोगों की जिंदगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जब भी कोई अचेत व्यक्ति दिखे तो उसके पल्स को देखे उसके बाद उसे सीपीआर देते रहना चाहिए जब- तक कि उसके पास मेडिकल टीम मदद के लिए नहीं पहुंच जाती है। तीस तीस बार उसके लोवर स्टर्नम पर सीधे हाथ से दबाकर उसके मुंह में दो बार सांस देना चाहिए। यह प्रक्रिया मेडिकल टीम के पहुंचने तक चलती रहनी चाहिए।इससे कार्डिएक अरेस्ट के शिकार लोगों की जान बचाई जा सकती है।इस अवसर पर रोटरी क्लब आफ सिवान संकल्प के चार्टेड प्रेसिडेंट डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने कहा कि सभी लोग जिन्होंने सीपीआर का ट्रेनिंग लिया है वे दूसरों को भी इसके बारे में बताएं। सीपीआर के माध्यम से कई लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। रोटरी क्लब आफ सिवान संकल्प के चार्टेड सेक्रेटरी डाक्टर पंकज कुमार चौरसिया ने कहा कि वैसे सभी जो सामाजिक कार्य से जुड़े हो वैसे सभी समाजसेवियों को भी सीपीआर के बारे जानना चाहिए रोटरी क्लब आफ सिवान संकल्प के प्रेसिडेंट डॉक्टर प्रदीप कुमार ने कहा कि आज के दौर में सभी को सीपीआर का ट्रेनिंग लेना चाहिए। इस अवसर पर रोटरी क्लब पटना आर्यन के प्रेसिडेंट प्रवीण कुमार, वाइस प्रेसिडेंट अमर कुमार सिन्हा, रोटरीयन संतोष कुमार, संजीव कुमार, चार्टेड सेक्रेटरी डाक्टर पंकज कुमार चौरसिया, सेक्रेटरी राजीव रंजन, ट्रेजरार डाक्टर अजीत कुमार, प्रोग्राम डायरेक्टर डी लाल, डाक्टर सुमीत कुमार सिंह, डाक्टर पुनीत आर सिंह, शिक्षाविद् डॉक्टर गणेश दत्त पाठक, डॉक्टर पंकज कुमार गुप्ता, रोटरीयन अमरेन्द्र कुमार सिंह, रोटरीयन सुधीर पाठक, रोटरीयन भारत भूषण पांडेय, रोटरीयन अतुल श्रीवास्तव, रोटेरियन तबरेज आलम, रोटरीयन सोनू सहित काफी संख्या प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

# वारिसनगर में 315 शिक्षकों को दिया गया नियुक्ति पत्र

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के वारिसनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय वारिसनगर के परिसर में बुधवार को सैकड़ो शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया गया। प्रखंड परियोजना प्रबंधक मो आरिफ जमाल ने बताया की 392 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देना था। बुधवार को 315 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दे दिया गया है और शिक्षकों को दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया की प्रखंड से 31 शिक्षकों को जिला मुख्यालय में नियुक्ती पत्र दिया जाएगा। वही फर्जी सर्टिफिकेट के मामले मे दर्ज प्राथमिकी के आरोपी 5 शिक्षक को नियुक्ती पत्र नही दिया गया है। नियुक्ती पत्र प्राप्त करने वाले शिक्षक अपने ही विद्यालय में पुनः योगदान करेंगे। नियुक्ती पत्र बीपीएम मो आरिफ जमाल, लेखापाल पंकज कुमार, बीआरपी राजेश कुमार आदि ने शिक्षक - शिक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र दिया।

## वारिसनगर में 315 शिक्षकों को दिया गया नियुक्ति पत्र

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के वारिसनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय वारिसनगर के परिसर में बुधवार को सैकड़ो शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया गया। प्रखंड परियोजना प्रबंधक मो आरिफ जमाल ने बताया की 392 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देना था। बुधवार को 315 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दे दिया गया है और शिक्षकों को दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया की प्रखंड से 31 शिक्षकों को जिला मुख्यालय में नियुक्ती पत्र दिया जाएगा। वही फर्जी सर्टिफिकेट के मामले मे दर्ज प्राथमिकी के आरोपी 5 शिक्षक को नियुक्ती पत्र नही दिया गया है। नियुक्ती पत्र प्राप्त करने वाले शिक्षक अपने ही विद्यालय में पुनः योगदान करेंगे। नियुक्ती पत्र बीपीएम मो आरिफ जमाल, लेखापाल पंकज कुमार, बीआरपी राजेश कुमार आदि ने शिक्षक - शिक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र दिया।

विद्यालय में पुनः योगदान करेंगे। नियुक्ती पत्र बीपीएम मो आरिफ जमाल, लेखापाल पंकज कुमार, बीआरपी राजेश कुमार आदि ने शिक्षक - शिक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र दिया।

# महिन्द्रा एक्सयूवी में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**पंकज कुमार सिंह**

मशरक सिवान एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर चंदेश्वर मोड़ पर महिन्द्रा एक्सयूवी में 104 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो को गिरफ्तार किया।दारोगा कुंदन कुमार ने बताया कि उत्पाद इंस्पेक्टर सुनिल कुमार के आदेशानुसार गुप्त सूचना के आधार पर दारोगा मंजीत साव और दल बल के साथ यूपी होकर सिवान की तरफ से आ रही महिन्द्रा एक्सयूवी को जांच के लिए रोका गया। जांच पड़ताल के दौरान एक्सयूवी में 104 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दरभंगा के हायघाट थाना क्षेत्र के मोकरीडीह निवासी रणवीर दास पिता इन्द्रसेन दास और धोबोपुर बंसारा निवासी राहुल यादव पिता स्व शम्भू यादव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनो ने बताया कि शराब हरियाणा से समस्तीपुर ले जाई जा रही थी। अंग्रेजी शराब बैकलाइट और टायर स्टेपनी में छुपाकर ले जाई जा रही थी।

# प्रभारी डीएम ने सदर अस्पताल, का औचक निरीक्षण किया




**मो. सदरे आलम नोमानी**

**सीतामढ़ीः** प्रभारी जिलाधिकारी मनन राम के द्वारा सदर अस्पताल का निरीक्षण किया गया।संबंधित सभी अस्पतालों में निरीक्षण के क्रम में चिकित्सकों एवं कर्मियों की उपस्थिति की जांच की गई।साथ ही ओपीडी/ आईपीडी में उपस्थित मरीजों एवं उनके अटेंडेंट से फीडबैक प्राप्त किया गया।पदाधिकारियों द्वारा सभी संबद्ध अस्पतालों में जांच के क्रम में दवा की उपलब्धता की स्थिति, दवा भंडारण की व्यवस्था की भी जांच करने के साथ पैथोलॉजिकल सेवाओं की सुविधा इत्यादि के बारे में जानकारी ली गई। प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी वरीय पदाधिकारी अपने आवंटित प्रखंडों में अवस्थित अस्पतालों का जांच कर निरीक्षण प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।इस संबंध में प्रभारी जिलाधिकारी श्री मनन राम ने बताया कि सरकार के निर्देश के आलोक में जिले में अवस्थित विभिन्न अस्पतालों का निरीक्षण किया गया है।उन्होंने बताया कि आगे आने वाले दिनों में भी नियमित रूप से सदर अस्पताल सहित सभी अनुमंडलीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं पीएचसी का निरीक्षण किया जाएगा।उन्होंने स्पष्ट कहा है कि सभी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं आम पब्लिक के लिए उपलब्ध हो सके इस बाबत जिला प्रशासन द्वारा पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है।

# 24 को पटना में जमीयत सम्मेलन को सफल बनाएं : सदरे आलम नौमानी/अशरफ अली





**जसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**अनवार नौमानी**

**सीतामढी :** जमीयत उलेमा बिहार के तत्वाधान में रविवार 24 नवंबर 2024 को सुबह 10 बजे से 2बजे दिन तक भारतीय संविधान की रक्षा एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन गांधी मैदान, पटना के निकट बापू सभागर में अमीरुल हिन्द हजरत मौलाना सैयद अरशद मदनी अध्यक्ष जमीयत उलमा हिंद की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी , जमीयत उलेमा जिला सीतामढ़ी के पूर्व अध्यक्ष मौलाना मुहम्मद सदरे आलम नोमानी और महासचिव अशरफ अली ने संयुक्त रूप से मुसलमानों, खासकर मदरसा के शिक्षकों प्रबंधकों, राजनीतिक और सामाजिक कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में इस महाधिवेशन में शामिल होने की अपील की हे , मुसलमानोंसे इस महाधिवेशन को सफल बनाने के लिए मौलाना नौमानी और अशरफ अली ने कहा कि समय और परिस्थितियों को देखते हुए यह सम्मेलन बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में भाग लें और अपनी एकता का परिचय दें और अपनी चट्टानी एकता साबित करते हुए इस सम्मेलन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। मुसलमानों के लिए इस समय सबसे बड़ी समस्या यह है कि वक्फ कानून में कोई संशोधन नहीं हु और यह तभी संभव है जब हम इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में भाग लेंगे और सम्मेलन को सफल बनाएंगे।

# हंड्रेड बोल्ट गोल्ड मिनी डिस्ट्रिक्ट का 7 वर्ष, 9 वर्ष, 11 वर्ष से छोटे बच्चों का बैडमिंटन टूनार्मेंट संपन्न

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
मो.अबु बकर सिद्दीकी

हंड्रेड बोल्ट गोल्ड मिनी डिस्ट्रिक्ट का 7 वर्ष, 9 वर्ष, 11 वर्ष से छोटे बच्चों का बैडमिंटन टूनार्मेंट संपन्न। अंडर 11 वर्ग में बालक के आशीष धारी सिंह और बालिका की मनस्वी मायरा बनी विजेता। जबकि अंडर 9 के बालक के ऋषभ कुमार और दीक्षा बनी बालिका वर्ग की विजेता। अद्यांत गुप्ता जीता अंडर 7 बालक का खिताब।




मधुबनीः हंड्रेड बोल्ट गोल्ड मिनी डिस्ट्रिक्ट का बैडमिंटन टूनार्मेंट 2024 के कड़ी में जिला स्तर पर 7, 9 और 11 वर्ष से छोटे बालक और बालिका का आयोजन 20 नवंबर 2024 को मधुबनी में संपन्न हुआ। जिले में तीसरी बार इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंडर 11 वर्ग में बालक के आशीष धारी सिंह और बालिका की मनस्वी मायरा विजेता हुई। जबकि अंडर 9 के बालक के ऋषभ कुमार और दीक्षा बालिका वर्ग की विजेता बनी। वहीं अद्यांत गुप्ता ने अंडर 7 बालक का खिताब जीता। इस जिला स्तर के कड़ी के सभी विजेता, उपविजेता सहित सेमीफाइनलिस्ट राज्य स्तरीय चैंपियशिप में 22 नवंबर से 24 नवंबर तक पटना में जीत के लिए जोड़ आजमाईश करेंगे।20 नवंबर 2024 को मधुबनी डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वाधान में और बिहार बैडमिंटन एसोसिएशन के सहयोग से हंड्रेड बोल्ट गोल्ड मिनी डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन टूनार्मेंट 2024 मधुबनी के वाटसन उच्च विद्यालय के प्रांगण स्थित बैडमिंटन हॉल में संपन्न हुआ। मधुबनी जिला बैडमिंटन संघ, मधुबनी के तत्वावधान में आयोजित इस टैलेंट हंट कार्निवाल कार्यक्रम के तहत अंडर-7 के लिये क्लास 2 तक के छात्र/छात्रा, अंडर-9 के लिये क्लास 4 तक के छात्र/छात्रा, अंडर-11 के लिये क्लास 6 तक के छात्र/छात्रा ने भाग लिया। टूनार्मेंट के सभी चक्र, सेमीफाइनल और फाइनल मैच बुधवार 20 नवंबर 2024 को वाटसन उच्च विद्यालय के प्रांगण स्थित बैडमिंटन हॉल में सुबह 11 बजे से खेले गए।अंडर 11 बालक वर्ग में तीसरे वर्ष गत वर्ष (2023) के उपविजेता एकलव्य के आशीष धारी सिंह ने 21/18, 21/18 से क्रिएटिव पब्लिक स्कूल के राज पंजीयार हराकर 2024 का खिताब जीता। जबकि अंडर 11 बालक वर्ग में तीसरे स्थान पर इंडियन पब्लिक स्कूल के सकलैन बाबू और चौथे स्थान पर पोल स्टार के रुद्र प्रताप सिंह रहे। वहीं की भी अंडर 11 बालिका वर्ग के गत वर्ष (2023) की उपविजेता डॉन बॉस्को स्कूल की मनस्वी मायरा इस वर्ष (2024) की विजेता बनी। अंडर 11 बालिका की उपविजेता पोल स्टार की आन्या बैरोलिया रही। जबकि अंडर 11 बालिका वर्ग में तीसरे स्थान पर पोल स्टार स्कूल की सर्वज्ञ कुमार झा और चौथे स्थान पर इंडियन पब्लिक स्कूल की समीक्षा रही। इस वर्ष अंडर 9 बालक वर्ग में इंडियन पब्लिक स्कूल के ऋषभ कुमार ने पोल स्टार के किस्लय शांडिल्य को हराकर खिताब अपने नाम किया। जबकि अंडर 9 बालिका वर्ग की विजेता दीक्षा कुमारी रही। वहीं अंडर 7 बालक वर्ग के विजेता अद्यांत गुप्ता बने।विजेता और उपविजेता को पुरस्कार वितरण करने के पश्चात सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला खेल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने कहा कि मैं विजेता और उपविजेता सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद और शुभकामना देता हूं। आगामी 22 नवंबर से पटना में राज्य स्तर पर इस टूनामेंट का भी आयोजन हो रहा है। विजेता और उपविजेता सहित सभी सेमीफाइनल खेलने वाले बच्चे पटना में भाग लें और वहां भी जिले का परचम लहरा कर आए। इसके लिए मैं सभी को अग्रिम बधाई और शुभकामना देना चाहता हूं।

# सिवान में शराबी पुत्र ने पिता को पीट पीट कर मार डाला

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद आरीफ**

सिवान 20 नवम्बर बुधवार। जिले के पचरूखी थाना क्षेत्र के पागुरकोठी गांव में पुत्र ने वृद्ध पीता को लाठी डंडे से पीट पीट गंभीर रुप से घायल कर दिया जिसे परिजनों ने सिवान सदर अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया जिन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक का नाम शिवजी सिंह है। शिवजी सिंह की पत्नी ने बताया की उनके दो बेटे है जिसमें छोटा पुत्र अमरजीत सिंह हमेशा शराब के नसे मे रहता है ।और मारपीट करता है। वह आज दरवाजे का लोहे का रॉड तोड़ कर कबाड़ी में बेचने जा रहा था। जिस पर पिता ने मना किया तो बिक्री करने वाले रॉड से पीटने लगा जिसे गंभीर रुप से घायल कर दिया। ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने पटना रेफर कर दिया जहां रास्ते में मृत्यू हो गई। वही पचरूखी थाना अध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया की मृतक के परिवार वालों के द्वारा आवेदन नही मिला है। आवेदन मिलते ही दोषी के ऊपर कारवाई की जाएगी।

## महाराजगंज में सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति की हुई शिनाख्त।

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
मोहम्मद आरीफ

सिवान महाराजगंज 20 नवम्बर बुधवार। थाना क्षेत्र में पोखरा पंचायत के बरौली मांझी रोड पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यू हो गई थी। सड़क हादसे में मृत व्यक्ति की पहचान महाराजगंज थाना क्षेत्र के रिसौरा गांव निवासी उत्तिम प्रसाद के पुत्र मुन्ना प्रसाद के रुप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क हादसे में घायल युवक मुन्ना प्रसाद को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से महाराजगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहा उपचार के क्रम मे मौत हो गई थी। जिसे स्थानीय ग्रामीण मृत छोड़ कर भाग गए थे। थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया की मृतक की पहचान उसके मोबाईल से की गई। जिसे पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंपा गया।

## मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के आलोक में जिला के सभी 386 पंचायत में एक साथ नल जल योजना का निरीक्षण



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के आलोक में जिला के सभी 386 पंचायत में एक साथ नल जल योजना का निरीक्षण जारी, वही जिले के सभी सरकारी अस्पतालों का भी वरीय अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण जारी । जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने स्वयं सदर अस्पताल मधुबनी का किया औचक निरीक्षण। अनुपस्थित टीबी वार्ड प्रभारी डॉक्टर गिरीन्द्र मोहन ठाकुर को किया स्पष्टीकरण।अस्पताल के सभी कमरों में ड्यूटी रोस्टर चार्ट चिपकाने का दिया निर्देश। नियमित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का दिया निर्देश।सभी प्रखंडों के वरीय अधिकारी भी अपने संबधित अस्पतालों का कर रहे है निरीक्षण।गौरतलब हो कि नल जल योजना जाँच को लेकर जिलाधिकारी ने 386 पदाधिकारी को निरीक्षण के लिए प्रतिनियुक्त किया है।-डीपीआरओ

## मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के अलोक में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र मधुबनी के द्वारा संचालित



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के अलोक में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र मधुबनी के द्वारा संचालित योजनाओं यथा बिहार स्टूडेंट काक्रेडिट कार्ड योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना के व्यापक प्रसार -प्रसार एवं काउंसलिंग कार्य आज ३ॅ५ल्लल्ल्ल्र्ॅ,रॅङ्ग१ द्र२१ उङ्क’ ी मधुबनी में किया गया। कार्यक्रम में 65 छत्राओ ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में उफ्ळउ टॅ्रैल्ल्र के सहायक प्रबंधक संत कुमार , कर्मी- राहुल कुमार (रहड) के द्वारा विस्तार योजना के लाभ सहित आवेदन की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी गई। उक्त जानकारी * *प्रबंधक, डीआरसीसी मधुबानी अखिलेश कुमार भारती ने दी।

## मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के आलोक में उद्धफ्ड परिमल कुमार ने जल नल योजना का निरीक्षणकिया

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**



मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के आलोक में उद्धफ्ड परिमल कुमार ने जल नल योजना का निरीक्षणकिया

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के आलोक में जिला के सभी एक साथ नल जल योजना का निरीक्षण जारी, वही जिले के सभी सरकारी अस्पतालों का भी वरीय अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण जारी । जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने स्वयं सदर अस्पताल मधुबनी का किया औचक निरीक्षण। अनुपस्थित टीबी वार्ड प्रभारी डॉक्टर गिरीन्द्र मोहन ठाकुर को किया स्पष्टीकरण।अस्पताल के सभी कमरों में ड्यूटी रोस्टर चार्ट चिपकाने का दिया निर्देश। नियमित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का दिया निर्देश।सभी प्रखंडों के वरीय अधिकारी भी अपने संबधित अस्पतालों का कर रहे है निरीक्षण।गौरतलब हो कि नल जल योजना जाँच को लेकर जिलाधिकारी ने 386 पदाधिकारी को निरीक्षण के लिए प्रतिनियुक्त किया है।-डीपीआरओ

# बिहार में छह माह में करोड़ों की ठगी

## रकम तीन गुना करने का झांसा देकर फरार हुई कंपनी



**मुंगेर ।** जमालपुर थानाक्षेत्र के दौलतपुर स्थित जॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने छह महीनों में निवेशकों से करीब 15 करोड़ रुपये की ठगी कर डाली। रकम तीन गुना करने का प्रलोभन देकर सैकड़ों लोगों से पैसे ऐंठने वाली यह कंपनी अब फरार हो चुकी है। मामले का खुलासा होने पर पुलिस और जनता दोनों हैरान हैं। जानकारी के मुताबिक, कंपनी ने जमालपुर के के.एस. कॉम्प्लेक्स में ऑफिस खोलकर अपनी गतिविधियां शुरू की थीं। निवेशकों से 1.31 लाख रुपये से लेकर 2.56 लाख रुपये तक प्रति आईडी निवेश कराए गए। कंपनी ने भारी रिटर्न और गिफ्ट का लालच देकर 100 से अधिक स्थानीय निवेशकों को अपने जाल में फंसा लिया। कई लोगों को फोर-व्हीलर और बाइक गिफ्ट दी गईं, जिससे और ज्यादा लोग कंपनी से जुड़ते चले गए। बताया जा रहा है कि सोमवार को निवेशकों ने कंपनी के ऑफिस पहुंचने पर ताला लगा पाया। पुलिस की जांच में सामने आया कि कंपनी के चेयरमैन जितेंद्र कुमार राजीव और अन्य अधिकारी फरार हो चुके हैं। कॉम्प्लेक्स के मालिक अरविंद ने भी बताया कि कंपनी ने चार महीने का किराया बाकी रखा है और उसने भी तिगुनी रकम के लालच में निवेश किया था। ठगी में स्थानीय लोगों की भी भूमिका उजागर हुई है। सारोबाग और नया टोला फुलका गांव के लोग कंपनी के एजेंट और अधिकारी के रूप में काम कर रहे थे। इन लोगों ने निवेशकों को मीठे वादे और ऊंचे ब्याज का झांसा देकर कंपनी में पैसा लगवाया। अब ये लोग खुद को निर्दोष साबित करने में जुटे हैं। जमालपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि कंपनी के खिलाफ 15 करोड़ रुपये की ठगी का मामला दर्ज किया गया है। ऑपरेटर पद पर कार्यरत धीरज को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस धोखाधड़ी में शामिल कोई भी व्यक्ति पुलिस की गिरफ्त से नहीं बचेगा। कंपनी के चेयरमैन जितेंद्र कुमार ने एचडीएफसी और बंधन बैंक में खाते खोल रखे थे, जिनमें निवेशकों के पैसे जमा किए जाते थे। पुलिस इन खातों की जांच कर रही है और अन्य दोषियों की पहचान में जुटी है।

## संक्षिप्त डायरी

### बिहार पुलिस लिखित परीक्षा में 120 स्टूडेंट ने मारी बाजी



**गोपालगंज ।** अलग-अलग जगहों के करीब 120 छात्र छात्राओं ने बिहार पुलिस के रिटेन परीक्षा में सफलता पाई। उनके इस सफलता को लेकर शहर के मिंज स्टेडियम के पास संचालित मार्गदर्शन कॉम्पटेटिव क्लासेस ने भव्य तरीके से सम्मान समारोह आयोजित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस दौरान सफल छात्र छात्राओं ने अपना अनुभव साझा करते हुए मार्गदर्शन परिवार के प्रति आभासी व्यक्त की। छात्र-छात्राओं ने कहा कि मार्गदर्शन के माध्यम से ही आज हम लोगों कुछ कर पाए है। यहां के कुशल शिक्षकों के बेहतर शिक्षा देने के कारण ही हम लोग महज ग्यारह माह में ही बिहार पुलिस का लिखित परीक्षा पास किए है। दरअसल, अगस्त के महीने संपन्न हुई बिहार पुलिस की लिखित परीक्षा में मार्गदर्शन परिवार के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मार्गदर्शन कॉम्पटेटिव क्लासेस, जो कि शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थानों में से एक है। संस्था के कुशल शिक्षकों और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों ने छात्रों को इस परीक्षा में सफल होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संस्थापक के निदेशक प्रभु ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ₹हमारे छात्रों की इस सफलता पर हमें गर्व है। यह उनकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। हम उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।₹ साथ ही उन्होंने कहा कि यहां से प्रत्येक साल भारी संख्या में छात्र छात्रा सफल हुए है। मार्गदर्शन हमेशा इसी तरह बच्चों के सपना को साकार करते रहेगा। इसको लेकर मार्गदर्शन परिवार ने एक समारोह का आयोजन किया, जिसमें सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया।

### सदर अस्पताल में दिखा हाई वोल्टेज ड्रामाः सहरसा में प्रसव कक्ष में घुसे नाबालिग के परिजन



**सहरसा।** सदर अस्पताल में एक हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला है। प्रेम प्रसंग मे एक अपहृत लड़की को पुलिस अभिरक्षा मे मेडिकल के लिए लाया गया और उसके परिजन पुलिस से छुड़ा कर अस्पताल के प्रसव कक्ष मे जबरन घुस गए। हांलाकि, लेवर रूम मे प्रसव करवा रही महिला डॉक्टर ने इस घटना पर नाराजगी जताई है। डॉक्टर ने सिविल सर्जन से इस बाबत शिकायत की है। दरअसल सिमरी बख्तियारपुर थाने मे पदस्थापित अवर निरीक्षक अनुपम कुमारी के एक प्रेम प्रसंग मे भागी लड़की को पकड़ने के बाद पुलिस अभिरक्षा में सहरसा सदर अस्पताल मेडिकल के लिए पहुंची। जहां लड़की के परिजनों ने पुलिस अभिरक्षा से छुड़ा कर ले जाने की कोशिश की। लड़की परिजन के डर से सहरसा सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष के लेबर रूम मे घुस गई। उसके परिजन भी पीछे उसे देख कर बेधड़क प्रसव कक्षा में घुस आये और हल्ला करने लगे। दूसरी तरफ प्रसव कक्ष के अंदर एक प्रसूता का प्रसव करवाया जा रहा था और प्रसव कक्ष के अंदर इस तरह का नजारा देख महिला डॉक्टर डॉ पल्लवी कुमारी के होश उड़ गए। वे ऑपरेशन छोड़कर बाहर निकल गयी। डॉ पल्लवी कुमारी ने कहा कि ऑपरेशन चल रहा था। ऐसे में अचानक प्रसव कक्ष के अंदर लड़की के परिजन पकड़ो मारो कहते हुए अंदर आ गए। इतने लोग को देख कर मैं दंग रह गयी। उन्होंने सवाल खड़े करते हुए कहा कि आखिर पुलिस प्रशासन के सामने ही इस तरह की हरकत पुलिस की लापरवाही की गवाही दे रहा है। उन्होंने जांच कर कार्रवाई की मांग की है। महिला डॉक्टर पल्लवी कुमारी ने इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सिविल सर्जन को दी। सहरसा सदर थाने के थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार मौके पर घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल पहुंच गए और मामला शांत किया जा सका। सहरसा सिविल सर्जन केके मिश्रा ने कहा कि मामला संज्ञान मे आया है और मामले मे जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## महिला सिपाही ने सार्जेंट पर लगाया यौन शोषण का आरोप

**मधेपुरा।** बिहार में एक महिला कांस्टेबल ने सार्जेंट पर यौन उत्पीड़न और भ्रूण हत्या का मामला दर्ज कराया है। महिला सिपाही ने आरोप लगाते हुए कहा कि सार्जेंट ने पिछले 10 महीने से शादी का प्रलोभन देकर बहुत बार मेरे साथ यौन शोषण किया। गर्भवती होने पर भ्रूण हत्या भी कराई। मामला मधेपुरा महिला थाना की है, जहां पदस्थापित एक महिला सिपाही ने उपस्कर शाखा में प्रतिनियुक्त रहे सार्जेंट पर यौन उत्पीड़न और भ्रूण हत्या का केस दर्ज कराया है। सिपाही ने महिला थाना में मामले को लेकर दो प्राथमिकी दर्ज कराया है। पहली प्राथमिकी 14 नवंबर को दर्ज की गई, जिसमें महिला सिपाही ने कहा कि पूर्व में वह एसपी कार्यालय में स्टिक ड्यूटी में थी। उस समय सार्जेंट प्रदीप कुमार उपस्कर शाखा के प्रभारी थे। उनका एसपी कार्यालय में आना-जाना लगा रहता था। इसी दौरान सार्जेंट ने उनके मोबाइल पर ड्यूटी से संबंधित बात मैसेज एवं कॉल कर पूछा करते थे। धीरे-धीरे नजदीकियां बढ़ने लगी। सार्जेंट उसकी खूब तारीफ करते थे और शादी का प्रलोभन भी देते थे। उनके झांसे में महिला सिपाही आ गई और उनसे बात करने लगी। प्राथमिकी में महिला सिपाही ने बताया कि सार्जेंट उन्हें मधेपुरा से बाहर दार्जिलिंग सिल्लीगुड़ी इत्यादि जगह साथ घुमाने भी ले गए थे। महिला सिपाही ने प्राथमिकी में बताया कि जब भी मैं शादी की बात कहती तो आरोपी सार्जेंट प्रदीप कुमार दूसरी जॉब करने के बाद शादी की बात कहने लगते थे। इसी तरह पिछले 10 महीना से वह शादी की बात को टाल रहे थे। एक महीना पूर्व पता चला कि वह किसी और लड़की से शादी कर रहे हैं।

## युवक की हत्या के नीयत से पहुंचे बदमाश की पिटाई

### सीतामढ़ी में कनपटी पर बंदूक तानते ही दबोचा, दूसरा बदमाश बाइक लेकर फरार





**सीतामढ़ी ।** बाजपट्टी में हत्या करने के नीयत से पहुंचे बदमाश की ग्रामीणों ने जमकर पिटाई की। हालांकि, इस दौरान दूसरा बदमाश फरार हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार बाजपट्टी थाना क्षेत्र के मधुरापुर में सोमवार की शाम बाइक सवार दो बदमाशों ने एक व्यक्ति पर पीछा कर उसके कनपटी पर बंदूक तान दिया। ग्रामीणों की उमड़ी भीड़ ने एक बदमाशों को दबोच लिया और जमकर धुनाई कर दी। जबकि दूसरा बदमाश बाइक लेकर भागने में सफल हो गया। पकड़े गए बदमाश की पहचान परिहार थाना क्षेत्र के रामपुर महुआइन गांव निवासी जंग बहादुर राय के रूप में की गई है। बताया गया कि दोनों बदमाश बाइक पर सवार होकर गन्नौर महतो की हत्या की नीयत से काफी दूर से पीछा कर रहे थे। जब गन्नौर महतो मधुरापुर चौक स्थित दुर्गा मंदिर पहुंचा तो बदमाशों ने उसके कनपट्टी पर बंदूक तान दी। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों की भीड़ ने एक बदमाश को दबोच लिया और जमकर धुनाई कर दी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष सरोज कुमार के अलावा अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से जख्मी बदमाश को लेकर इलाज को ले लिए स्थानीय सीएससी में भर्ती कराया गया। जहां स्थिति गंभीर देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया है। पुलिस अभिरक्षा में उसका इलाज जारी है। फिलहाल, उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। पकड़े गए बदमाश के पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। फिलहाल, पुलिस अन्य बिंदुओं पर पूछताछ कर रही है। घटना के संदर्भ में थानाध्यक्ष सरोज कुमार ने बताया कि भागने वाले की पहचान की जा रही है।

## भोजपुरः पिस्टल के साथ पांच बदमाश गिरफ्तार

### हाईवे पर सभी दोस्त मिलकर जन्मदिन मना रहे थे, फायरिंग के साथ रील भी बना रहे थे





**भोजपुर।** जिले के टाउन थाना क्षेत्र अन्तर्गत पटना-बक्सर हाईवे पर सिंगही मोड़ के समीप पुलिस ने छापेमारी कर अवैध हथियार का प्रदर्शन और फायरिंग कर जन्मदिन कि पार्टी मना रहे पांच बदमाशों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। साथ ही पकड़े गए बदमाशों के पास से एक देसी पिस्टल, पांच कारतूस, एक मैग्जीन और चार मोबाइल जब्त किया गया है।

घटनास्थल से एक खोखा भी मिला है। इसकी जानकारी भोजपुर एसपी राज ने दी। मामले में गौसगंज-गांगी निवासी अरूण कुमार, उनेश कुमार माली और रंजन कुमार सिंह के अलावा दो नाबालिगों को पकड़ा गया है।

पूर्व के आपराधिक इतिहास के बारे में पता किया जा रहा है। भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। एसपी के अनुसार गौसगंज-गांगी मोहल्ला के ही एक लड़के का रविवार को जन्मदिन था। देर शाम वह हाईवे किनारे सिंगही मोड़ के पास अपने दोस्तों के साथ जन्मदिन का पार्टी मना रहा था। पार्टी के दौरान पिस्टल से फायरिंग भी कर रहे थे। रील भी बना रहे थे। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष देव राज राय, सेक्टर पदाधिकारी प्रमोद कुमार और दारोगा सूरज कुमार समेत अन्य अफसरों ने सशस्त्र बल के साथ छापेमारी की। घेराबंदी कर हथियार का प्रदर्शन कर फायरिंग कर रहे पांचों दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।

तलाशी के दौरान एक देसी पिस्टल, पांच कारतूस, एक मैग्जीन, चार मोबाइल जब्त और नकद 60 रुपए बरामद किए गए। एसपी ने बताया कि हथियार लाइसेंसी हो या अवैध बेवजह शस्त्र का प्रदर्शन करना व फायरिंग करना अपराध की श्रेणी में आता है। इसे लेकर लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। सभी सेक्टर पदाधिकारी को लेकर अपने क्षेत्र में गश्त कर निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया है। इन दिनों कम उम्र के लड़कों में तेजी से भटकाव हो रहा है। सभी अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर ध्यान देने की जरूरत है। खासकर उसकी दोस्ती किस तरह के लड़कों के साथ है,यह भी अभिभावकों को जरूर देखना चाहिए। वरना गलत संगत के चक्कर में जेल भी जाना पड़ सकता है।

## कोईरी आक्रोश महारैली में शामिल होने की अपील



**सीवान ।** पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि पहुंचे। कोईरी आक्रोश महारैली का आयोजन किया जा रहा है। 23 फरवरी को पटना के गांधी मैदान में आयोजित होने वाले कोईरी आक्रोश महारैली में लोगों से भारी संख्या के साथ आने की अपील की गई। इस दौरान पूर्व मंत्री ने सीएम नीतीश कुमार पर भी जमकर हमला बोला। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जनगणना में कोईरी समाज को 12 प्रतिशत की जगह चार प्रतिशत दिखाया गया है। इससे कोईरी समाज को जलील किया जा रहा है। अपमान का बदला कोईरी समाज नीतीश सरकार से लेगी और आगामी चुनाव में करारा जवाब दिया जाएगा। जब भी आंदोलन हुआ है तब ही समाज से नेताओं को बाहर निकाला जाता है। उन्हें टिकट दिया जाता है। फिर से बड़ा आंदोलन होगा जिसके बाद ही सरकार क्षेत्र की वह इतनी बड़ी आबादी होने के बाद भी हमारे समाज से कम लोगों को टिकट दिया जाता है। इस मौके पर अन्य कोई समाज के नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इन्होंने इस महारैली में शामिल होने के लिए जनता से अपील की है। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार के खिलाफ लोगों में जबरदस्त गुस्सा है और यह गुस्सा आगामी विधानसभा चुनाव में देखने को भी मिल जाएगा।

## अपराध की साजिश रच रहा एक बदमाश अरेस्ट



**वैशाली ।** सदर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दिग्गी पूर्वी रेलवे ढाला के पास से देसी कट्टा, कारतूस, चोरी के मोटरसाइकिल के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश सदर और औद्योगिक क्षेत्र थाना में दो कांड में वांछित है। उसका आपराधिक इतिहास रहा है। एसपी हर किशोर राय ने बताया कि हंटर यादव बीते दिनों औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत राजपूत नगर में एक युवक को गोली मारने के मामले में शामिल था। उन्होंने बताया कि सदर थाना पुलिस ने रात्रि गश्ती के क्रम में आंबेडकर छात्रावास जाते समय एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति दिग्गी पूर्वी रेलवे ढाला के तरफ से आता हुआ दिखा। जो पुलिस वाहन को देखकर मोटरसाइकिल तेजी से घुमा कर भागने लगा। जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति का नाम पता पूछने पर बंटी कुमार उर्फ आर्यन राज उर्फ हंटर यादव, पिता सुनील राय, ग्राम दिग्गी खुर्द, थाना-सदर बताया। भागने का कारण पूछने पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। पकड़ाए व्यक्ति बंटी कुमार उर्फ आर्यन राज उर्फ हंटर यादव से तलाशी के क्रम कमर में खोसा हुआ एक लोडेड देसी कट्टा, जिसे अनलोड करने पर एक कारतूस और चोरी की एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद किया गया। बरामद आग्नेयास्त्र व मोटरसाइकिल के संबंध में वैध कागजात की मांग किया गया, तो उसने कोई भी कागजात नहीं दिया। ना ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया। गिरफ्तार बदमाश हंटर यादव से जब कड़ाई से पूछताछ किया गया, तो उसके बताया गया कि राहगीरों से छिनतई करने के उद्देश्य से वह घूम रहा था।

## झारखंड कभी जीत क्यों नहीं सके लालू-नीतीश

### हाथ-पांव खूब मारे, फिर भी बढ़ने के बजाए नीचे क्यों आए, इस बार तो नीतीश गए भी नहीं

ह्यडेमोग्राफी चेंज की बात करते हैं। इन्हें रांची से शुरू करना चाहिए। रांची में जो डेमोग्राफी बदली है, और यहां के मूल निवासी आदिवासी कालीन में जैसे गंदगी को समेटा जाता है, धूल को कालीन के नीचे ढक दिया जाता है, उस तरह से इन लोगों ने यहां के आदिवासीझ्रमूलनिवासी को कहीं कोना, खोमचा, झुग्गियों में ढकेल के रख दिया है। यहां डेमोग्राफी चेंज की बात क्यों नहीं करते। रामगढ़ में आज मुखिया कौन बनता है, बिहारी लोग बनते हैं, बिहार से आते हैं। ये सब चीजें इन्हें नहीं दिखतीं। इसके बारे में बात करनी चाहिए। इसके बाद हम संथाल के बारे में भी बात करेंगे। झारखंड की डेमोग्राफी पूरी तब बदली है, जब ये लोग सबसे ज्यादा समय सत्ता में थे। इसी साल जुलाई महीने में कांग्रेस विधायक शिल्पी तिर्की के इस बयान के बाद हंगामा मच गया। कांग्रेस पार्टी ने खुद को उनके बयान से अलग कर लिया। खैर, शिल्पी के बयान से आगे बढ़ते हैं और यह समझने की कोशिश करते हैं कि 15 नवंबर 2000 में बिहार के 18 जिलों से अलग होकर देश का 28वां राज्य बना झारखंड क्या वाकई में अब तक बिहार की छाया में है, या कभी बिहार की छाया में रहा ही नहीं! 2011 की जनगणना बताती है कि, बिहार के 14 फीसदी से ज्यादा लोग झारखंड में बस गए। रांची के सीनियर जर्नलिस्ट आनंद कुमार कहते हैं, ह्य2009 के बाद यहां बिहार की क्षेत्रीय पार्टियों का अस्तित्व लगभग खत्म हो गया। अब झारखंड की अस्मिता का भाव प्रबल है। बाहरी लोगों को मूलनिवासी पसंद नहीं कर रहे। अब जो पचास साल से यहीं रह रहे हैं, जिनके सामने झारखंड बना है, वो तो बिहारी कहलाएंगे नहीं। वो तो झारखंडी ही हो गए। झारखंड में



खनिज संपदा है। बड़े पैमाने पर वहां फैक्ट्रियां लगीं। पहले के वक्त में आदिवासी नौकरी करने के बजाए खेतीझ्रबाड़ी ज्यादा करते थे। इसलिए मजदूरों की किल्लत थे। ऐसे में बिहार और कई दूसरे राज्यों के तमाम लोग नौकरी के लिए झारखंड पहुंचे, फिर वहीं बस गए। बिहार की राजनीतिक पार्टियां इसी इक्वेशन का फायदा लेना चाहती हैं। पार्टियों अपना दायरा बढ़ाना चाहती हैं, लेकिन झारखंड ने बिहार की पार्टियों को कभी भी स्वीकार नहीं किया। इन पार्टियों का झारखंड में कितना प्रभाव है, उसे आंकड़ों से भी समझा जा सकता है। 2005 में नीतीश कुमार की जदयू 18 सीटों पर चुनाव लड़ी और 6 सीटें जीती। 4 फीसदी वोट मिले। इसी तरह लालू यादव की आरजेडी 48 सीटों पर चुनाव लड़ी और 5 सीटें जीती। 8 फीसदी वोट मिले। 2009 में जदयू 14 सीटों पर चुनाव लड़कर 2 सीटें ही जीत पाई। 2.8 फीसदी वोट मिले। आरजेडी 55 सीटों पर लड़कर 5 सीटें जीत पाई और 5.1 फीसदी वोट मिले। 2014 में जदयू 4 सीटों पर लड़ी। एक भी सीट नहीं जीती। 0.8 फीसदी वोट मिले। वहीं राजद 15 सीटों पर चुनाव लड़ी। एक भी सीट नहीं जीती। 2.9% फीसदी वोट मिले। 2019 में जदयू 45 सीटों पर लड़ी। एक भी सीट नहीं जीती। 0.7 फीसदी वोट मिले। राजद 7 सीटों पर लड़ी। एक सीट जीती। 6.6 फीसदी चोट मिले। इस बार भी जदयू ने जिन सरयू राय को जमशेदपुर से टिकट दिया है, उनका व्यक्तिगत प्रभाव अपने क्षेत्र में पार्टी से बड़ा है। इसी तरह दूसरा टिकट राजा पीटर को दिया गया है। इन्होंने 2009 में शिबू सोरेन को सीएम रहते हुए उपचुनाव में मात दे दी थी। ऐसे में ये दोनों नेता चुनाव जीतते हैं तो इसमें पार्टी की भूमिका कम और इनकी भूमिका ज्यादा रहेगी। हारेंगे, तब भी यही रहेगा। कुछ ऐसा ही हाल आरजेडी का भी है। पटना के सीनियर जर्नलिस्ट कहते हैं, बिहार और झारखंड कभी एक थे ही नहीं। तभी तो नया राज्य बना। झारखंड बिहार से काफी आगे नजर आता है। बिहार की क्षेत्रीय पार्टियां खुद के एक्सपेंशन के लिए झारखंड में हाथ-पांव मारती रहती हैं, लेकिन कुछ बड़ा कर नहीं पातीं। जेडीयू दो से तीन, आरजेडी पांच से छ सीटों पर फाइट दे देती है या जीत जाती है, बस इतना ही है। सीनियर जर्नलिस्ट आगे कहते हैं कि ह्यबिहार की पार्टियों का बिहार के अलावा कहीं बेस नजर नहीं आता। न यूपी, न झारखंड। ये लोग लड़ने तो मणिपुर तक जाते हैं, लेकिन कहीं कोई बेस नहीं है। झारखंड की युवा आबादी अब जाति की राजनीति से आगे आकर रोजगार-विकास की राजनीति पसंद कर रही है।

# अनुप्रिया एएसपी से बोलीं: गुंडई बर्दाश्त नहीं

## आपके पास 2 घंटे हैं, वरना योगी से शिकायत करूंगी, घायल कार्यकर्ता से मिलने मिजार्पुर आई थीं

**मिर्जापुर।** 'पौने 4 बज रहे हैं, 6 बजे तक हमें रिपोर्ट चाहिए..इस केस में क्या हो रहा है। आप लोग कुछ नहीं करेंगे तो फिर देखिए मैं क्या करती हूं? ये गुंडागर्दी जो हो रही है न, ये कार्यकताओं के घर में घुसकर मारा जा रहा है, बच्चियों को उठाया जा रहा, ये सब नहीं चल पाएगा, बर्दाश्त नहीं करूंगी।' यह बात केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कही। मिजार्पुर पहुंचीं अनुप्रिया काफी गुस्से में दिखीं। एएसपी नितेश सिंह को उन्होंने मौके पर बुलाया। कार्यकर्ता के बेड के बगल में बैठकर एसपी सिटी से कहा- आप तो और महान हैं, आप तो अब आ रहे हैं। बढ़िया ट्रीटमेंट करवाओ इनका। आप लोगों को जो एक्शन करना है वो करिए, 6 बजे तक का आपको मैं टाइम दे रही हूं। इतना गंदा एटीट्यूड है न आप लोगों





का, मतलब मुझे आना पड़ रहा है यहां। इसमें तो आपको खुद ऑन-द-स्पॉट एक्टिव हो जाना चाहिए था। जानकारी होने के बाद आप लोग सो रहे थे..सेम फुल। अनुप्रिया पटेल की इस नाराजगी का वीडियो भी सामने आया है। मामला मिजार्पुर के विंध्याचल थाना क्षेत्र के कुरौठी पांडेय गांव का है। यहां रहने वाले अजय पटेल खेतीबाड़ी करते हैं। साथ ही अपना दल के कार्यकर्ता भी हैं। उनके परिवार वालों ने बताया कि सोमवार देर शाम गांव के कुछ दबंग उनके घर में घुस आए। वो उनके घर में बैठकर शराब पीने लगे। विरोध करने पर पहले तो वो लोग चले गए, लेकिन बाद में फिर से घर में घुस आए। गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। उन्होंने अजय पटेल के सिर पर लाठी मारी और उनकी पत्नी को भी खूब पीटा। दोनों को मार-मारकर अधमरा कर दिया। फिर नाबालिग बेटी को जबरन खींचकर ले जाने लगे। इस बीच परिवार वालों की चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। गांव के लोगों ने ही सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस को भी पूरे मामले की सूचना दी गई, लेकिन पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। इस मामले की जानकारी होने पर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल घायल पार्टी कार्यकर्ता और उसके परिवार वालों से मिलने मिजार्पुर के मंडलीय अस्पताल पहुंचीं। इस दौरान घायल कार्यकर्ता की पुलिस के सुनवाई न करने पर भड़क गईं। जहां पर परिवार के लोगों ने मंत्री को बताया कि घटना को एक दिन बीत चुका है, लेकिन पुलिस उनकी कोई मदद नहीं कर रही। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने चेतावनी देते हुए कहा- वो हमारी पार्टी का कार्यकर्ता है। यह विंध्याचल थाना क्षेत्र का मामला है। कार्यकर्ता के साथ घर में घुसकर मारपीट हुई है। बेटी को जबरन ले जाने की कोशिश की गई। पिता ने विरोध किया तो मार-मारकर उसका सिर फोड़ दिया। मां की हड्डी-पसली तोड़ दी। इतने बुरे हालात हैं। इतनी शर्मनाक बात है कि हमारी पुलिस सो रही है। हमारे यूपी और देश की सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। बहू-बेटियों के साथ हम कोई भी गलत काम बर्दाश्त नहीं करेंगे। मैंने निर्देश दिया है, दो घंटे का समय दिया है। अगर एक्शन नहीं हुआ, तो सीधे ये मामला सीएम तक जाएगा।

## धर्म की विजय के लिए भगवान लेते हैं अवतार: अतुल कृष्ण भारद्वाज



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** जब-जब धरती पर अधर्म का बोलबाला होता है, तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेते हैं। भगवान को पाने का मार्ग केवल सच्चे मन की भक्ति है। राम कथा में श्रीधाम वृन्दावन से पधारे मानस मर्मज्ञ अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने फाजिलनगर के अमवा श्री दूबे में हो रहे श्री रुद्र महायज्ञ के दौरान कहा कि भगवान हर जगह विद्यमान हैं और भक्त के प्रेम के वशीभूत होकर प्रकट होते हैं। उन्होंने बताया कि धर्म एकजुटता का भाव पैदा करता है, जबकि सम्प्रदाय व्यक्ति को बाहरी रूप से सीमित करता है। ईश्वर के अवतार अधर्म का नाश और धर्म की रक्षा करते हैं। त्रेता युग में भगवान राम ने अयोध्या में और द्वापर युग में भगवान कृष्ण ने मथुरा में अवतार लेकर असुरों का नाश किया। श्री भारद्वाज ने युवाओं की पाश्चात्य सभ्यता की ओर झुकाव पर चिंता जताई और माताओं से अपील की कि वे गर्भावस्था में भगवान का सुमिरन करें और सात्विक जीवन अपनाएं। भगवान राम के जन्म की कथा के दौरान जैसे ही भजन गाया गया, पंडाल राममय हो गया और श्रोता झूम उठे, मानो भगवान का जन्म साक्षात हुआ हो।कथा का शुभारम्भ व्यास गद्दी का पूजन-अर्चन कर भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष डा.कन्हैया शर्मा व स्वतंत्रता सेनानी आश्रित संगठन के जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र ऊर्फ इंदू उपाध्याय ने कराया।

इस दौरान काशी से पधारे यज्ञाचार्य पंडित त्रिभुवन पाण्डेय, मुख्य यजमान सोनी देवी हिरण्यगर्भ द्विवेदी पंकज, सुभावती देवी जीतन गौड़, सुशीला देवी चित्रसेन द्विवेदी, सोनम देवी महेश द्विवेदी, आरती देवी विनोद यादव, सुमित्रा देवी अशर्फी गुप्ता, अंजनी देवी जगदीश गुप्ता, गीता देवी रविन्द्र गुप्ता,रीता देवी गुड्डू दूबे, बिट्टू देवी गोविंद दूबे, विद्यावती देवी रामलखन प्रजापति, ज्ञानेश्वर द्विवेदी दीपक, मनोज द्विवेदी, हृषिकेश द्विवेदी, उपेंद्र द्विवेदी, सुरेश उपाध्याय समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### नेता विरोधी दल विधान परिषद पहुंचे खोहिया

# पूर्व प्रधान के निधन पर जताया शोक

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से आम जनता नाराज है। हो रहे उपचुनाव में सपा सभी नौ सीटें जीतेगी। यह चुनाव 2027 में उत्तर प्रदेश की दशा, दिशा तय करेगा और जनता विकास के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है। मंगलवार की शाम को नेता विरोधी दल विधान परिषद उत्तर प्रदेश लाल बिहारी यादव कसया विकास खण्ड के ग्राम सिरसिया खोहिया बजरकरैया पहुंचे थे। जहां उन्होंने सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरन्दर प्रताप यादव की माता पूर्व प्रधान



सँवारी देवी के निधन पर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। नेता विरोधी दल विधान परिषद श्री यादव कहा कि उपचुनाव में देखा गया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सभा में जितनी भीड़ देखने को मिली। उससे यह साफ हो रहा था कि सपा सभी सीटें जीतेगी। मुख्यमंत्री योगी व उनके मन्त्रियों की सभा को लेकर कोई उत्साह जनता में नहीं दिखा। महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी को लेकर किसान, मजदूर, नौजवान, बेरोजगार, व्यापारी हर वर्ग विरोध में खड़ा है। नौ सीटों का उपचुनाव 2027 के चुनाव का स्तम्भ बनेगा। श्री यादव ने सपा पदाधिकारियो को आम जन के दुःख, सुख में भागिदार बनने की नसीहत दी। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी, पूर्व एमएलसी राम अवध यादव, राजेश प्रताप राव, प्रदेश कार्यकरणी सदस्य चंद्रजीत यादव, डॉ परशुराम पटेल, कैंसर जमाल टीटू, राजीव यादव एडवोकेट, विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र यादव, विजय यादव, विजेंद्र प्रताप यादव, देवेन्द्र प्रताप यादव, राम नरेश पटेल, महेंद्र सिंह, राम गुलाब यादव, रमेश यादव, ओमप्रकाश यादव, भोला यादव, आस मोहम्मद, महेश यादव, रामपत कुशवाहा, राम आशीष सिंह, सुदर्शन यादव, गोंविन्द यादव सहित भारी संख्या में सपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गांव की लाडली बनी सिने जगत की छोरी

## माडलिंग और पत्रकारिता की पढ़ाई के बाद फिल्म नायिका बनी रचना सिंह यदुवंशी



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** रचना सिंह यदुवंशी एक ऐसा नाम है जो आजकल भोजपुरी फिल्म जगत में एक मुकाम हासिल कर आए दिन फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त रहने लगी है। माडलिंग के बाद दिल्ली से पत्रकारिता की पढ़ाई कर फिल्मी दुनिया में कदम रखने वाली रचना सिंह यदुवंशी में कला की बारीकियां कूट कूट कर भरी हुई है, यही वजह है कि जो फिल्म निर्देशक एक बार रचना के अभिनय को देख लेता है वो आगे की फिल्मों में




भी इन्हे सलेक्ट कर लेता है। सभ्य शुशील और सज्जन स्वभाव की यह बाला उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले की जमनिया तहसील अंतर्गत ग्राम फुल्ली (शेरपुर) की जन्मी है जो आजकल मुंबई में अपना आशियाना बना कर रहती है। पिछले दिनों कुशीनगर में शकुंतला नामक भोजपुरी फिल्म की शूटिंग के दौरान रचना सिंह यदुवंशी से एक मुलाकात हुई। रचना पढ़ी लिखी एक होनहार जज्बे वाली लड़की है, अति मृदुभाषी रचना बताती है कि उसे बचपन में टीवी या सिनेमा के परदे पर दिखने का बहुत शौक था जो हमें यहां तक खीच लाया, मिस काशी, मिस यूपी और मिस इंडिया मोस्ट पापुलर के खिताब से नवाजी जा चुकी रचना में घमंड नाम का कोई चीज नहीं ये शूटिंग स्थल पर बिलकुल साधारण स्वभाव में रहती हैं। फिल्म शकुंतला की चल रही शूटिंग में ये मुख्य नायक प्रिंस सिंह राजपूत की भाभी के रूप में जोरदार अभिनय कर रही हैं।

## समलैंगिक संबंध को बचाने के लिए किया बच्ची का अपहरण



**लखनऊ ।** पारा में समलैंगिक संबंध बचाने के लिए 6 साल की बच्ची के अपहरण का मामला सामने आया। एक महिला ने 6 साल की बच्ची की गायब होने की शिकायत पारा थाने में दर्ज कराई थी। हसीना नाम की महिला पर बच्ची को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने बच्ची को 24 घंटे के अंदर कृष्णा नगर इलाके से बरामद कर लिया। जानकारी के मुताबिक आश्रयहीन कालोनी की रहने वाली रन्नो देवी की 6 साल की बेटी रविवार को सुबह 8:30 बजे दुकान पर नमकीन लेने गई थी। वहां से हसीना ने उसको किडनैप कर लिया और अपने साथ ले गई। पुलिस ने सोमवार सुबह हसीना को गिरफ्तार किया और बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में हसीना ने बताया कि वो मूल रुप से पाकुर झारखंड की रहने वाली है। उसके रन्नो के साथ समलैंगिक संबंध थे। 6 साल से दोनों साथ रह रही थीं। हसीना मजदूरी करके कमाने जाती थी जबकि रन्नो घर का काम देखती थी। रन्नो की दो शादियां पहले हो चुकी हैं। हसीना का पति उसे छोड़ चुका है। दोनों की मुलाकात हुई तो साथ रहने का फैसला कर लिया। कुछ दिन पहले रन्नो ने किसी अन्य व्यक्ति से शादी करने की बात हसीना के सामने रखी।

# रोडवेज बस-ट्रक की टक्कर, दोनों ड्राइवरों की मौत

**कानपुर ।** घाटमपुर में रोडवेज बस और ट्रक की आमने -सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ड्राइवरों की मौत हो गई। वहीं बस में बैठे कई यात्री घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर गंभीर घायलों को कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। प्रशासन ने गैस कटर से सीट काटकर फंसे यात्रियों का बाहर निकाला। करीब तीन घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला। सूचना मिलते ही घाटमपुर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने ग्रामीणों की मदद से रोडवेज बस में फंसे हुए यात्री और



ट्रक ड्राइवर को निकालने का प्रयास शुरू किया। लेकिन डेढ़ घंटे बीतने के बाद भी नहीं निकाल पाए। इसके बाद प्रशासन ने गैस कटर से रोडवेज बस की सीट काटकर फंसे यात्री को बाहर निकाला, इसके बाद ट्रक ड्राइवर को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने ट्रक चालक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कानपुर के घाटमपुर थाना क्षेत्र के कानपुर-सागर हाइवे पर स्थित चीनी मील मोड के पास कानपुर से राठ जा रही राठ डिपो की रोडवेज बस और ट्रक की आमने -सामने भिडंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी, कि बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सभी यात्री बस से बाहर निकलने का प्रयास करने लगे। हादसे में बस में दो यात्री फंस गए। दो की मौत हो गई। इस घटना के बाद रोड पर काफी भीड़ हो गई। पुलिस रास्ते को सामान्य करने का प्रयास कर रही है। राहगीरों ने घटना की सूचना घाटमपुर पुलिस को फोन कर दी। जानकारी मिलते घाटमपुर पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से घायलों को एंबुलेंस द्वारा घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर घायलों को कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते कानपुर एडीएम एफआर राकेश कुमार और डीसीपी ट्रैफिक अंजली विश्वकर्मा घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बस के परिचालक आत्माराम से घटना की जानकारी जुटाई है।

# सपा नेता राजेश प्रताप राव के नेतृत्व में मुआवजे के लिए किसानों ने दिया ज्ञापन

**संवाददाता**

कसया, कुशीनगर। तहसील क्षेत्र के तुर्कवालिया दरियाव सिंह, बकनहा, आहिरौली राजा, खड्डा में सड़क निर्माण के लिए ली गयी जमींन के प्रभावित किसानों ने सपा के वरिष्ठ नेता राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी राव के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी कसया को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर मुआवजे की मांग की। मंगलवार को सड़क निर्माण के लिए ली गयी जमीन के प्रभावित किसान कसया तहसील पहुंचे और सपा के वरिष्ठ नेता राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी राव के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सपा नेता श्री राव ने कहा कि सपा किसानों के साथ है। सड़क निर्माण में जो किसान प्रभावित हो रहे हैं। उन किसानों की जमींन का मुआवजा सरकार द्वारा दिया जाय। किसानों ने कहा कि बाड़ीपुल चौराहा से आहिरौली बाजार जाने



वाली सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क 20 कड़ी की चौड़ाई में एक दशक पूर्व चकमार्ग की जमीन पर निर्मित है। मौके पर बनी सड़क सरकारी कागजात में अंकित जमींन से चौड़ाइ अधिक है। जिसका मुआवजा भी नहीं मिला। अब सड़क के शुद्धिकरण व चौड़ीकरण कार्य में सड़क की चौड़ाई बढ़ाये जाने से तमाम असहाय गरीब किसानों की भूमि प्रभावित है।

प्रार्थीगण काफी गरीब हैं, खेती कम है और जमींन देने को इच्छुक नहीं है। प्रभावितों ने कहा कि सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए 20 कड़ी के बाद ली गयी जमींन का उचित मुआवजा दिलाया जाय। इस दौरान प्रसून जायसवाल, विजय कांत मिश्रा, मेहदी हसन, मुईज्जम हुसैन, सुरेश, उस्मान अंसारी, अजय शर्मा, तेज बहादुर, भूपेंद्र वर्मा, राजेश्वर, राजेन्द्र, तीर्थराज, उपेंद्र तिवारी, हसन अंसारी, मुलाजिम अंसारी, शारदा यादव, जगदीश कुशवाहा, चोकट, निजामुद्दीन, राजेन्द्र तिवारी, हिमांशु तिवारी, राजकुमार गुप्ता, कमलेश सहित सैकड़ों प्रभावित किसान मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### देव दीपावली पर पंच दिवसीय अनुष्ठान सम्पन्न



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर अन्तर्गत बुद्धा घाट पर स्थित रामाभार माता भगवती मन्दिर में देव दीपावली के उपलक्ष्य में पंच दिवसीय अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। भगवती मन्दिर में विद्वान आचार्यगण द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन अर्चन किया। मंगलवार को विद्वान आचार्य सच्चिदानंद शास्त्री, पंडित तारकेश्वर पाण्डेय व आचार्यगण ने विधि विधान से दुर्गा सप्तसती का सस्वर पाठ किया और पूजन किया। इसके पश्चात शिव स्तुति की गई। आचार्य श्री शास्त्री ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर भगवान शिव असुर त्रिपुरासुर का बध कर देवताओं की रक्षा की थी। खुशी में देवताओं ने धरती पर आकर देव दीपावली मनाई जो देव दीपावली के रूप में मनाया जाता है। वाराणसी में दीपोत्सव की परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है। अंत में शंख ध्वनि, घण्टा के साथ माता भगवती की आरती उतारी गई और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संदीप मिश्रा, अम्बरीष, राजन, अंकित, यजमान ब्यूटी, लक्की, चाहत, गोल्डी सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

### फिल्मों में स्थापित मां साबित हो रही हैं निसात सिरीन





**संवाददाता**

कुशीनगर। निसात सिरीन एक ऐसा नाम है कि जिन्हें फिल्म वाली मां के रूप में लोग जानते हैं, हिंदी भोजपुरी के अलावा कई अनेक भाषाई फिल्मों में इन्होंने मुख्य नायक तथा नायिका के मां का जोरदार किरदार निभाया है। पिछले दिनो कुशीनगर में नहाटा फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बन रहे भोजपुरी फिल्म शकुंतला फिल्म की शूटिंग के दौरान मुलाकात हुई, इस फिल्म में ये मुख्य नायक प्रिंस सिंह राजपूत की मां का किरदार कर रही हैं। फिल्म में मुख्य नायिका पायस पंडित की सास और सुशील सिंह की पत्नी के रोल में हैं। मुंबई की पली बढ़ी निसात सरीन किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं ये फिल्म वाली मां के रूप में प्रसिद्ध हो चुकी है। भोजपुरी भाषाई क्षेत्र की न होने के बावजूद फरार्टेदार भोजपुरी बोलती और समझती हैं, इन्हे इंग्लिश का भी बेहतर ज्ञान है। सिरीन 21 वर्षो से फिल्म में काम कर रही हैं, हिंदी और भोजपुरी भाषा की तमाम फिल्मों में इन्होंने मां के किरदार में अपने अभिनय का जोरदार छाप छोड़ी है। फिल्म खट्टा मीठा, तुम मिलो तो सही, कुश्ती, बंधन टूटे ना , संयोग से बनी संगिनी, पवित्र रिश्ता, डोली अरमानों की, छोटी सरदारनी, ये इश्क है आदि फिल्मों में इन्होंने बेहतर अभिनय किया है इस प्रकार इनके कई दर्जन हिंदी भोजपुरी फिल्में हैं जिसमे इनके किरदार को काफी सराहना मिली है।रियल लाइफ में भी ये एक व्यवहार कुशल महिला हैं।

### बिजली चोरी करने के जुर्म में दो हजार रुपये का हुआ जुमार्ना




**संवाददाता**

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के सुमेरपुर में एलटी लाईन में कटिया डालकर बिजली चोरी करने के जुर्म में 29 फरवरी 2012 में अ० सं०-166/2012 धाराझ135 विद्युत एक्ट में अभियुक्त शिव सिंह पुत्र नरायण सिंह निवासी नया पटेलनगर थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कंविक्शन के तहत 18 नवंबर 2024 को न्यायालय ईसी एक्ट कोर्ट हमीरपुर ने अभियुक्त शिव सिंह उपरोक्त दोषसिद्ध करते हुए न्यायालय उठने तक की सजा व 2000 रुपये के जुमार्ने से दण्डित किया गया। मामले की विवेचना ऊदल सिंह ने की थी, जबकि अभियोजन की तरफ से एडीजीसी सुभाष श्रीवास्तव ने जोरदार पैरवी की।

### गोरखनाथ मंदिर में युवक ने घुसने की कोशिश की



**गोरखपुर ।** गोरखनाथ मंदिर में एक युवक बाइक लेकर घुसने की कोशिश करने लगा। जबकि, जहां से वो मंदिर में घुसने की कोशिश कर रहा था, वहां बाइक ले जाने की परमिशन नहीं है। वहां सिर्फ पैदल ही जाया जा सकता है। युवक को प्रतिबंधित रास्ते से बाइक लेकर मंदिर परिसर में प्रवेश करता देख जब वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोका तो वो उनसे उलझ गया। इसके बाद पुलिस में उसे हिरासत में ले लिया और पकड़कर थाने ले आई। पूछताछ में उसकी पहचान शाहपुर इलाके के हड़वा फाटक के रहने वाले धर्मेश कुमार के रूप में हुई। वो शहर के एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करता है। युवक शराब के नशे में धुत था। पूछताछ में युवक ने बताया कि आज ही गोरखनाथ मंदिर में उसकी बहन की शादी है। वह शादी समारोह में ही शामिल होने जा रहा था। जब पुलिस ने उसके बयान की जांच की तो उसकी बात सच निकली, मंदिर परिसर में ही उसकी बहन की शादी है।



अगर आप हेयर डाई का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं तो हेयर डाई लगाना बंद कर दें। वैज्ञानिकों ने नए शोध में बताया है कि जो लोग हेयर डाई का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, उनको अनेक बीमारियां हो सकती हैं।

# अनेक बीमारियां मुफ्त में दे जाते हैं हेयर डाई एवं हेयर कलर

**सफेद बालों** को डाई करने एवं अच्छे-भले बालों का रंग उड़ाकर उन्हें कलर करने का प्रचलन इन दिनों बहुत ज्यादा बढ़ गया है। सबके बाल असमय एवं अल्प आयु में सफेद होते जा रहे हैं। काले बाल जवानी के एवं सफेद बाल बुढ़ापे के द्योतक माने जाते हैं, इसलिए इन्हें डाई किया जाने लगा है। कम आयु के किशोर भी बालों के सफेद होने से दु:खी व परेशान हो, इन्हें डाई करने लगे हैं, तो कुछ नए फैशन के प्रचलन से प्रभावित होकर बालों को कलर करने लगे हैं। इस हेयर डाई एवं हेयर कलर में उसे पक्का करने हेतु जो रसायन मिले होते हैं, वे घातक होते हैं। ये बालों को काला या रंगीन जरूर कर देते हैं, किन्तु साथ में अनेक बीमारियां भी मुफ्त में दे जाते हैं, जो किसी भी समय प्रकट हो सकती हैं।

## रसायनों का मिश्रण घातक

इन रसायनों की घातकता से सभी परिचित नहीं होते। जो परिचित होते हैं, वे भी नासमझ बन इसका उपयोग करते रहते हैं या अन्य उपाय भी करते हैं। सच यह है कि हेयर कलर, डाई, ब्रांडेड मेहंदी, टैटू कलर, सभी में उन्हें पक्का करने हेतु घातक रसायन मिले होते हैं, जो नुकसान जरूर पहुंचाते हैं।

## प्रयोग का दुष्प्रभाव

हेयर कलर एवं डाई के उपयोग से आंख, कान, सिर तथा चेहरे पर दुष्प्रभाव पड़ता है। इन सब जगहों पर त्वचा रोग होने लगते हैं। यहां की त्वचा जलने लगती है एवं इन जगहों पर खुजली होती है। इनमें लालिमा नजर आने लगती है। लाल लाल चकत्ते उभरने लगते हैं। संक्रमण होता है। एलर्जी की शिकायत होती है कि किसी की त्वचा शुष्क व खुरदरी हो जाती है। स्किन कैंसर होने का खतरा रहता है। बाल उसके काले चमकीले होते हैं, पर रूखे व कड़े हो जाते हैं। इनके टूटने व झड़ने की गति बढ़ जाती है। रहे सहे काले बाल भी पूर्णत: सफेद हो जाते हैं। गंजे होने का खतरा बढ़ जाता है। आंखों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। सूजन आ जाती है। इनमें लालिमा नजर आती है। नेत्र रोग तक हो सकता है। मोतियाबिन्द व दृष्टिदोष की शिकायत हो सकती है। आंखों में इसके जाने पर अंधेपन की तकलीफ हो सकती है। यह तत्काल न होकर कभी भी किसी उपयोगकर्ता को हो सकता है।

## बाल सफेद क्यों होते हैं

पहले वृद्ध होने पर बालों के सफेद होने को परिपक्वता व बुढ़ापे की निशानी मानते थे, पर अब पौष्टिक खानपान की कमी हो गई है। खानपान की चीजों में रसायनों का प्रभाव बढ़ गया है। चारों तरफ प्रदूषण बढ़ गया है। सिर मालिश का प्रचलन कम हो गया है। तेज सुगंधित साबुन, सुगंधित तेल व रसायनों का उपयोग बढ़ गया है। सिर के व्यायाम व शीर्षासन भूल गए हैं। नशापान व दुर्व्यसन बढ़ गया है। मानसिक काम, तनाव व मस्तिष्क में वैचारिक प्रदूषण बढ़ गया है। ये सभी मिलकर काले बालों को असमय या अल्पायु में सफेद कर रहे हैं। अचानक प्रकट हुई बड़ी बीमारियां भी इन्हें कमजोर व सफेद करने में भूमिका निभाती हैं।

## कैसे रहें बाल सुरक्षित

हेयर डाई, हेयर कलर, पैकेट बन्द ब्रांडेड मेहंदी ये सभी खतरनाक होते हैं। इन सभी में रसायन मिलाया जाता है। पीपीडी एवं अमोनियायुक्त होने पर ही ये पक्के होते हैं। इनकी मात्रा जितनी भी हो नुकसानदेह है। अतएव प्राकृतिक व सुरक्षित काले बाल पाने की चाहत वाले खानपान साफ-सुथरा व पौष्टिक रखें। रात को बालों की जड़ों की मालिश करें। प्रदूषण से बचें। तेज साबुन व तेज सुगंध वाले तेल न लगाएं। दही, मठा, छाछ का यथासंभव सेवन करें।

प्राकृतिक मेहंदी व आंवला चूर्ण का लेप सिर पर लगाएं। हेयर डाई, हेयर कलर, पैकेट बन्द ब्रांडेड मेहंदी, टैटू इन सभी को पक्का बनाने के लिए मिलाया गया रसायन घातक होता है। यह शुगर, बी.पी. पेशेंट, गर्भवती महिला व बच्चों की परेशानी को बहुत ज्यादा बढ़ा देते हैं, जो खतरनाक हो सकता है।

## हेयर कलर व डाई का प्रचलन क्यों

काले बाल मुखड़े की सुन्दरता बढ़ाते हैं। ये सबको भले लगते हैं एवं इन्हें जवानी का परिचायक माना जाता है, जबकि विविध कारणों से आजकल सबके बाल असमय, अल्पायु में बहुत ज्यादा सफेद होने लगे हैं। नवकिशोरों के बाल भी सफेद दिखने लगे हैं। इन सफेद बालों को बुढ़ापे की निशानी मान सभी दु:खी व हतोत्साहित हो जाते हैं और स्वयं से या अन्य से प्रेरित होकर बालों को डाई करने लगते हैं, जबकि कुछ लोग सौंदर्य बढ़ाने, आकर्षक दिखने, नये फैशन को एडॉप्ट करने, स्टाइल स्टेटमेंट अथवा स्मार्ट व स्टाइलिश लुक के लिए बालों को कलर करने लगे हैं, इसीलिए सर्वत्र हेयर डाई व हेयर कलर करने का प्रचलन बहुत ज्यादा बढ़ गया है।

## क्या होता है इनमें

हेयर डाई व हेयर कलर को पक्का करने के लिए इनमें अनेक रसायन मिले होते हैं। सभी का अपना प्रभाव व दुष्प्रभाव भी होता है। अपने प्रभाव के चलते ये बालों को काला या रंगीन करते हैं, किन्तु साथ में अपना दुष्प्रभाव भी देते जाते हैं। रसायनों के चलते इसका प्रभाव व दुष्प्रभाव दोनों पक्का होता है। इन्हें पक्का करने के लिए इनमें पैराफिनाइलीन डाई एमीन (पीपीपी) मिला होता है। इसकी मात्रा 2.33 से 4 प्रतिशत तक होती है। साथ में अमोनिया मिला होता है। इन्हीं की बदौलत इनका रंग दो माह तक पक्का बना रहता है। इन्हीं का दुष्प्रभाव सबसे ज्यादा होता है। ये ही उपयोगकर्ता को अनेक प्रकार की बीमारियां देते हैं।

# रक्तचाप नियंत्रित करता है मछली का तेल

**'द अमेरिकन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ' के अनुसार मछली का तेल और कैल्शियम के स्रोतों का सेवन हाइपरटेंशन के रोगियों के रक्तचाप को कम करने में कोई खास योगदान नहीं देते। साथ ही हर्बल सप्लीमेंटस और बोटेनिकल सप्लीमेंट्स के भी लाभ के बारे में सही-सही कहना मुमकिन नहीं है, क्योंकि ये प्रोडक्ट्स मार्केट में आने से पहले कड़े परीक्षणों से नहीं गुजरते।**



उच्च रक्तचाप से सुरक्षा पाने के लिए प्रकाशित एक रिपोर्ट में जीवनशैली से संबंधित सुधारों पर विशेष बल दिया गया। शारीरिक श्रम, सही भोजन, सोडियम और अल्कोहल के सेवन पर नियंत्रण मोटापे पर नियंत्रण द्वारा व्यक्ति उच्च रक्तचाप पर काबू पा सकता है। पोटेशियम युक्त खाद्य पदार्थों जैसे केला, सेब, बींस, गाजर का सेवन और फलों, सब्जियों व कम वसायुक्त डेयरी प्रोडक्स जिनमें संतृप्त वसा की मात्रा कम हो, का सेवन उच्च रक्तचाप से सुरक्षा के लिए अच्छा है। उच्च रक्तचाप के मरीजों के लिए प्रतिदिन 2400 एमजी (1 चम्मच नमक) से भी कम सोडियम की मात्रा के सेवन और पोटेशियम की 3500 एम.जी. से अधिक मात्रा के सेवन हेतु कहा गया।

## मामूली न समझें बच्चों के गले के दर्द को

अगर किसी बच्चे के गले में दर्द हो तो इसे मामूली न समझें। यह गंभीर किस्म के बुखार रयमैटिक फीवर का भी लक्षण हो सकता है। यह बुखार गले के साथ-साथ हृदय को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। गले में दर्द या सूजन रोगाणुओं के एक विशेष समूह स्ट्रण्टोकोकल के संक्रमण के कारण होती है। वे बच्चे जो कुपोषण के शिकार हों या बच्चे जिन्हें पहले भी कभी रयुमैटिक फीवर हुआ हो, उनके इस रोग से संक्रमित होने की अधिक संभावना रहती है। चूंकि यह बीमारी छुआछूत से भी लग सकती है, इसलिए इस बुखार से संक्रमित बच्चों से दूसरे स्वस्थ बच्चों को अलग रहना चाहिए, अन्यथा उन्हें भी इसका संक्रमण लग सकता है।

## स्वास्थ्यवर्धक है ख्यालों को कागज पर उतारना

जर्मनी में हाल ही में हुए शोधों से पता चला है कि अपने विचारों को लिखने से नकारात्मक सोच को रोका जा सकता है। लेखन हमारी अंदरुनी आरोग्य शक्ति में अभिवृद्धि करता है। इससे मानसिक एवं शारीरिक कष्ट में भी कमी आती है। प्रबल भावनाओं को लेख के रूप में व्यक्त कर दिए जाने से रोगों से लड़ने की क्षमता तेजी से काम करना शुरू कर देती है।

**प्लास्टिक सर्जरी को वह लोग बढ़ावा दे रहे हैं, जो अपने वेश में बदलाव चाहते हैं। इस बदलाव के लिए लोग कोई भी कीमत देने को तैयार रहते हैं। अगर आप सौन्दर्य निखारने के लिए प्लास्टिक सर्जरी करा रहे हैं, तो इसमें बहुत सावधानी की भी जरूरत रहती है। आप भी सोच-समझकर यह कदम उठाएं।**

# प्लास्टिक सर्जरी में रखें सावधानियां



## क्या है प्लास्टिक सर्जरी

प्लास्टिक सर्जरी का मतलब है शरीर के किसी हिस्से को ठीक करना। प्लास्टिक सर्जरी में प्लास्टिक का उपयोग नहीं होता है। सर्जरी के पहले जुड़ा प्लास्टिक ग्रीक शब्द प्लास्टिको से आया है। ग्रीक में प्लास्टिको का अर्थ होता है बनाना या तैयार करना। प्लास्टिक सर्जरी में सर्जन शरीर के किसी हिस्से के उत्तकों को लेकर दूसरे हिस्से में जोड़ता है। भारत में सुश्रुत को पहला सर्जन माना जाता है। आज से करीब 2500 साल पहले सुश्रुत युद्ध या प्राकृतिक विपदाओं में जिनकी नाक खराब हो जाती थी, उन्हें ठीक करने का काम करते थे।

## बिगड़ भी जाते हैं केस

इंटरनेट पर ऐसी कई घटनाओं से संबंधी जानकारियां भरी हुई हैं, जहां पर सर्जरी से संबंधित कार्य पूरी तरह से गलत हो गए हैं, जिसकी वजह से बहुत ही बदतर परिणाम देखने को मिले हैं। ऐसे परिणाम भयावह हो सकते हैं। पर सारी प्लास्टिक सर्जरी गलत नहीं होती है। ऐसे भी कई उदाहरण हैं, जहां पर प्लास्टिक सर्जरी कई बार लोगों के रंगरूप को सही करने में प्रभावशाली महसूस हुई है, जिसमे कि कई लोगो को अत्यधिक अच्छे परिणाम मिले हैं। असल में ऐसी बहुत सारी बातें हैं, जो आप पर निर्भर करती हैं। जब भी आप कोई भी शल्य चिकित्सा चाहते हैं, आपको यह बात ध्यान में रखना होगी कि प्लास्टिक सर्जरी का गलत होना सिर्फ शल्य चिकित्सक पर ही पूरी तरह से निर्भर नहीं करती है। आप भी इसके लिए बराबरी के जिम्मेदार हो सकते हैं।

### 30 फीसदी बढ़ा बाजार


माना जाता है कि भारत में प्लास्टिक सर्जरी का बाजार सालाना 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ रहा है। जैसे-जैसे और लोग अपनी सुंदरता और रूप रंग को और गंभीरता से लेंगे, वैसे-वैसे बाजार बढ़ता रहेगा और कॉस्मेटिक सर्जरी के विशेषज्ञों के दफ्तरों के बाहर अपनी नाक या चेहरा सुधारने लोगों की लाइनें बढ़ती रहेंगी। भारत में प्लास्टिक सर्जरी कराने 10 फीसदी लोग विदेश से आते हैं।

### विकल्प हैं बहुत

इन्सानों को अपने शरीर से हमेशा से ही शिकायतें थीं, लेकिन पिछले कुछ सालों में यह परेशानी और बढ़ गई है। पहले लोगों के पास विकल्प नहीं थे, अब कॉस्मेटिक सर्जन के पास जाने का विकल्प है और जब आपके पास इस परेशानी का हल है तो परेशानी भी किसी न किसी तरह निकल आती है।

## मेकअप से संबंध नहीं

हमेशा ध्यान रखें कि प्लास्टिक सर्जरी किसी मेक अप से संबंधित नहीं है। यह आपके साथ जीवन भर रहता है। यह एक सही से की गई शल्य चिकित्सा है, जिसमें आपको थोड़ा दर्द होगा और इसके लिए आपको अपने काम से छुट्टी लेनी पड़ सकती है। आपको अस्पताल में भर्ती होना पड़ सकता है और आपको इसको सही करने के लिए पर्याप्त समय की भी जरूरत पड़ सकती है। अगर शल्य चिकित्सा में



ऐसा वादा किया जाता है कि आपको कोई दर्द नहीं, कोई छुट्टी नहीं और तुरंत समाधान मिल जाएगा तो ये ज्यादातर वह डॉक्टर होते हैं, जिनकी प्लास्टिक सर्जरी गलत हो जाती है। यह वादे कुछ नहीं, बल्कि विज्ञापन और छलावे होते हैं, जो कि अपना विश्वास बहुत जल्दी खो देते हैं।

## सही जानकारी जरूरी

यह बात बहुत जरूरी है कि आप प्लास्टिक सर्जरी से पहले अपने घर का पूरा काम कर लें, इससे पहले कि आप कोई शल्य चिकित्सक को ढूंढें। अपने रिश्तेदारों और दोस्तों से किसी अनुभवी शल्य चिकित्सक के बारे में पूछें। उन लोगों के कुछ कार्यों



को देखें। अगर आपको उनके पहले के मरीज मिल जाएं, तो उनसे बात करके और उनके अनुभवों के बारे में पूछ कर आपको शल्य चिकित्सक के बारे में बहुत कुछ पता चल सकता है। आपको डॉक्टर के पेशेवर अनुभव, प्रमाण-पत्र और डॉक्टर का पहले का रिकार्ड भी देखना होगा, जिसमें कि आप यह देख सकते हैं कि उस डॉक्टर ने ऐसे कितने मरीज देखे हैं, जिनकी दशा आपके समान थी। आपको यह भी देखना पड़ सकता है कि क्या कभी ऐसी भी घटना हुई है, जब डॉक्टर द्वारा की गई प्लास्टिक सर्जरी बुरी तरह से गलत हो गई हो। अगर मरीजों से मिलना संभव नहीं है तो आप डॉक्टर से उसके द्वारा की गई शल्य चिकित्सा के पहले और बाद की तस्वीरें देख सकते हैं, ताकि आपको यह पता चल सके कि डॉक्टर लगातार अच्छे परिणाम देने के काबिल है या नहीं। सुंदर और जवान दिखने की चाह के पीछे सैकड़ों लोग लाखों रुपए खर्च करने से पीछे नहीं हटते।

## भारत चौथे स्थान पर

एक सर्वेक्षण में खुलासा हुआ है कि प्लास्टिक सर्जरी कराने के मामले में भारत चौथे स्थान पर है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सुंदर दिखने की चाह हर किसी के मन में होती है। तभी तो भारत में भी बच्चे को जन्म दे चुकी मां, कॉलेज जाने वाली युवा पीढ़ी, सभी प्लास्टिक सर्जरी की ओर आकर्षित हुए हैं। यह सर्वे पिछले वर्ष इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ एस्थेटिक प्लास्टिक सर्जरी ने कराया था। सर्वे सूची में भारत को चौथा स्थान मिला। मम्मी मेकओवर कराने वाले, चेहरे को फिर से जवां दिखाने की इच्छा रखने वाले, पेट को कम करने के इच्छुक, स्तनों का आकार फिट कराने की इच्छुक महिलाओं की संख्या बहुत ज्यादा है।

# अमेजन और फ्लिपकार्ट के 19 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

## फेमा नियमों के उल्लंघन का मामला

**मुंबई ।**

ई-कॉमर्स कंपनियां अमेजन और फ्लिपकार्ट विदेशी निवेश से जुड़े नियमों के कथित उल्लंघन के कारण प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में आ गई हैं। इस मामले में फेमा नियमों के उल्लंघन के संदर्भ में ईडी ने इन कंपनियों से जुड़े 19 से अधिक ठिकानों पर तलाशी ली है।

सूत्रों के अनुसार, ईडी मामले में अमेजन और फ्लिपकार्ट के टॉप अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुला सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि विदेशी निवेश नियमों के उल्लंघन के आरोपों की प्रारंभिक जांच पूरी होने के बाद दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाया जा सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, हैदराबाद और पंचकूला (हरियाणा) में अमेजन और फ्लिपकार्ट के विक्रेताओं से जुड़े 19 से अधिक ठिकानों पर ईडी द्वारा चलाए गए तलाशी अभियान के बाद ये बात सामने आई है। मामला संज्ञान में आने के बाद एजेंसी ने अनियमितताओं के सबूत जुटाने के उद्देश्य से फेमा नियमों के तहत ये तलाशी अभियान चलाया था।

ईडी की जांच कई तरह की शिकायतों के आने के बाद देखने को मिली है। इसमें आरोप लगाया गया कि अमेजन और फ्लिपकार्ट प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से चुनिंदा




वेंडर्स को फायदा पहुंचाकर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। दोनों कंपनियों के खिलाफ शिकायत करने वालों का तर्क है कि इस तरह ये ये ई-कामर्स प्लेटफॉर्म पर अन्य वेंडर्स को समान अवसर नहीं दे रही हैं, जो कि भारत में फेमा के दिशा-निर्देशों के विपरीत है।

सूत्रों की मानें तो ईडी द्वारा तलाशी अभियान चलाए जाने और प्रारंभिक जांच के दौरान मिले सबूतों को इकठ्ठा करने के बाद दोनों कंपनियों के टॉप अधिकारियों को तलब करने की संभावना है।

# सीसीआई ने मेटा पर लगाया 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना

## -वॉट्सएप पर पांच साल तक मेटा के साथ डेटा साझा करने पर रोक

**नई दिल्ली।**

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने मेटा प्लेटफार्म पर 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना ठोका है। यह जुर्माना वॉट्सएप की 2021 की प्राइवेसी पॉलिसी के जरिए मेटा द्वारा अपने प्रभावशाली बाजार स्थिति का दुरुपयोग करने के कारण लगाया गया है। यह फैसला पॉलिसी को कैसे लागू किया गया और यूजर्स का डेटा कैसे इकठ्ठ और मेटा कंपनियों के साथ साझा किया गया।

इसके अलावा सीसीआई ने मेटा और वॉट्सएप को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे एक तय समयसीमा के अंदर अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करें। सीसीआई ने आदेश दिया है कि वॉट्सएप अगले पांच साल तक मेटा कंपनियों के साथ विज्ञापन के लिए यूजर्स का डेटा साझा नहीं कर सकता है।

इस अवधि के बाद यूजर्स को यह विकल्प दिया जाना चाहिए कि वे गैर-सेवा संबंधी डेटा शेयरिंग से बाहर हो सकें। इसके साथ ही वॉट्सएप को यह साफ तौर पर बताना होगा कि मेटा कंपनियों के साथ कौन-सा डेटा साझा किया है, उसका इस्तेमाल कैसे किया जाता है और उसका उद्देश्य क्या है। यह फैसला वॉट्सएप के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि भारत में इसके 500 मिलियन से ज्यादा यूजर्स हैं। सीसीआई ने वॉट्सएप की 2021 की सेवा शर्तों और प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर यह फैसला सुनाया है। इस पॉलिसी में यूजर्स को मेटा कंपनियों के साथ डेटा शेयरिंग की नई शर्तें स्वीकार करना जरुरी किया था अन्यथा वे ऐप का इस्तेमाल नहीं कर सकते थे।

उस समय ने ऐप के भीतर नोटिफिकेशन भेजकर यूजर्स को 8 फरवरी, 2021 तक इन शर्तों को मानने को कहा था। यह पॉलिसी 25 अगस्त, 2021 की पुरानी पॉलिसी से अलग थी, जिसमें यूजर्स को फेसबुक के साथ डेटा शेयरिंग से ऑप्ट आउट करने की सुविधा दी गई थी।

सीसीआई ने कहा कि वॉट्सएप की 2021 की पॉलिसी ÷ले लो या छोड़ दो÷ की तरह थी, जो उपयोगकर्ताओं को मेटा ग्रुप के साथ डेटा शेयरिंग की शर्तें जरुरी रूप से स्वीकार करने पर मजबूर करती थी।

इसे आयोग ने अनुचित शर्त माना है। पिछले साल सीसीआई ने गूगल के एंड्रॉइड मामले में 1338 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था और कंपनी से बिजनेस मॉडल में बदलाव करने को कहा था।

# पुणित गोयनका ने ज़ी-एंटरटेनमेंट के एमडी पद से दिया इस्तीफा, कंपनी ने बनाया सीईओ

**नई दिल्ली।**

पुणित गोयनका ने ज़ी-एंटरटेनमेंट के एमडी पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने उन्हें मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बनाया है। कंपनी ने 18 नवंबर को कारोबार की समाप्ति पर उनके इस्तीफे को मंजूर की लिया और उसी दिन सीईओ के तौर पर उनकी नियुक्ति भी कर दी। ज़ी-एंटरटेनमेंट ने जानकारी दी कि कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) मुकुंद गलगली को डिप्टी सीईओ बनाया है। यह बदलाव कंपनी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए किया है। पुणित गोयनका की नई भूमिका उनकी मौजूदा फुल-टाइम नौकरी जैसी ही होगी। हालांकि, उनके वेतन का 40 फीसदी वेरिएबल हिस्सा उन्हें केवल कुछ विशेष लक्ष्यों को पूरा करने पर ही दिया जाएगा। इस वेतन की अधिकतम सीमा बोर्ड द्वारा तय की गई है। ज़ी-एंटरटेनमेंट के मुताबिक इस कदम के जरिए गोयनका कंपनी के प्रदर्शन और मुनाफे को बेहतर करने पर पूरी तरह ध्यान देंगे। यह फैसला बोर्ड और नामांकन व वेतन समिति की 15 नवंबर 2024 की बैठक में लिया गया।

बोर्ड ने कहा कि पुणित गोयनका कंपनी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सक्षम हैं। ज़ी-एंटरटेनमेंट ने कहा कि कंपनी मजबूत स्थिति में है और अपने भविष्य के लिए ठोस नींव तैयार करने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। यह तय करने के लिए कि हमारे लक्ष्य पूरे हों, संचालन स्तर पर ज्यादा समय और ऊर्जा की जरुरत है। पुनीत गोयनका, जो मीडिया दिग्गज सुभाष चंद्रा के बेटे हैं, उन्होंने कंपनी के संचालन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सीईओ के रूप में फिर से नियुक्ति की मांग की है। ज़ी-एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड बोर्ड ने 18 अक्टूबर को गोयनका को 5 साल के लिए फिर से सीईओ बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। यह कार्यकाल 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2029 तक रहेगा। हालांकि, यह नियुक्ति कंपनी के शेयरहोल्डर्स की 28 नवंबर को होने वाली एनुअल जनरल बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। पिछले हफ्ते बोर्ड ने पुनीत गोयनका के प्रदर्शन के लिए नए और ऊंचे लक्ष्यों को तय किया। विगत दिवस बैठक में बोर्ड ने अगले चार तिमाहियों के लिए समेकित राजस्व और कमाई का लक्ष्य तय किए। साथ ही कंपनी के समेकित शुद्ध लाभ का 25 फीसदी डिविडेंड के रूप में शेयरहोल्डर्स को देने का लक्ष्य तय किया गया है।

# साल 2031 तक 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली ।**

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था 2031 तक 7 ट्रिलियन डॉलर के आकार तक पहुंचने की उम्मीद है। इस ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि इस दौरान देश की जीडीपी की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि, वित्त वर्ष 2025 से लेकर 2031 तक की वार्षिक वृद्धि दर महामारी से पहले के दशक की औसत वृद्धि दर (6.6 प्रतिशत) के आसपास होगी। इस विकास को मुख्य रूप से पूंजीगत खर्च और उत्पादकता में सुधार से प्रेरित बताया गया है। 2023-24 के चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी विकास दर 6.8 प्रतिशत तक रहने की संभावना है, जिसका कारण उच्च ब्याज दरें और सख्त लेंडिंग नियम हैं, जिससे शहरी मांग पर असर पड़ा है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि केंद्र सरकार के राजकोषीय घाटे को कम करने के प्रयासों का प्रभाव अर्थव्यवस्था के विकास पर देखने को मिलेगा। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 2024-25 में औसत 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले साल के 5.4 प्रतिशत से कम होगी। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि मौसम की स्थिति और भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं विकास और महंगाई के लिए महत्वपूर्ण जोखिम हैं। इस वर्ष खरीफ की बुआई अधिक हुई है, लेकिन बेमौसम बारिश और अन्य मौसम संबंधित प्रभावों को लेकर सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि भू-राजनीतिक तनाव के कारण आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हो सकती हैं, व्यापार में विघ्न आ सकता है और तेल की कीमतों में वृद्धि हो सकती है, जो महंगाई और इनपुट लागत को प्रभावित कर सकती है।

# बीते एक साल से निवेशकों को निराशा कर रहा रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर

**नई दिल्ली ।**

पिछले कुछ दिनों से शेयर मार्केट में गिरावट जारी है। हालांकि मंगलवार को शेयर मार्केट में काफी दिनों बाद तेजी दिखाई दी। वहीं दूसरी ओर देश की सबसे ज्यादा वैल्यू वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज कुछ समय से निवेशकों को निराश कर रही है। मुकेश अंबानी की कंपनी के शेयर की कीमत पिछले एक साल काफी गिर गई है। मंगलवार को रिलायंस के शेयरों में एक फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। यह तेजी काफी समय बाद दिखाई दी है। इसके बावजूद इसकी कीमत पिछले 11 माह के स्तर पर है।

पिछले एक साल में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में 8 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखी गई है। एक साल पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर की कीमत 1174.68 रुपये थी। अब इस शेयर की कीमत 1277.15 रुपये है। इसके बाद शेयर में एक साल में करीब 8.60 फीसदी की ही तेजी आई है। मंगलवार को इसकी कीमत में उतार-चढ़ाव जारी था। निफ्टी 50 ने एक साल में रिलायंस इंडस्ट्रीज से बेहतर प्रदर्शन किया है। निफ्टी 50 में देश की टॉप 50 कंपनियां होती हैं। निफ्टी 50 एक साल पहले 19694 अंक पर था। अभी यह करीब 23,747 पर है। रिलायंस का शेयर इस साल जुलाई में 1608 रुपये पर पहुंच गया था। यह इसका अब तक का हाई है। लेकिन अपने हाई पर पहुंचने के बाद मानों मुकेश अंबानी की कंपनी के शेयर पर किसी की नजर लग गई। इसके बाद इसमें गिरावट का दौर शुरू हो गया। इसके बाद जुलाई से लेकर अब तक इसमें 20 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है। वहीं पिछले एक महीने में रिलायंस का शेयर करीब 6.80 फीसदी गिर गया है। वहीं पिछले 6 महीने में भी इसमें तगड़ी गिरावट आई है। इतने समय में यह 11 फीसदी से ज्यादा गिर गया है। गिरावट के बावजूद जानकार इस शेयर को खरीदने की सलाह दे रहे हैं। कुछ जानकारों का कहना है कि इस शेयर को लॉन्ग टर्म के लिए खरीदकर रखा जा सकता है। कंपनी ने लॉन्ग टर्म में निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है।

## रुपया गिरावट पर बंद

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ ही 84.43 पर बंद हुआ। गत दिवस रुपया 84.41 पर बंद हुआ था। वहीं आज सुबह रुपया 84.07 पर खुला। इससे पहले सोमवार को रुपया पांच पैसे की बढ़त पर बंद हआ। गत दिवस सुबह विदेशी पूंजी की निकासी के बाद भी रुपया 84.38 प्रति डॉलर पहुंच गया था। यह निम्नतम स्तर से ऊपर उठकर आठ पैसे की बढ़ोतरी दिखाता है। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने बताया कि तेल की कीमतों में गिरावट के कारण ही मुद्रा में सुधार आया। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपया 84.42 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद 84.38 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। इस बढ़ोतरी के बावजूद रुपया गुरुवार को 84.46 पर बंद हुआ था। वहीं अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 फीसदी की बढ़त के साथ 106.68 पर रुका। विदेशी संस्थागत निवेशक एफआईआई ने गुरुवार को 1,849.87 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जो दिखाता है कि वे बाजार में बिकवाल रहे। विदेशी मुद्रा बाजार में निर्धारित संबंधों के बावजूद, रुपया ने एक मजबूत प्रदर्शन किया और अमेरिकी डॉलर को मुकाबले काफी मजबूती दिखाई।





## रियलमी जीटी 7 प्रो की डिस्प्ले तकनीक मिल का पत्थर साबित

**नई दिल्ली ।** चाइनीज कंपनी रियलमी ने डिस्प्ले इनोवेशन की सीमाओं को आगे बढ़ाया है और अब उसने जीटी 7 प्रो स्मार्टफोन के साथ एक नई दिशा में कदम बढ़ाया है। रियलमी जीटी 7 प्रो की डिस्प्ले तकनीक स्मार्टफोन के लिए एक मील का पत्थर साबित हो रही है। यह तकनीक पहले केवल सैमसंग के महंगे फोल्डेबल स्मार्टफोन में ही देखने को मिलती थी, लेकिन अब रियलमी ने इसे प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में पेश किया है, जो विजुअल तकनीक के नए मानक स्थापित कर रहा है। इसके डिस्प्ले में रियलवर्ल्ड इकोट तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जो पोलराइज़र के बिना पहला स्मार्टफोन डिस्प्ले है। इस स्मार्टफोन की डिस्प्ले में 120 प्रतिशत डीसीआई-पी3 कलर गैमट का समर्थन किया गया है, जो प्रोफेशनल मॉनिटर्स से भी बेहतर है। इसके कारण हर फोटो, वीडियो और एनीमेशन को अत्यधिक जीवंत और रंगीन बनाया जाता है। 6500 निट्स की पीक ब्राइटनेस के कारण स्क्रीन धूप में भी पूरी तरह से स्पष्ट दिखाई देती है, जिससे बाहर फोटोग्राफी और नेविगेशन करना बहुत आसान हो जाता है। गेमिंग के शौकिनों के लिए इस डिस्प्ले में 120 एफपीएस की क्षमता और वन पॉइंट फाइव रिज़ॉल्यूशन उपलब्ध है, जिससे फास्ट-पेस्ड गेम्स जैसे पबजी और रेसिंग गेम्स का अनुभव बेहद स्मूथ और इमर्सिव होता है। रियलमी जीटी 7 प्रो की डिस्प्ले तकनीक का सबसे बड़ा आकर्षण इसकी प्रदर्शन और दक्षता का अनोखा संतुलन है। रियलमी और सैमसंग द्वारा विकसित इको ओलेड प्लस तकनीक ने बिजली की खपत को 52 प्रतिशत तक कम कर दिया है, जबकि दृश्य गुणवत्ता को बरकरार रखा है। इससे उपयोगकर्ता बिना बैटरी की चिंता किए लंबे समय तक स्ट्रीमिंग या गेमिंग का आनंद ले सकते हैं। पोलराइज़र लेयर को हटाने से न सिर्फ पावर की बचत होती है, बल्कि स्क्रीन की रोशनी और स्पष्टता भी बढ़ जाती है, जिससे रोजमर्रा के इस्तेमाल में डिस्प्ले और भी चमकदार और साफ दिखाई देती है।

## मारुति सुजुकी की घरेलू बिक्री में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** बीते महीने अक्टूबर 2024 में मारुति सुजुकी ने 1,59,591 यूनिट्स की घरेलू बिक्री की। कंपनी की यह बिक्री पिछले साल अक्टूबर 2023 में बेची गई 1,68,407 यूनिट्स की तुलना में 5प्रतिशत कम है। वहीं फेस्टिव सीजन की बदौलत सितंबर 2024 की तुलना में 10प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मारुति की अर्टिगा ने 18,785 यूनिट्स की बिक्री के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसमें 32प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई। स्विफ्ट ने 17,539 यूनिट्स बेचीं, हालांकि इसकी बिक्री में 15त्न की गिरावट हुई। ब्रेजा, फ्रॉन्क्स और बलेनो ने क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर कब्जा किया, जबकि ग्रैंड विटारा ने 14,083 यूनिट्स की बिक्री के साथ 30प्रतिशत का शानदार सुधार दिखाया। सेडान सेगमेंट की सियाज ने केवल 659 यूनिट्स बेचीं, जो इसके लंबे समय से अपग्रेड न होने का संकेत है। मारुति सुजुकी ने फेस्टिव सीजन का लाभ उठाकर कुल बिक्री में मामूली बढ़त हासिल की, लेकिन कई मॉडलों की गिरती मांग कंपनी के लिए एक चुनौती बन सकती है। कभी सबसे ज्यादा बिकने वाली ऑल्टो ने केवल 8,548 यूनिट्स बेचीं, जो 24प्रतिशत की गिरावट दर्शाती है। जिम्नी और एक्सएल6 की बिक्री क्रमशः 1,211 और 3,285 यूनिट्स रही, जिनमें 35प्रतिशत और 25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई।




## आज शेयर बाजार रहेगा बंद, इस हफ्ते तीन दिन नहीं होगी ट्रेडिंग

**-दिसंबर महिने में भी 10 दिन नहीं होगा कारोबार, बाजार रहेगा बंद**



**नई दिल्ली।** 20 नवंबर को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होना है। इस वजह से शेयर बाजार बंद रहेगा। इस दौरान शेयर बाजार में किसी भी प्रकार की ट्रेडिंग नहीं होगी। शेयर बाजार में कब छुट्टी रहती है, इसे लेकर बीएसई और एनएसई साल का कैलेंडर जारी करते हैं। चूंकि कई बार ऐसे मौके आते हैं जब किसी दिन छुट्टी के बारे में कैलेंडर में जानकारी नहीं होती है। ऐसे में बीएसई और एनएनई नोटिफिकेशन के जरिए छुट्टी की घोषणा करते हैं। शेयर बाजार में इस हफ्ते भी तीन दिन छुट्टी रहेगी। पिछले हफ्ते भी तीन दिन छुट्टी थी। पिछले हफ्ते 15 नवंबर को गुरुनानक जयंती के मौके पर शेयर बाजार बंद था। इसके बाद शनिवार और रविवार की छुट्टी हो गई थी। बता दें दिसंबर में 10 दिन कारोबार नहीं होगा। 10 दिन शेयर बाजार बंद रहेगा। इसमें 4 शनिवार और 5 रविवार शामिल हैं। इसके अलावा 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर भी शेयर मार्केट बंद रहेगा। मंगलवार को शेयर मार्केट में काफी दिनों बाद तेजी देखी गई। सेंसेक्स एक हजार अंकों से ज्यादा उछला। वहीं निफ्टी में भी 300 अंकों से ज्यादा की तेजी आई। शेयर बाजार में इस तेजी के साथ निवेशकों को 6 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा मिला।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आया है। इस तेजी के साथ ही पिछले दिनों से जारी गिरावट पर भी अंकुश लग गया। आज कारोबार के दौरान इंडेक्स में दिग्गज कंपनियों एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में उछाल से बाजार ऊपर आया। इसके अलावा घरेलू निवेशकों की लगातार खरीदारी से भी बाजार को बल मिला।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 0.31फीसदी तकरीबन 239.37 अंक बढ़कर 77,578.38 पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 0.28 फीसदी तकरीबन 64.70 अंक बढ़कर 23,472.75 पर बंद हुआ पर निफ्टी की 50 कंपनियों में से 27 के शेयर गिरावट पर बंद हुए।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे ज्यादा 3.55 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। इसके साथ ही टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड और इंफोसिस के शेयर भी बढ़े।

वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, मारुति, टाटा स्टील और भारती एयरटेल के शेयरों में गिरावट रही।

बाजार जानकारों के अनुसार आज निचले स्तरों पर हुई खरीदारी और दिग्गज कंपनियों के शेयरों एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और एमएंडएम में उछाल से बाजार ऊपर आया है। बाजार में और भी उछाल आता पर अंतिम घंटे में हुई गिरावट से उसकी तेजी कुछ हद तक कम हुई वहीं विदेशी निवेशकों ने गत दिवस




1,403.40 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,330.56 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

वहीं एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग बढ़त पर बंद हुए जबकि यूरोपीय बाज़ार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार गत दिवस बढ़त पर बंद हुए।

वहीं इससे पहले बाजार मंगलवार को तेजी के साथ खुला। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनियां भर से मिले मिले-जुले संकेतों के बाद भी खरीदारी हावी रहने से हुआ है। सुबह कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स 266 अंकों की बढ़त के साथ 77,605 पर कारोबार करता दिखा, जो 0.34 फीसदी की बढ़त दिखाता है जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 83.70 अंकों तकरीबन 0.36 फीसदी की तेजी के साथ 23,537 का स्तर पर पहुंच गया।

# इंडोनेशिया में आईफोन 16 पर बैंन..... हटवाने दिया 844 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव

**मुंबई ।**

इंडोनेशिया में एप्पल ने आईफोन 16 पर लगे बैन को हटवाने के लिए सरकार को 844 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव दिया है। कंपनी के सूत्रों के मुताबिक, एप्पल ने अपना निवेश प्रस्ताव करीब दस गुना बढ़ा दिया है। यह कदम इंडोनेशिया सरकार को आईफोन 16 पर बैन हटाने के लिए मनाने की नई कोशिश के रूप में सामने आया है। एप्पल अब दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अगले दो साल में करीब 844 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बना रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, एप्पल का पहले का निवेश प्रस्ताव केवल 10 मिलियन डॉलर (करीब 84 लाख रुपए) का था। लेकिन अब एप्पल ने अपनी निवेश राशि में भारी वृद्धि की है। इंडोनेशिया के उद्योग मंत्रालय ने अभी प्रस्ताव पर सहमति नहीं दी है, हालांकि पिछले माह आईफोन 16 की बिक्री पर बैन लगा दिया गया था। इंडोनेशिया सरकार ने बैन के बाद एप्पल से कहा था कि वहां अपने स्मार्टफोन के लिए रिसर्च और विकास पर ज्यादा ध्यान दे और लोकल मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए अपनी निवेश योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करे। मंत्रालय का कहना है कि एप्पल ने अपने पिछले निवेश के तहत डेवलपर अकादमियों के माध्यम से लगभग 1.5 ट्रिलियन रुपिया (करीब 801 करोड़ रुपए) का निवेश किया था, जो कि उसकी घोषित प्रतिबद्धता से कम था। एप्पल के अधिकारियों को पहले इंडोनेशिया के उद्योग मंत्री अगुस गुमीवांग कार्तसस्मिता से मिलने के लिए बुलाया गया था, लेकिन जब वे जकार्ता पहुंचे, तब उन्हें बताया गया कि मंत्री उपलब्ध नहीं हैं। इसके




बाद उन्हें मंत्रालय के डायरेक्टर जनरल से मिलना पड़ा। यह घटना एप्पल के निवेश प्रस्ताव और सरकार के साथ बातचीत में अहम मोड़ साबित हुई। इंडोनेशिया सरकार का कहना है कि एप्पल की लोकल यूनिट ने स्मार्टफोन और टैबलेट के लिए 40 प्रतिशत स्थानीय सामग्री का इस्तेमाल करने की आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं किया, इसलिए आईफोन 16 की बिक्री को बैन कर दिया गया।

# फिर से चमक उठीं रागिनी शिंदे

**मुंबई :** पिछले वीकेंड, सोनी टीवी के लोकप्रिय सिंगिंग रियलिटी शो में औरंगाबाद की 15 वर्षीय रागिनी शिंदे को थिएटर राउंड में रिजेक्शन का सामना करना पड़ा। कई लोग इससे बेहद हैरान रह गए थे क्योंकि रागिनी का इंडियन आइडल तक का सफर हर तरह से वीरता भरा था। 3 साल की उम्र में, उन्होंने जीवन रक्षक बोन मैरो ट्रांसप्लांट से अपने भाई को थैलेसीमिया की चपेट से बचाया था, और खुद को एक योद्धा साबित किया था। उनकी सुंदर आवाज और गाने के निडर चुनाव ने जजों को हैरान कर दिया था, जिसके बाद बादशाह ने उनकी तारीफ करते हुए कहा, अगर आशीर्वाद का कोई चेहरा होता तो मुझे लगता है रागिनी होती।



बादशाह और फैंस के प्रति विनम्रतापूर्वक अपना आभार व्यक्त करते हुए, रागिनी ने कहा, मेरे पास शब्द नहीं हैं और मैं अपनी खुशी जितनी भी व्यक्त करूं वह कम है।

# ला ईलाज हो चुका 'स्मॉग प्रदूषण'...



निर्मल रानी

**सवाल यह है कि गत लगभग 2 दशक से निरंतर प्रदूषित होते जा रहे इस जहरीले धुएं युक्त वातावरण और अनेक माध्यमों से इनसे होने वाले आर्थिक नुक़सान व स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के लिये जिम्मेदार कौन है। सर्दियों की शुरूआत में हमेशा टी वी व अखबारों में यह सुर्खियां बनती हैं कि प्रदूषण का स्तर क्या है।**

उत्तर भारत का एक बड़ा क्षेत्र इन दिनों 'स्मॉग' यानी जहरीले धुयें युक्त कोहरे जिसे धूम कोहरा भी कहा जाता है, की चपेट में है। यह कोई पहला अवसर नहीं है जबकि 'स्मॉग' यानी जहरीले धुयें की खबरें मीडिया में सुर्खियां बटोर रही हों। बल्कि लगभग दो दशक से यह स्थित प्रत्येक वर्ष पैदा हो रही है। हाँ इतना जरूर है कि प्रदूषण दिन प्रतिदिन और भी न केवल बढ़ता जा रहा है बल्कि और भी जहरीला भी होता जा रहा है। इसका घोर प्रदूषण युक्त वातावरण का खामियाजा हमें तरह तरह से भुगतना पड़ रहा है। कहीं विमानों की उड़ानें प्रभावित हो रही हैं तो कहीं ट्रेंस परिचालन में बाधा आने के चलते रेल गाड़ियां लेट हो रही हैं। गत दिनों खराब मौसम के कारण ही दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 15 विमानों का मार्ग बदला गया जबकि 100 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। सड़कों पर दुर्घटनाओं में इजाफा होने लगा है। स्वास्थ्य कारणों से बच्चों के स्कूल बंद कर दिए जाते हैं तो अस्पतालों में सांस और दमा के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। यहाँ तक कि एक स्वस्थ व्यक्ति भी ऐसे वातावरण में सांस लेने में दिक़्कत महसूस करने लगता है। लोगों को खुजली हो रही है और आंखों में जलन व आँखों से पानी आने की शिकायतें आ रही हैं। मास्क लगाना या न लगाना दोनों ही स्थिति में लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी बढ़ते प्रदूषण की वजह से हालात गंभीर बने हुए हैं। पिछले दिनों पाकिस्तान के लाहौर में स्मॉग यानी जहरीले धुएं की इतनी मोटी चादर बिछ गई जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देने लगी। अब खबर तो यहां तक है कि स्मॉग यानी जहरीले धुएं से पैदा होने वाले इस प्रदूषण को कम करने के लिए वहां लॉकडाउन लगाने तक की योजना बन रही है।

सवाल यह है कि गत लगभग 2 दशक से निरंतर प्रदूषित होते जा रहे इस जहरीले धुएं युक्त वातावरण और अनेक माध्यमों से इनसे होने वाले आर्थिक नुक़सान व स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के लिये जिम्मेदार कौन है। सर्दियों की शुरूआत में हमेशा टी वी व अखबारों में यह सुर्खियां बनती हैं कि प्रदूषण का स्तर क्या है। विशेषज्ञों के अनुसार स्वच्छ हवा वाले वातावरण के लिये 50 तक अदकहोना चाहिये। 50 से कम अदक (एयर क्वालिटी इंडेक्स ) स्वास्थ्य के लिये ठीक रहता है। जबकि दिल्ली राजधानी क्षेत्र (एन सी आर ) से लेकर केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ तक का एयर क्वालिटी इंडेक्स पिछले दिनों 500 के करीब पहुँच गया। सरकार से लेकर जनता तक इस अति प्रदूषित वातावरण से निजात पाने के लिये केवल प्रकृति के भरोसे बैठी हुई है कि या तो बारिश हो तो इस जहरीली हवा से निजात मिले या फिर तेज हवा इस वातावरण से निजात दिलाये। जबकि प्रदूषण से त्राहि त्राहि करती यही जनता या जनता द्वारा चुनी उसकी सरकार इस समस्या से निपटने का कोई भी कारगर उपाय ढूंढ नहीं पाती।




कभी स्कूल्स में छुट्टी कर, कभी निर्माण कार्य रूकवाकर तो कभी सम-विषम नंबर के अनुसार वाहन चलने का निर्देश देकर ऐसी समस्याओं से निजात के उपाय तलाशे जाते हैं। जबकि प्रदूषण फैलाने के जिम्मेदार वाहनों की संख्या प्रतिदिन लाखों की तादाद में बढ़ती जा रही है। उद्योगों से प्रदूषित धुआं निरंतर निकलता रहता है। पूरे देश की सड़कें धुल मिटटी से पटी पड़ी हैं। खेतों में फसलों के अवशेष बेरोकटोक जलाये जा रहे हैं। जगह जगह आम लोग कूड़े के ढेर में बेखौफ होकर आग लगाते हैं जिनमें रबड़, पॉलीथिन, प्लास्टिक आदि सब कुछ जलाया जाता है। इसी तरह आतिशबाजी चलाने के लिये चाहे अदालतें मना करें या सरकारें, कोई भी मानने को तैयार नहीं। बल्कि हर साल आतिशबाजी का चलन व इनकी खपत बढ़ती ही जा रही है। यदि आप दीपावली पर आतिशबाजी चलाने को लेकर 'ज्ञान' देने लगे तो समझो आप को सनातन विरोधी होने का प्रमाण पत्र तो उसी क्षण मिल जायेगा। गुरपूरब पर होने वाली आतिशबाजी पर सवाल उठाया तो दीपावली का सवाल खड़ा होगा। इसी तरह शब बरात हो या नया साल, रोज होने वाले शादी ब्याह कोई भी आयोजन आतिशबाजी से अछूता नहीं है। और जाहिर है ऐसी आतिशबाजीयों का एक ही परिणाम है, जहरीला धुआं, जान लेवा प्रदूषण, स्मॉग यानी जहरीले धुयें युक्त कोहरे की चादर और अंततः बदलता मौसम व ग्लोबल वार्मिंग।

जिसतरह बारिश के दिनों में शहरों में समुचित जल निकासी का प्रबंध न होने के चलते शहरों व कस्बों में बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है और इससे संबंधित खबरें लेख व परिचर्चाएं वर्षा ऋतू के दौरान पढ़ने सुनने को मिलती हैं। परन्तु बारिश खत्म होते ही जनता व सरकार सभी हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाते हैं और अगले साल की बारिश व इससे होने वाली तबाही की प्रतीक्षा करने लगते हैं। ठीक उसी तरह हर साल दीपावली के बाद और सर्दियों के आगाज में हर वर्ष यही प्रदूषण व जहरीले धुएं की चर्चा सुर्खियों में आ जाती है। इस विषय को लेकर हमारे समाज की जागरूकता व समझ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि न तो कोई अतिशबाजियों से परहेज के लिए तैयार है न ही यह मानने के लिये तैयार है कि पराली या खेतों में फसलों के अवशेष जलने से प्रदूषण फैलता है। धनाढ्य या नव धनाढ्य लोग मात्र एक सवारी के साथ सड़कों पर कारें दौड़ाते फिरते हैं। सड़कों पर बे रोकटोक धुंआ करना तो गोया लोगों के मौलिक अधिकारों में शामिल हो गया है। यहाँ तक कि रोजाना कई जगह खुद नगर पालिका के कर्मचारी झाड़ू देने के बाद जगह जगह इकठ्ठा किये गये कूड़े के ढेर में अपने ही हाथों से माचिस लगा देते हैं। गोया पढ़ा लिखा हो या अनपढ़, गरीब हो या अमीर, वैश्विक स्तर पर प्रदूषण बढ़ने के लिये सभी जिम्मेदार हैं। इसलिये भले ही सतही उपाय कितने ही क्यों न कर लिये जाएँ परन्तु हकीकत तो यही है कि 'स्मॉग प्रदूषण' अब एक लाईलाज संकट बन चुका है।

## संपादकीय

### वार्ता से रुकेगा युद्ध

रूस-यूक्रेन युद्ध के एक हजार दिन पूरे हो चुके हैं, और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइड़न के एक फैसले से इसके और लंबा खिंचने की आशंका बढ़ गई है। बाइड़न जनवरी में पद छोड़ेंगे लेकिन जाते-जाते उन्होंने रूस के ठिकानों पर हमले के लिए लंबी दूरी की मिसाइलों के इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है, जो रूस के अंदरूनी क्षेत्रों तक लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। इस फैसले से रिपब्लिकन पार्टी और रूस में तीखी प्रतिक्रिया हुई है। ड़ोनाल्ड़ ट्रंप के पुत्र ने कहा है कि मेरे पिता युद्ध की आग बुझाना चाहते हैं जबकि बाइड़न आग में पेट्रोल ड़ाल रहे हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा है कि फैसले से तनाव और बढ़ेगा। ट्रंप के राष्ट्रपति का चुनाव जीतने के बाद यूक्रेन और पश्चिमी यूरोप के देशों में रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने पर विचार-विमर्श शुरू हो गया था। जर्मन चांसलर ओलाफ शुल्ज ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यूक्रेन मसले पर दो साल के अंतराल के बाद फोन पर बातचीत की। उल्लेखनीय है कि जो पश्चिमी देश रूस को कमजोर करने की मुहिम चला रहे थे वे ट्रंप की जीत के बाद शांति की बात करने लगे थे। ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि हथियारों की आपूर्ति युद्ध को लंबा खींचती है, और यूक्रेन को खुली सैन्य सहायता का समर्थन नहीं करेंगे। लेकिन बाइड़न ने इसकी अनदेखी की है। युद्ध विरोधी विचारों का समर्थन करने वाली तुलसी गबार्ड. को देश की सीआईए और एफबीआई सहित सत्रह खुफिया एजेंसियें की मुखिया नियुक्त किए जाने का स्पष्ट संदेश है कि ट्रंप नाटो में अमेरिका की भूमिका सीमित करना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि नाटो देश रूस को पराजित करने की नीति का समर्थन करते हैं। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने दो महीने पहले कहा था कि रूस के खिलाफ लंबी दूरी की मिसाइलों के इस्तेमाल करने की मंजूरी देने का मतलब होगा यूक्रेन युद्ध में अमेरिका और नाटो देशों की सीधी भागीदारी। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अमेरिका से इन मिसाइलों का इस्तेमाल करने की लगातार अनुमति मांग रहे थे। देखना है कि जनवरी में पदभार संभालने के बाद ट्रंप इस फैसले को जारी रखते हैं, या बदलते हैं। राष्ट्रपति बाइड़न के शासनकाल में शुरू हुआ यूक्रेन-रूस युद्ध कूटनीति और वार्ता के जरिए शांति में बदलता है, या नहीं। बहुत कुछ ट्रंप पर निर्भर करेगा। लेकिन यह सुनिश्चित है कि यह युद्ध बातचीत से ही रुोकेगा।



## चिंतन-मनन

### सेवाभाव ही सर्वोपरि

एकनाथ देवगढ़ राज्य के दीवान जनार्दन स्वामी के शिष्य। एक बार गुरू देव ने एकनाथ को राजदरबार का हिसाब करने को कहा। एकनाथ बहि-खाता लेकर हिसाब करने बैठ गये। दूसरे ही दिन सुबह हिसाब राजदरबार में देना था। सारा दिन हिसाब लिखने और करने में बीत गया। दिन में बैठे कब रात हो गयी उन्हें पता ही न चला। सेवक दीपक जलाकर चला गया। हिसाब में एक पायी की भूल आ रही था। आधी रात बीत गयी मगर भूल पकड़ में ही नहीं आ रही थी। संत जी हिसाब में खोये रहे। भोर फटते ही गुरू देव एकनाथ के कमरे में आए तो सेत जी को हिसाब में खोये पाया।


बहियों पर अंधेरा होने पर भी एकनाथ हिसाब में लगे रहे। इतने में एक पायी की भूल पकड़ में आ गयी। एकनाथ खुशी से चिल्ला पड़े,मिल गयी,मिल गयी। गुरू देव ने पूछा,क्या मिल गया बेटा? एकनाथ विस्मय से बोले कि हिसाब में एक पायी की भूल पकड़ में नहीं आ रही थी वह मिल गयी है। लाखों के हिसाब में एक पायी की भूल के लिए रात भर का जागरण। गुरू देव की सेवा में इतनी लगन और दृढ़ निश्चय देखकर गुरू देव के दिल से गुरूकृपा बह निकली क्योंकि उन्हें ज्ञानामृत की वर्षा करने के लिए योग्य अधिकारी जो मिल गया था।

# युद्ध के बीच में बदली रूस की परमाणु नीति के निहितार्थ



डॉ. हिदायत अहमद खान





रूस और पश्चिमी देशों के बीच बढ़ते तनाव और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की बढ़ती आशंका के चलते तृतीय विश्व युद्ध के खतरे की घंटी बजती नजर आ रही है। रूस और नाटो के बीच लगातार बढ़ते विवाद ने युद्ध के भयावह होने की आशंका को भी बल दे दिया है। अब जबकि पुतिन की नई परमाणु नीति से यह स्पष्ट हो गया है कि रूस किसी भी परिस्थिति में अपने खिलाफ होने वाले किसी भी हमले को अब बर्दाश्त नहीं करेगा और जवाब में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल वह कर सकता है। इस घोषणा ने रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को एक नए मोड़ में लाकर खड़ा कर दिया है। यूक्रेन का हमला और रुस की जवाबी कार्रवाई अब संभावित परमाणु हथियारों के इस्तेमाल ने दुनियां के लिए खतरा पैदा कर दिया है। सवाल यही है कि आखिर रुस को इस सख्त कदम के लिए क्यों मजबूर होना पड़ा है? विशेषज्ञों की मानें तो इसके लिए कहीं न कहीं सामरिक हथियारों की खरीद-फरोख्त का बाजार जिम्मेदार है। दरअसल यूक्रेन को पश्चिमी देशों द्वारा दी जा रही सैन्य सहायता, खासकर अमेरिका द्वारा लंबी दूरी की मिसाइलों की आपूर्ति, ने रूस को अपनी परमाणु नीति में बदलाव करने के लिए मजबूर कर दिया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने देश की परमाणु सिद्धांत में ऐसे परिवर्तन किए हैं, जिनसे तृतीय विश्व युद्ध का खतरा मंडराने लगा है।

ऐसा नहीं है कि इससे विश्व अनभिज्ञ है, बल्कि सभी देश जान रहे हैं कि दुनिया उस दौर में पहुंच चुकी है, जहां युद्ध को विकल्प मान मानव सभ्यता को ही नष्ट करने का इरादा कर्ता-धताओं और जिम्मेदारों ने पाल रखा है। भले ही इस जमाने में तानाशाह हिटलर का सशरीर वजूद नहीं है, लेकिन उसकी सोच लगातार फलिभूत हो रही है। शांति-सहअस्तित्व की बात करने वाले लगातार युद्ध के विनाश से चेताने की कोशिश भी कर रहे हैं। यही वजह है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंच पर शांति के साथ बातचीत के जरिए युद्ध का समाधान तलाशने की बात पूरी दमदारी से रखी है। इस समय जहां-जहां भी युद्ध हो रहे हैं और युद्ध के हालात बनते चले जा रहे हैं उन्हें मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए बातचीत से समस्या का समाधान तलाशने और बीच का रास्ता निकालने की समझाइश दी जा रही है। परमाणु नीति के साथ छेड़छाड़ से बचने और विश्व को भयावह युद्ध की आग में झौंकने से गुरेज करने को कहा जा रहा है। बावजूद इसके पुतिन का कहना है कि रूस के खिलाफ नाटो की मिसाइलों का इस्तेमाल रूस पर हमला माना जाएगा, और इसके जवाब में रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। इससे पहले पुतिन ने हाल ही में एक डिक्री पर हस्ताक्षर किए, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि रूस किन परिस्थितियों में परमाणु हथियारों का उपयोग करेगा। उनके अनुसार, यदि कोई देश, जो परमाणु शक्ति नहीं रखता, रूस के खिलाफ हमला करता है और वह हमला किसी परमाणु शक्ति वाले देश के समर्थन से होता है, तो इसे रूस पर युद्ध घोषित करना माना जाएगा। अब चूंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को रूस पर हमले के लिए अमेरिकी हथियारों का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। अतः रूस को यह खतरा महसूस हुआ है कि यूक्रेन अब रूस के भीतर स्थित सैन्य ठिकानों पर भी हमले कर सकता है। अमेरिका के इस फैसले का रूस पर गहरा असर पड़ा है और देश की सुरक्षा को प्रथमतः मानते हुए उसने अपनी परमाणु नीति में बदलाव किए हैं। यही वजह है कि पुतिन ने यह सुनिश्चित किया कि यदि रूस के खिलाफ बैलिस्टिक मिसाइल या ड्रोन का इस्तेमाल होता है, तो जवाब में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा, यदि रूस के खिलाफ कोई अंतरिक्ष से हमला करता है, तो रूस इसका भी जवाब परमाणु हथियारों से दे सकता है। इस प्रकार पुतिन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि रूस किसी भी हालत में अपनी सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा और उसे अपनी सीमा के भीतर या बाहर किसी भी हमले का जवाब देने का अधिकार है।

इससे यह भी स्पष्ट हो गया कि यदि युद्ध अब आगे जारी रहता है तो अन्य देशों के इसमें शामिल होने से कोई रोक नहीं सकेगा। रुस समर्थित देश भी सैन्य साजो-सामान के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आएंगे। उत्तर कोरिया के प्रमुख किम जोंग उन तो पहले से ही युद्ध में उतरने के लिए अपनी सेना को तैयार रहने की निर्देश दे चुके हैं। ऐसे में अन्य देश भी इसी तरह से युद्ध की आग में घी डालने का काम करेंगे तो वह समय दूर नहीं जबकि तृतीय विश्व युद्ध का आगाज हो। यह स्थिति किसी के लिए भी बेहतर सिद्ध नहीं हो सकती है। भले ही कोई सैन्य सामान बेचकर खुश हो ले, और कोई युद्ध का हिस्सा बने या खुद को इन सब से अलग-थलग रखे, लेकिन बारूद की गंध और बेरहम चीत्कारों से खुद को बचा नहीं सकेगा। अंततः रूस के नए परमाणु सिद्धांत ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नई चुनौतियां उत्पन्न कर दी हैं। दोनों महाशक्तियों, रूस और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना से तीसरे विश्व युद्ध का खतरा और भी ज्यादा बढ़ गया है। यह दो महीने का समय बहुत ही उलट-फेर करने वाला है। ऐसे समय में सभी शांतिप्रिय देशों के एकजुट होने की आवश्यकता है, ताकि वैश्विक युद्ध के खतरे को टाला जा सके और देश व दुनियां को शांति-सहअस्तित्व वाला सही रास्ता दिखाया जा सके।

# यमुना नदी : गंदे नाले का बहाव बंद हो



विनीत नारायण



छठ पूजा के अवसर पर यमुना नदी एक बार फिर चर्चा का विषय बनी। इसकी साफ-सफाई और स्वच्छता को लेकर फिर से कई सवाल दागे गए। वादे-कस्में दुहराए गए। लेकिन हर बार यह चर्चा-परिचर्चा किसी समाधान तक नहीं पहुंचती। हर साल यही होता है-राजनीतिक बयानबाजी, आरोप-प्रत्यारोप और गंदी राजनीति का खेल। गंदी राजनीति की वजह से यमुना कहीं अधिक गंदी हो रही है। चचाओं के दौरान नदी की स्थिति पर केवल औपचारिक बातें की जाती हैं। यमुना की हालत हर दिन बिगड़ती जा रही है। गंदे नालों का पानी, झाग, बदबूदार काला पानी और जहरीले रसायन न केवल नदी को दूषित कर रहे हैं, बल्कि आसपास रहने वाले लोगों की जिंदगी पर भी गंभीर असर डाल रहे हैं। राजनीतिक दल केवल अपनी राजनीति साधने में व्यस्त हैं।

कभी पवित्र मानी जाने वाली यमुना की दुर्दशा कोई नई बात नहीं है। इसे स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए कई सरकारें आई और गई। लाखों-करोड़ों रुपये खर्च हुए, बड़े-बड़े आंदोलन और अभियान चलाए गए, लेकिन नतीजा शून्य ही रहा। नदी को गंदा करने वाले असली गुनहगार कौन हैं, यह आज तक तय नहीं हो सका। दरअसल, यह समस्या प्रशासनिक लापरवाही और खराब ड्रेनेज व्यवस्था का नतीजा है। दिल्ली का ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह से फेल हो चुका है। थोड़ी सी बारिश होते ही राजधानी की सड़कों पर पानी भर जाता है।

बारिश का पानी के निकलने का कोई समुचित इंतजाम नहीं है। नालों की सफाई न होने और जल निकासी की व्यवस्था खराब होने से नाले उफान मारते हैं। पहले नदी का पानी बढ़ने से शहर में बाढ़ आती थी, लेकिन अब शहर का पानी ही बाढ़ जैसे हालात पैदा कर देता है। दिल्ली का ड्रेनेज सिस्टम 1976 के टाउन प्लान पर आधारित है। उस समय दिल्ली की आबादी केवल 60 लाख थी, जो अब 2024 में बढ़ कर लगभग 3 करोड़ हो गई है। इस 48 साल पुराने सिस्टम से मौजूदा आबादी की जरूरतें पूरी करना संभव नहीं है। नया ड्रेनेज मास्टर प्लान बनाने की कई घोषणाएं हुई, लेकिन वह अब तक कागजों में ही सिमटा हुआ है। दिल्ली में 2846 से ज्यादा नाले हैं, जिनकी कुल लंबाई 3692 किलोमीटर है। इनमें से कई नाले ठोस कचरे, सीवेज और अतिक्रमण के कारण जाम हो चुके हैं। कई बड़े नालों का गंदा पानी सीधे यमुना में गिरता है। इससे नदी में प्रदूषण का स्तर बढ़ता ही जा रहा है। यमुना मॉनिटरिंग कमिटी ने सभी बड़े नालों के मुहाने पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट यानी एसटीपी लगाने की सिफारिश की थी लेकिन इस दिशा में भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

2018 में आईआईटी के एक प्रोफेसर ने दिल्ली सरकार को नया ड्रेनेज मास्टर प्लान सौंपा था। इस प्लान में बारिश के पानी और सीवेज के लिए अलग-अलग व्यवस्था करने की सिफारिश की गई थी। लेकिन इस पर भी काम शुरू नहीं हो पाया। विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक सीवरेज और बाढ़ के पानी की निकासी के लिए अलग व्यवस्था नहीं होगी, तब तक समस्या बनी रहेगी। वहीं पीडब्ल्यूडी के मुताबिक, दिल्ली का मौजूदा ड्रेनेज सिस्टम 24 घंटे में केवल 50 मिमी. बारिश को ही संभाल सकता है। इससे अधिक बारिश होने पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि 2000 के बाद दिल्ली में तेजी से शहरीकरण हुआ। खाली जमीनों पर अनधिकृत कॉलोनियां बस गई, हरित क्षेत्र घट गए और फ्लैटों का निर्माण बढ़ गया। इस सबने ड्रेनेज सिस्टम पर अतिरिक्त दबाव डाला।

दिल्ली के तीन प्रमुख प्राकृतिक जल निकासी बेसिन-ट्रांस यमुना, बारापुला और नजफगढ़-भी ठोस कचरे और अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहे हैं। कई जगह जल निकासी के रास्ते पूरी तरह बंद हो चुके हैं। आरके पुरम, करोल बाग और दरियागंज जैसे इलाकों में नालों पर अतिक्रमण के कारण उनकी सफाई मुश्किल हो गई है। यह समस्या यमुना नदी के प्रदूषण को और बढ़ा रही है। यमुना को प्रदूषण से बचाने के लिए जरूरी है कि नालों का गंदा पानी सीधे नदी में जाने से रोका जाए। ठोस कचरे और सीवेज के उचित प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल होना चाहिए। नालों की नियमित सफाई और उन पर अतिक्रमण हटाना भी अनिवार्य है। यमुना को साफ करने के लिए केवल सरकारी प्रयास काफी नहीं होंगे। समाज को भी जागरूक होना पड़ेगा। हमें अपने नालों और नदी में कचरा डालने से बचना होगा। सरकार को भी अपने वादों पर अमल करते हुए एसटीपी स्थापित करने और ड्रेनेज मास्टर प्लान को लागू करने में तत्परता दिखानी चाहिए। यमुना नदी की स्थिति केवल एक नदी का मुद्दा भर नहीं है, यह हमारे प्रशासन, राजनीति और समाज की सामूहिक विफलता को भी दशार्ता है। यदि हम अब भी नहीं चेते तो आने वाले समय में यह समस्या और गंभीर हो सकती है। यमुना केवल एक नदी भर नहीं है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और पर्यावरणीय धरोहर भी है। इसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादक: श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवारे मैनेजिंग एडिटर: डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादक: डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादक: तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ऋतिक रोशन की वॉर 2 से श्रद्धा कपूर के जुड़ने की है चर्चा



**जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन की आगामी फिल्म वॉर 2 को लेकर फैंस के बीच जबर्दस्त उत्सुकता है। फिल्म की हर छोटी-बड़ी जानकारी पर फैंस लगातार नजरे बनाए रखते हैं। इस वजह से फिल्म को लेकर कई तरह की अटकलें भी काफी ज्यादा जोर पकड़ लेती हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये अटकलें लगाई गई हैं कि इस बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर में एक खास गाना होने वाला है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर नजर आएंगी।**

### श्रद्धा कपूर के डांस नंबर की है चर्चा

इस तरह के रिपोर्ट्स से निश्चित ही फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी ज्यादा बढ़ गई है। हालांकि, इस तरह की अटकलों पर फिल्म की टीम के तरफ से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। इसलिए फैंस को अभी और इंतजार करना पड़ेगा, निर्माताओं की आधिकारिक पुष्टि के बाद ही इस पर विश्वास किया जा सकता है। बताते चलें कि वॉर 2 की शूटिंग इस वक्त जोर-शोर से जारी है। फिल्म में जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन एक दूसरे से भिड़ते नजर आने वाले हैं।

### अयान मुखर्जी कर रहे हैं निर्देशन

जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन के पहली बार पर्दे पर एक साथ आने से फिल्म को लेकर उत्साह काफी बढ़ा हुआ है। इसके अलावा इसके पिछले भाग की सफलता ने भी इसके अगले भाग के लिए माहौल बनाया हुआ है। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं, जिन्होंने वेक अप सिड, ये जवानी है दिवानी, ब्रह्मास्त्र जैसी फिल्में बना चुके हैं। ऐसे में वॉर 2 दर्शकों से एक शानदार विजुअल और इंटेस एक्शन थ्रिलर का वादा करती है। फिल्म का निर्माण आदित्य चोपड़ा के यशराज बैनर के तले किया जा रहा है।

### यशराज के स्पाई यूनिवर्स का है हिस्सा

बताते चलें कि वॉर साल 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म में ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ एक दूसरे से भिड़ते हुए नजर आए थे। दोनों अभिनेताओं को एक साथ देखने के लिए फैंस सिनेमाघरों में भारी संख्या में पहुंचे थे और फिल्म सुपरहिट रही थी। बताते चलें कि ये फिल्म यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली किस्त होगी। इस यूनिवर्स के तहत यशराज टाइगर सीरीज, वॉर बना चुका है तथा आलिया और शरवरी अभिनीत अल्फा की शूटिंग जारी है, जो स्पाई यूनिवर्स की ही अगली कड़ी होगी।




## खलनायक बन नंदमुरी बालकृष्ण से दो-दो हाथ करते दिखे बॉबी देओल-रवि किशन

अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म एनबीके 109 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर आए दिन नई जानकारियां सामने आ रही हैं। वहीं, अब आखिरकार निर्माताओं ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के लिए फिल्म का टाइटल टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही वीडियो में अभिनेता की दमदार झलक भी देखने को मिली। नंदमुरी बालकृष्ण की नई फिल्म एनबीके 109 के निर्माताओं ने आज शुक्रवार, 15 नवंबर को फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया। फिल्म के पहले लुक वीडियो में नंदमुरी बालकृष्ण को एक डाकू के अवतार में दिखाया गया है और इसलिए इसका शीर्षक डाकू महाराज रखा गया है। अगले साल संक्रांति पर बड़ी रिलीज के रूप में आने वाली यह फिल्म एक ऐसे राजा की कहानी है, जिसने बिना किसी राज्य के लड़ाई लड़ी। यह एक ऐसे व्यक्ति की भी कहानी है, जिसे मृत्यु को भी हिला देने वाले सम्राट के रूप में सम्मानित किया गया। फिल्म का निर्माण करने वाली आधिकारिक प्रोडक्शन कंपनी सीथारा एंटरटेनमेंट्स ने ट्विटर पर फर्स्ट लुक वीडियो साझा किया और नंदामुरी बालकृष्ण को डाकू महाराज के रूप में पेश किया। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में रवि किशन और बॉबी देओल बतौर खलनायक नजर आएंगे, जिसकी झलक टीजर में भी देखने को मिली।

### बॉबी-रवि की खलनायकी

टीजर में निर्देशक की खुद की आवाज भी शामिल है, जिसमें मुख्य खलनायकों को एक-एक करके पेश किया गया है। रवि किशन और बॉबी देओल स्टाइलिश अंदाज में दिखाई देते हैं, इसके बाद यह खुलासा होता है कि फिल्म की कहानी इन गुंडों के बारे में नहीं है, बल्कि उन्हें नियंत्रित करने वाले के बारे में है। इसके बाद बालकृष्ण घोड़े पर सवार होकर बहादुरी के साथ प्रवेश करते हैं और खुद को डाकू महाराज के रूप में पेश करते हैं।







## बागी 4 में दिखेगा टाइगर श्रॉफ का सबसे खूंखार अवतार

बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ हाल ही में रिलीज हुई सिंघम अगेन में दिखाई दिए थे। इसके पहले आई उनकी सभी फिल्में फ्लॉप रही थीं। अब वह अपनी सुपरहिट फिल्म बागी से वापसी कर रहे हैं। एक्शन फ्रैंचाइज की चौथी किस्त बागी 4 का पहला पोस्टर सोमवार 18 नवंबर सुबह मेकर्स ने जारी किया। पोस्टर में एक्टर का उनके मशहूर किरदार रॉनी का खतरनाक लुक देखने को मिल रहा है। लोग उन्हें इस अवतार में देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी की रिलीज डेट भी सामने आई गई है। आइए बताते हैं कि आप कब देख सकेंगे। बागी 4 के फर्स्ट-लुक पोस्टर में टाइगर को खून से लथपथ, एक टूटे-फूटे वॉशरूम में कमोड पर बैठे हुए दिखाया गया है। उन्होंने एक हाथ में चाकू, दूसरे हाथ में शराब की बोतल पकड़ी हुई है और सीधे कैमरे की ओर देखते हुए सिगरेट चबा रहे हैं। वहीं उनके सामने फर्श पर लोगों की बॉडी पड़ी है, जिन्हें उन्होंने मार गिराया है। जबकि पीछे की दीवारों पर खून के छींटे थे। टाइगर के ठीक ऊपर की दीवार पर 4 उकेरा गया है। पोस्टर में लिखा है- इस बार, वह पहले जैसा नहीं है। साजिद नाडियाडवाला की प्रोड्यूस्ड फिल्म बागी 4 आने वाले 5 सितंबर, 2025 को स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए तैयार है। बागी 4 का डायरेक्शन ए हर्ष ने किया है, जो बजरंगी और वेदा जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

## साउथ सिनेमा में है बहुत एकता

अभिनेता अजय देवगन और अक्षय कुमार ने बॉलीवुड सिनेमा को लेकर कुछ बातें कही हैं। एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में अक्षय कुमार और अजय देवगन ने साउथ सिनेमा और बॉलीवुड को लेकर कुछ बातें कही हैं। दोनों अभिनेताओं का मानना है कि इंडस्ट्री में एकता की कमी है। अजय देवगन ने कहा, मैं मानता हूं कि हमारे पास एकता नहीं हूं। इस बात को अक्षय कुमार ने भी माना। उन्होंने कहा, मैं इस बात की सराहना करता हूं कि किस तरह से एक साथ मिलकर काम करते हैं। दोनों इस दौरान साउथ सिनेमा के काम को लेकर बात कर रहे थे।



### बॉलीवुड सिनेमा को लेकर बोले अक्षय कुमार

जब अभिनेता से फिल्म इंडस्ट्री में एकता के बारे में पूछा जाए। हिंदी सिनेमा में दो अभिनेता और दो अभिनेत्रियों को लेकर फिल्में क्यों नहीं बनती। अक्षय कुमार ने कहा, अजय और मैंने साथ में की फिल्में की हैं। मैंने सुनील शेट्टी के साथ भी काम किया है। अब ऐसा नहीं होता, ये बहुत ही दुखद है। वर्कफ्रंट की बात करें तो अजय देवगन इन दिनों सन ऑफ सरदार 2 के लिए काम करने वाले हैं। अक्षय कुमार इन दिनों स्काईफोर्स, शंकरा और जॉली एलएलबी 3 और हाउसफुल 5 में नजर आने वाले हैं।

## दिव्यांका के लिए आसान नहीं था अभिनेत्री बनने का सफर

दिव्यांका त्रिपाठी अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहती हैं। दिव्यांका पिछले काफी दिनों से बेबी प्लानिंग को लेकर ट्रोलिंग का शिकार हो रही हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। दिव्यांका ने अपने दम पर टीवी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई है, हालांकि अभिनेत्री के इस फैसले को लेकर परिवार वाले खिलाफ थे। परिवार वालों का कहना था कि दिव्यांका अपने इस फैसले के कारण परिवार का नाक कटवाएंगी। दिव्यांका के पेरेंट्स ने इस फैसले को लेकर उनका सपोर्ट किया था।





## टॉम्ब रेडर सीरीज में लारा क्रॉफ्ट की भूमिका निभा सकती हैं सोफी टर्नर

गेम ऑफ थ्रोन्स में सैंसा स्टार्क की भूमिका के लिए मशहूर सोफी टर्नर कथित तौर पर प्राइम वीडियो के लिए आने वाली टॉम्ब रेडर सीरीज में हॉलीवुड स्टार लारा क्रॉफ्ट की प्रतिष्ठित भूमिका निभा सकती हैं। यह सीरीज लोकप्रिय टॉम्ब रेडर वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित है, जिसे पहले एंजेलीना जोली और एलिसिया विकेंडर ने निभाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोफी टर्नर उन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने इस भूमिका के लिए ऑडिशन दिया है। टॉम्ब रेडर सीरीज में फीबी वालर-ब्रिज लेखक और निर्माता दोनों के रूप में काम करेंगी। फीबी एक अंग्रेजी लेखिका, निर्माता और अभिनेत्री हैं, जिनके टेलीविजन और फिल्म में काम के लिए जाना जाता है। फ्लीबैग, किलिंग ईव, सोलो- ए स्टार वार्स स्टोरी और नो टाइम टू डाई जैसी फिल्में और सीरीज के लिए जानी जाती हैं। फोबे वालर-ब्रिज इंडियाना जोन्स और डायल ऑफ डेस्टिनी में भी दिखाई दी हैं और उन्होंने डैनियल क्रेग की जेम्स बॉन्ड फिल्म नो टाइम टू डाई का सह-लेखन किया है।

फीबी ने कहा, एक महिला एक्शन किरदार निभाने का अवसर... बॉन्ड पर काम करने और इंडी पर एक अभिनेता के रूप में काम करने के बाद, मुझे लगता है कि मैं इसके लिए खुद को तैयार कर रही हूं। क्या होगा अगर मैं एक एक्शन फ्रैंचाइजी की बागडोर संभाल सकूं, जो मैंने सीखा है, एक ऐसे किरदार के साथ जिसे मैं पसंद करती हूं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टॉम्ब रेडर सीरीज में सोफी टर्नर नजर आ सकती हैं। फिल्म का निर्माण वेल्स स्ट्रीट प्रोडक्शंस के माध्यम से फोबे वालर-ब्रिज और जेनी रॉबिन्स द्वारा किया जा रहा है। टॉम्ब रेडर वीडियो गेम के निर्माता क्रिस्टल डायनेमिक्स, अमेजन एमजीएम स्टूडियो के साथ मिलकर सीरीज के निर्माण करेंगे। कंसल्टिंग प्रोड्यूसर में उनके स्टार पार्टी बैनर से अमांडा ग्रीनब्लाट और रयान एंडोलिना शामिल हैं। यह सहयोग प्राइम वीडियो पर लारा क्रॉफ्ट के बेहतरीन काम को दर्शाएगा।



# दिवंगत इरफान के बेटे बाबिल के साथ काम कर रहे हैं शूजित सरकार

**मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक शूजित सरकार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म आई वांट टू टॉक के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच उन्होंने अपने दिवंगत दोस्त और अभिनेता इरफान खान के साथ अपनी दोस्ती को लेकर भी बात की है।**

उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि वो इरफान के बेटे बाबिल के साथ भी एक फिल्म में काम कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने अपनी सफल और प्रशंसित फिल्म सरदार उधम सिंह को लेकर दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में पहले दिवंगत इरफान खान को मुख्य भूमिका में लेने की योजना थी।

### बाबिल के साथ भी काम कर रहे हैं शूजित

इरफ़ान के साथ अपने निजी और पेशेवर संबंधों पर विचार करते हुए, शूजित ने साझा किया, इरफान एक प्यारे दोस्त थे। मुझे लगता है कि अब एक बहुत बड़ा शून्य है। इरफान के साथ फिल्म निर्माता का स्थायी संबंध उनके बेटे, बाबिल खान के साथ भी आगे बढ़ा है। शूजित ने खुलासा किया कि बाबिल उनकी आगामी फिल्म द उमेश क्रॉनिकल्स का हिस्सा हैं, एक ऐसा प्रोजेक्ट है, जिसमें अमिताभ बच्चन का भी कैमियो है।

उन्होंने कहा, मैंने उनके बेटे को एक फिल्म के लिए कास्ट किया और यह अभी भी प्रक्रिया में है। वह हमारे साथ एक फिल्म कर रहे हैं।

### मेरी सभी फिल्में इरफान के इर्द-गिर्द घूमती हैं

इरफान के साथ अपने गहरे रिश्ते के लिए मशहूर निर्देशक ने माना कि अभिनेता उनके लिए एक रचनात्मक प्रेरणा रहे। उन्होंने कहा, मेरे दिमाग में मेरी सभी फिल्में इरफान के इर्द-गिर्द घूमती हैं। इसलिए विक्की इसके थोड़ा करीब आ पाए। उन्होंने सरदार उधम में बेहतरीन काम भी किया। हालांकि, इस दौरान उन्होंने साफ कहा कि उन्हें फिल्म के लिए इरफान खान की कमी खली। दिवंगत अभिनेता की बेहतरीन अभिनय क्षमता को याद करते हुए उन्होंने फिल्म में विक्की के प्रदर्शन की सराहना की।

### अभिषेक बच्चन के अभिनय से संतुष्ट हैं निर्देशक

इस बातचीत के दौरान शूजित सरकार ने यह भी बताया कि उनकी आगामी फिल्म, आई वांट टू टॉक भी मूल रूप से इरफान को ही ध्यान में रख कर लिखी गई थी। हालांकि, अभिषेक बच्चन ने यह भूमिका निभाई और ऐसा अभिनय किया जिससे निर्देशक को बेहद संतुष्टि मिली। उन्होंने कहा, इसमें भी इरफान को ही लिया जाना था, लेकिन अभिषेक भी इसके काफी करीब पहुंच गए। उनके अभिनय से मैं बहुत संतुष्ट हूं।

### सरदार उधम सिंह को बंद करना चाहते थे शूजित

साइरस भरूचा के साथ बातचीत के दौरान शूजित ने इस फिल्म से जुड़ी खट्टी-मीठी यादों को साझा किया। उन्होंने कहा कि एक वक्त पर दिवंगत अभिनेता इरफान खान, सरदार उधम में मुख्य भूमिका निभाने वाले थे, लेकिन फिर वो बीमार पड़ गए। निर्देशक ने बताया कि एक समय पर, वो इसे बंद करने का फैसला ले चुके थे। हालांकि, जब वह बाद में इरफान खान से मिले, तो उन्होंने कहा कि उन्हें ये फिल्म बनानी चाहिए, यह उनके बच्चे जैसा है। इसके बाद इस फिल्म पर शूजित सरकार ने फिर से काम करना शुरू किया और फिल्म में विक्की कौशल की एंट्री हुई।



# महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी2024 : भारतीय महिला हॉकी टीम ने दोहराया इतिहास, चीन को 1-0 से हराकर फिर बनी एशियन चैंपियन

**राजगीर (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने इतिहास को दोहराया है। दरअसल, महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर भारत ने फिर से चैंपियन बन गया है। चीन के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों ने कमाल का प्रदर्शन किया और गेंद को ज्यादातर समय अपने नियंत्रण में रखा और दूसरी तरफ चीन के खिलाड़ी मैच में एक भी गोल करने में नाकामयाब रहे। भारत ने तीसरी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है और साउथ कोरिया की बराबरी कर ली है। बता दें कि, साउथ कोरिया ने भी 3 बार ACT चैंपियंस ट्रॉफी का टाइटल तीन बार जीता था।

हरेंद्र सिंह के हेड कोच रहते हुए भारतीय महिला टीम ने अपना पहला खिताब जीता। वहीं भारत की तरफ से एकमात्र गोल दीपिका ने किया है। सलीमा टेटे के अगुवाई मं भारतीय महिला टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में दबदबा कायम रखा और पूरे टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला नहीं हारा। सेमीफाइनल में भारत ने जापान को 2-0 से मात दी थी। ये तीसरी बार है जब भारत एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम करने में कामयाब हुआ है। इससे पहले भारत ने 2016, 2023 में ये खिताब अपने नाम किया था।

वहीं मुकाबले की बात करें तो, पहला हाफ में दोनों टीमों की तरफ से कोई गोल नहीं हुआ। हां लेकिन दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में भारत को मिले पेनाल्टी कॉर्नर पर दीपिका ने गोल करके खचाखच भरे बिहार खेल यूनिवर्सिटी स्टेडियम में मौजूद दर्शखों में उत्साह का संचार कर दिया। दूसरे हाफ में पहले ही मिनट में लालरेम्सियामी ने पेनल्टी कॉर्नर दिलाया। इस पर पहला शॉट चूक गया लेकिन गेंद सर्कल के भीतर ही थी और नवनीत की स्टिक से डिफ्लैक्ट होकर दीपिका के पास पहुंची जिसने शानदार फ्लिक से उसे गोल के भीतर डाला। भारत के पास तीसरे क्वार्टर में ही बढ़त दोगुनी करने का सुनहरा मौका था लेकिन 42वें मिनट में मिले पेनाल्टी स्ट्रोक पर दीपिका का शॉट चीन की गोलकीपर ने दाहिनी ओर डाइव लगाकर बचा लिया।



## विराट की पोस्ट से परेशान हुए प्रशंसक



**पर्थ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की एक पोस्ट से उनके प्रशंसक चिंता में पड़ गये हैं। इसका कारण ये है कि पिछले कुछ समय में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। वहीं अब विराट ने अपने कपड़ों के ब्रांड रॉगन की 10वीं वर्षगांठ पर सभी को हैरान करते हुए लिखा, पीछे मुड़कर देखें तो हम हमेशा थोड़े अलग रहे हैं। हम कभी भी किसी भी बॉक्स में फिट नहीं हुए। दो बेमेल, जो बस एक-दूसरे से जुड़ गए। हम पिछले कुछ सालों में बदल गए हैं पर हमेशा अपने तरीके से काम किया है। कुछ लोग हमें पागल कहते थे; दूसरे इसे समझ नहीं पाए। उन्होंने आगे लिखा, लेकिन ईमानदारी से? हमें परवाह नहीं थी। हम यह पता लगाने में व्यस्त थे कि हम कौन हैं। 10 साल के उतार-चढ़ाव और यहां तक कि महामारी भी हमें हिला नहीं सकी। अगर कुछ भी हो, तो इसने हमें याद दिलाया अलग होना हमारी ताकत है।।

वहीं बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट से पहले पूर्व रिकी पोंटिंग ने कोहली की प्रशंसा की, उन्हें खेल का एक पूर्ण सुपरस्टार बताया, जो अपने खेलने के तरीके के प्रति बेहद भावुक हैं जिसके कारण उन्हें ऑस्ट्रेलिया में बहुत सम्मान मिला है। उन्होंने कहा, कोहली एक स्टार हैं। वह एक सुपरस्टार हैं, इतने लंबे समय से खेल के सुपरस्टार हैं। वह जिस तरह से खेलते हैं, उसके प्रति भावुक हैं। वह अपनी टीम के प्रति भावुक हैं। वह जीतना चाहते हैं और वह अपने दिल की बात कहते हैं। यही वह चीज है जो सुपरस्टार खिलाड़ी दुनिया भर में पैदा करते हैं और बनाते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया से कमजोर नजर आ रहा भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण

**-कमिंस से भी कम हैं भारतीय गेंदबाजों के कुल विकेट**

**पर्थ (एजेंसी)।** भारतीय टीम के इस बार ऑस्ट्रेलिया दौरे में गेंदबाजी आक्रामण को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा बाकि गेंदबाज नये हैं और टीम में अनुभव की कमी है। ऐसे हालातों में वे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के सामने वे कहीं नहीं टिकते। भारतीय दल में शामिल सभी छह तेज गेंदबाजों के टेस्ट विकेट मिलाकर भी पैट कमिंस से कम हैं। कमिंस के विकेट 269 हैं जबकि भारतीय गेंदबाजों के कुल विकेट भी 265 है। इससे दोनो के बीच का अंतर पता चलता है। अपनी धरती पर ऑस्ट्रेलियाई टीम के गेंदबाज उछाल भरी पिचों पर और भी घातक हो जाते हैं। की वहीं पिच जब ऑप्टस स्टेडियम की हो तो यह तय है कि ये उसकी तेजी के कारण हावी रहेंगे हालांकि हालात भारतीय तेज गेंदबाजों के लिए भी वही होंगे पर अनुभवी की कमी उनके आड़े आ जाएगी। इसके अलावा हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भातरीय गेंदबाज असफल रहे थे और उन्हें इससे भी उबरना होगा। नियमित कप्तान रोहित शर्मा के पहले टेस्ट से बाहर होने के कारण बुमराह को गेंदबाजी के साथ ही कप्तानी की भी जिम्मेदारी संभालनी होगी। उन्हें खुद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के साथ ही अन्य गेंदबाजों से भी अनका सबसे अच्छा प्रदर्शन निकलवाना होगा। तेज गति और उछाल वाली पिच पर गेंदबाजों के लिए सही लेंथ का चुनाव सबसे अहम होता है। बुमराह के अलावा मोहम्मद सिराज ही केवल ऑस्ट्रेलिया की हालातों को कुछ जानते हैं। बुमराह कमान संभालेंगे तो सिराज को दूसरे छोर से अपना बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। सिराज का हालिया प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में अन्य गेंदबाजों का भी अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करना होगा। भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने हालांकि गेंदबाजी को ठीक बताया है। उन्होंने कहा, गेंदबाजों ने अभ्यास में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने हालातों को बहुत अच्छी तरह से समझा। मुझे लगता है कि हम 22 तारीख के लिए सही दिशा में आगे बढ़ रहे है।मोर्कल ने पिछले कुछ समय से खराब लय में चल रहे सिराज का बचाव करते हुए कहा, वह शानदार गेंदबाज और मजबूत मानसिकता वाला इंसान हैं। गेंदबाजी में उनका रवैया आक्रामक रहता है और वह भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण में शीर्ष पर हैं। मैं इस दौरे पर उनके प्रदर्शन को देखने का इंतजार कर रहा हूं। सिराज ने 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे पर तीन मैचों में 29.53 औसत से 13 विकेट लिए थे।

# हार्दिक टी20 अंतरराष्ट्रीय सूची में फिर शीर्ष पर, तिलक वर्मा ने लगाई 69 स्थान की लंबी छलांग

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या बुधवार को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टी20 ऑलराउंडर की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए जबकि उभरते हुए स्टार खिलाड़ी और टीम के उनके साथी तिलक वर्मा भी 69 स्थान की लंबी छलांग के साथ बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं।

हार्दिक ने हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की टी20 श्रृंखला के दौरान गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी को पीछे छोड़ा। हार्दिक ने चार मैच की श्रृंखला के दूसरे मैच में नाबाद 39 रन की पारी खेली जबकि चौथे और अंतिम मुकाबले में आठ रन देकर एक विकेट चटकाया जिससे भारत को 3-1 से श्रृंखला जीतने में मदद मिली।



हार्दिक दूसरी बार टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में नंबर एक बने हैं। वह इस साल आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के बाद पहली बार शीर्ष पर पहुंचे थे। पांड्या आईसीसी रैंकिंग में छलांग लगाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी नहीं हैं। श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे वर्मा ने दो शतक की मदद से 280 रन बनाकर बल्लेबाजी रैंकिंग में 69 स्थान की लंबी छलांग लगाई है। वर्मा टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और इंग्लैंड के फिल सॉल्ट के बाद तीसरे स्थान पर हैं। वह भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले बल्लेबाज हैं।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के नुकसान से चौथे पायदान पर हैं। भारत के संजू सैमसन भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में दो शतक की बदौलत बल्लेबाजों की रैंकिंग में 17 स्थान के फायदे से 22वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा और नाथन एलिस को टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में सबसे अधिक फायदा हुआ है। भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन की बदौलत तीन स्थान आगे बढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ नौवें स्थान पर हैं।

## बुमराह का सामना करना बेहद कठिन : हेड

पर्थ । ऑस्ट्रेलियई क्रिकेटरों का मानना है कि भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बॉडर-गावस्कर सीरीज में अहम भूमिका निभा सकतो है। ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी उनको लेकर कितने परेशान है उसका अंदाजा हेड के सोशल मीडिया में आये इस बयान से लगाया जा सकता है जिसमें उन्होंने कहा कि बुमराह का सामना करना बेहद कठिन रहेगा। वहीं पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने कहा कि वह कब आकर अपनी गेंदबाजी से मैच बदल दें कहा नहीं जा सकता। बुमराह शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट में भारत की कप्तानी करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा इस मैच से बाहर हैं। आस्ट्रेलिया के कई वर्तमान और पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि जीत के लिए बुमराह को रोकना जरुरी होगा। बुमराह को लेकर ये डर वेवजह नहीं है। बुमराह ने पिछले दो टेस्ट दौरों पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ 32 विकेट लिए थे। हेड ने कहा, 'उसका सामना करना बेहद कठिन है। आपको लगता है कि आप एक कदम आगे हैं लेकिन हमेशा वह आपसे एक कदम आगे निकलता है। खेल के किसी भी प्रारूप में वह सबसे अलग है। वह एक्स फैक्टर है और हर मैच में छाप छोड़ने वालों में से है। बड़े मैचों में आपको बड़े खिलाड़ी चाहिये और वह सबसे बड़ा है। वह बल्लेबाजों की परेशानी का कारण बनने वाला है। बुमराह का गेंदबाजी एक्शन भी पारंपरिक नहीं है जिससे भी उन्हें समझना कठिन होता हे। वहीं सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा, 'जब मैने पहली बार बुमराह का सामना किया तो मुझे लगा कि अरे यह अचानक कहां से आ गया।

## कोएत्जी, एडवर्ड्स और सुफियान को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन पर लगी फटकार

दुबई - नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स, ओमान के गेंदबाज सुफियान महमूद और दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को सप्ताहांत में अपने मैचों में आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। एडवर्ड्स को खिलाड़ियों और सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के दो अनुच्छेदों का उल्लंघन करते पाया गया। अनुच्छेद 2.8 जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने' से संबंधित है और अनुच्छेद 2.2 जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग' ' से संबंधित है। ओमान और नीदरलैंड के बीच तीसरे टी-20 के दौरान उनके आउट होने के बाद दोनों उल्लंघन हुए। पहली घटना उस समय हुई जब एडवर्ड्स ने पगबाधा आउट दिए जाने पर अंपायर को अपना बल्ला दिखाया। वहीं दूसरी घटना में उन्होंने अपनी टीम के ड्रेसिंग रूम की ओर लौटते समय अपना बल्ला और दस्ताने मैदान पर फेंक दिए। प्रतिबंधों के अनुसार उन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और दो डिमेरिट अंक प्राप्त किए गए हैं। उसी मैच में महमूद पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया, क्योंकि उन्हें खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते पाया गया। यह घटना उस समय हुई जब गेंदबाज (महमूद) ने बल्लेबाज तेजा निदामनुरु को आउट किया और उन्हें वापस उनकी टीम के ड्रेसिंग रूम की ओर इशारा करके विदा किया। एडवर्ड्स और महमूद दोनों ने अपने-अपने अपराध स्वीकार किए और आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के नियामुर राशिद राहुल द्वारा प्रस्तावित प्रतिबंधों को स्वीकार किया और इस तरह औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं रही। दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच चौथे टी-20 में गेराल्ड कोएत्जी को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। कोएत्जी को इसके लिए फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया।



## कैरी ने इन बदलावों से हासिल किया फार्म

पर्थ । ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स कैरी भारत के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले शानदार लय में आ गये हैं। कैरी ने हाल ही में घरेलू टूर्नामेंट शेफील्ड शील्ड में काफी रन बनाये हैं। कैरी के अनुसार अपनी बल्लेबाजी में किए गए सामान्य तकनीकी बदलाव से ही वह अच्छा फार्म हासिल कर पाये हैं। कैरी ने शेफील्ड शील्ड सत्र में 90.4 की औसत से 452 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल हैं। सत्र की शुरुआत में कैरी की बल्लेबाजी में बदलाव इन कारणों से आये हैं। पहला कारण यह है कि वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से लंबे समय से दूर हैं जिससे वह तरोताजा हुए है। दूसरा कारण तकनीकी बदलाव है जो उन्होंने गेंदबाज के गेंद छोड़ने पर बल्ले को थोड़ा ऊपर रखकर किया, जिससे उन्हें अपने स्ट्रोकप्ले को ताकत और सटीकता के साथ हिट करने के लिए अधिक समय मिला। कैरी ने ऑस्ट्रेलिया के पहले टीम प्रशिक्षण सत्र के बाद कहा, यह केवल मामूली है, लेकिन इस समय ऐसा लगता है कि मैं अच्छी स्थिति में हूं और गेंद पर काफी अच्छी तरह से प्रतिक्रिया कर रहा हूं। आप खेलते हैं और खेलते हैं और, आपको वास्तव में बहुत अधिक चीजों पर काम करने का मौका नहीं मिलता है। उन्होंने कहा, कुछ समय के लिए मैच नहीं होने के कारण मैंने अपने हाथों से थोड़ा सा खेल किया और कुछ ऐसा पाया जो अच्छा लगा और उसी के साथ आगे बढ़ा। मैंने अपने हाथों को थोड़ा ऊपर उठाया, बल्ले को आसमान की ओर उठाया और वहां से, बस प्रतिक्रिया करने की कोशिश की। यह तुरंत ही काफी अच्छा लगा, इसलिए मुझे बहुत अधिक खोज करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। अब उनका लक्ष्य टेस्ट सीरीज में अपने फार्म को बनाये रखना है।



# नडाल ने टेनिस को अलविदा कहा, डेविस कप का अपना अंतिम मैच हारे

**मलागा (एजेंसी)।** स्पेन के टेनिस स्टार रफल नडाल ने खेल से संन्यास ले लिया है। यहां हुए डेविस कप क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड्स के हाथों स्पेन की हार के साथ ही नडाल का करियर समाप्त हो गया। अपने इस अंतिम टूर्नामेंट में नडाल को बॉटिक वैन डे जैस्चुल्प ने 6-4, 6-4 से हराया। डेविस कप के साथ ही टेनिस से विदा होते हुए 38 साल के नडाल भावुक हो ये और उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते हुए कहा कि मैं खुशकिस्मत था जो अपने शौक को करियर बना सका और इतनी सफलता हासिल कर सका। 22 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले इस खिलाड़ी ने कहा कि डेविस कप में वह अपना पहला मैच हार गए थे और अब अपना अंतिम मैच भी हार गये। इस तरह उन्होंने एक सर्किल को पूरा कर लिया है। नडाल का नाम विश्व के महाने टेनिस खिलाड़ियों में शामिल है । पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रहे नडाल सर्बिया के नोवाक जोकोविच के बाद दूसरे सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच के नाम 24 खिताब हैं जबकि नडाल के नाम 22 खिताब हैं। फ्रैंच ओपन के सबसे सफल खिलाड़ी होने की वजह से उन्हें लाल बजरी का बादशाह भी कहा जाता है। 22 ग्रैंड स्लैम में से 14 खिताब उन्होंने फ्रैंच ओपन के रुप में जीते हैं। इसके अलावा 4 बार स्र ओपन और 2-2 बार विबंलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किए। नडाल ने अपने करियर में 1080 एकल खिताब जीते हैं। इसके सात ही वह 209 हफ्तों तक लगातार वर्ल्ड नंबर 1 रहे। उनके नाम 92 एकल खिताब भी हैं।

इसके अलावा उन्होंने 2008 ओलंपिक में टेनिस के एकल में स्वर्ण पदक भी जीता था हालांकि इस बार वह फाइनल में जोकोविच से हार गये थे। उनके शानदार करियर के सम्मान में सेंटर कोर्ट पर एक समारोह का भी आयोजन किया गया था। उनके करियर की झलकियां दिखाता वीडियो जब चलाया गया तो नडाल की आंखें भर आई। समारोह के बाद नडाल ने अपने साथी खिलाड़ियों को गले लगाया और दोनों हाथों से उनका अभिवादन किया। नडाल की विदायी को लेकर स्विटरजरलैंड के रोजर फेडरर और अमेरिका की सेरेना विलियम्स सहित कई दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों ने भी उन्हें अपना संदेश देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



## भारतीय टीम का आना बीसीसीआई नहीं सरकार पर निर्भर : शोएब अख्तर

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने चैम्पयंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के पाक दौरे से इंकार करने को लेकर कहा कि ये क्रिकेट बोर्ड नहीं बल्कि सरकार पर निर्भर है। अख्तर ने कहा, यह वास्तव में सरकारों पर निर्भर है। इसका बीसीसीआई से कोई लेना-देना नहीं है। दौरे का फैसला सरकार ही कर सकती है। इस मामले में वे ही फैसला करेंगे। इसलिए हमें उम्मीद नहीं खोनी चाहिए। हमें समाधान की उम्मीद करनी चाहिए। हम सभी जानते हैं कि आईसीसी को 95-98 प्रतिशत प्रायोजन लाभ भारत से मिलता है। भारतीय टीम के नहीं आने से पाकिस्तान आईसीसी प्रायोजन करार से मिलने वाले 100 मिलियन डॉलर खो देगा जबकि मेजबान देश कमाएगा। इसलिए अच्छा ये होगा कि भारत पाकिस्तान में आकर खेले। लेकिन यह वास्तव में सरकार पर निर्भर करता है। इसका बीसीसीआइ से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, विराट कोहली पाकिस्तान में बेहद लोकप्रिय हैं। पूरा पाकिस्तान विराट को खेलते देखना चाहता है। कल्पना कीजिए कि वह पाकिस्तान में शतक बनाता है। यह अच्छा होगा, वह यहां शतक नहीं बनाता और जल्दी आउट हो जाता है। यह उसके लिए एक पूर्ण चक्र होगा। उन्होंने आगे कहा, पाक पर यह ठप्पा लगा है कि वह विश्व कप या चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं कर सकता। अगर यह चैंपियंस ट्रॉफी सफल होती है, तो यह बड़े आयोजनों के लिए एक कदम होगा। इसलिए मुझे भारतीय टीम के आने की उम्मीद है।



# यशस्वी पर्थ में सफल रहा तो आगे परेशानी नहीं आयेगी : शास्त्री

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रहे रवि शास्त्री ने युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया दौरे में और बेहतर बल्लेबाज के तौर पर उभरेगा। शास्त्री ने कहा कि अगर यशस्वी पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट में अच्छा स्कोर करते हैं तो उन्हें अन्य मैचों में भी परेशानी नहीं आयेगी। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया से वापसी पर वह एक बेहतर बल्लेबाज के तौर पर उभरेगा। उसकी तकनीकी और रवैया बेहद सकारात्मक रहता है। इसी कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ सफल रहा थ। वह सहजता से खेलता है जिससे गेंदबाज उसपर दबाव नहीं बना पाते। वह हालात के अनुरूप ढल जाता है। पर्थ की पिच में काफी उछाल है इसलिए यहां खेलना आसान नहीं है ऐसे में यहां सफल रहना सबसे काफ अहम होगा। इसके लिए आपको इसके लिए तैयार रहना होगा। लेकिन यहां सफल रहने पर वह आगे अच्छा ही खेलेगा। उसे ऐसी पिचें पसंद भी है और खुलकर रन बना सकता है।



यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ इस साल की शुरूआत में टेस्ट सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। शास्त्री ने कहा, 'वह काफी चुनौतियों का सामना करके आया है इसलिए रनों की भूख और जुनून उसकी आंखों में दिखता है। वह खेल में डूब जाना चाहता है। शास्त्री जानते हैं कि ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, 'यह काफी कठिन होगा। मैं तीन बार कोच के तौर पर यहां आया हूं और मुझे पता है कि आपको सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है। ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बनाने के लिए शुरू से ही अच्छा खेलना होगा। मेजबानों को जरा भी अवसर नहीं दिया जा सकता। यही एक तरीका है। और कोई तरीका नहीं है।

उन्होंने कहा, 'आपको शुरू ही से समझना होगा कि मीडिया ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ ही होगा पर आप अच्छा खेलते हैं तो मीडिया आपका भी साथ देगा। वहीं विराट कोहली के खराब फॉर्म को लेकर शास्त्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि टेस्ट श्रृंखला की शुरूआत से ही कोहली फिर से रन बनाएगा। उसे बनाना ही है और मैं उसे फिर से उसी तरह खेलते देखना चाहता हूं। ऑस्ट्रेलिया में उसने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है।

## आईपीएल नीलामी में ऋषभ को मिल सकती है सबसे अधिक रकम : उथप्पा

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा है आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को आईपीएल नीलामी में सबसे अधिक 25-28 करोड़ रुपये मिल सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिटेन न किए जाने के बाद ऋषभ पर सऊदी अरब के जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली नीलामी में सभी टीमों की निगाहें रहेंगी। नीलामी में उनके होने से, पंजाब किंग्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जैसी टीमों उन पर भारी बोली लगा सकती हैं। उथप्पा ने कहा, मुझे लगता है कि ऋषभ पंत को 25-28 करोड़ के आसपास में खरीदा जाएगा। उन्हें निश्चित रूप से बड़ी रकम मिलेगी और वे इस नीलामी में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले खिलाड़ी बनेंगे। पंत को इतनी कीमत पर खरीदना देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि मुझे लगता है कि पंजाब किंग्स उन्हें खरीदना चाहेगी और आरसीबी भी उन्हें नेतृत्व की भूमिका और विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर खरीदना चाहेगी। वहीं भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने भी इसी तरह की राय जाहिर की। मुझे लगता है कि ऋषभ आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। अगर पंत और पंजाब किंग्स के बीच अच्छा तालमेल है, तो वे उन्हें खरीदने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे, नहीं तो आरसीबी ऋषभ के लिए सबसे संभावित जगह बन जाएगी। लेकिन मेरा मानना ??है कि अन्य टीमें भी पंत के लिए बोली लगाएंगी। इस मेगा नीलामी में भारतीय खिलाड़ी सबसे ज्यादा बिकने वाले हैं।उथप्पा को यह भी लगता है कि डीसी श्रेयस अय्यर को वापस खरीदने के लिए कड़ी मेहनत करेगी, जो 2015 से 2021 तक फ्रेंचाइजी के साथ थे।



# इस मैदान पर अर्शदीप सिंह का करियर फलेगा-फूलेगा : रॉबिन उथप्पा का दावा

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा कि वह चाहेंगे कि लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मेगा नीलामी के दौरान तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के लिए कड़ी मेहनत करे। बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज को जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली आईपीएल मेगा नीलामी से पहले पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने रिलीज कर दिया था। अर्शदीप ने 60 टी20 में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और पहले ही 18.10 की औसत से 95 विकेट ले चुके हैं, जिससे वह टी20 में भारत के लिए सबसे सफल तेज गेंदबाज बन गए और 2022 में डेब्यू करने के बावजूद अब तक के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। इस साल भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा और टूर्नामेंट में 8 मैचों में 12.47 की औसत से 17 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

### अर्शदीप का आईपीएल रिकॉर्ड

2019 से अपने आईपीएल डेब्यू के साल से अर्शदीप ने 65 मैचों में पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें उन्होंने 27.00 की औसत से 76 विकेट लिए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/32 का रहा है। इस साल सीजन में उनका अब तक का सबसे मजबूत प्रदर्शन रहा। उन्होंने 14 मैचों में 26.58 की औसत से 19 विकेट लिए।

### लखनऊ का मैदान बढ़िया होगा

रॉबिन ने कहा कि वह चाहेंगे कि एलएसजी ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस पर अपने 'राइट-टू-मैच' का इस्तेमाल करे और अर्शदीप के लिए जाए। उन्होंने कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज को इकाना स्टेडियम में गेंदबाजी करना पसंद आएगा। उन्होंने कहा कि मैं आरटीएम के रूप में स्टोनिस को चुनूंगा। मैं वास्तव में अर्शदीप के लिए कड़ी मेहनत करूंगा क्योंकि यह एक ऐसा स्थान है जिसमें उसे गेंदबाजी करने में भी मजा आएगा। यह एक बड़ा स्थान है, इसलिए तेज गेंदबाज इन स्थानों को पसंद करते हैं। यह बड़ा मैदान है। पिच पर उछाल भी होती है। वह वैसे भी सामान्य परिस्थितियों में फलता-फूलता है। मुझे लगता है कि वह यहां खूब फलेगा-फूलेगा।



## संक्षिप्त समाचार

### मध्य चीन में स्कूल गेट पर वाहन की चपेट में आने से कई बच्चे घायल



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के मध्य क्षेत्र स्थित हुनान प्रांत के एक प्राथमिक विद्यालय के गेट पर मंगलवार सुबह वाहन की चपेट में आ जाने से कई बच्चे घायल हो गए। मीडिया में इस बारे में खबरें प्रसारित हुईं। खबरों के मुताबिक, हुनान के चांगडे स्थित योंगान प्राथमिक विद्यालय में सुबह आठ बजे कक्षा के लिए जब बच्चे आ रहे थे तभी यह घटना हुई। इस बारे में तत्काल कोई विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है और यह भी साफ नहीं है कि क्या वाहन के नियंत्रण खो देने से यह हादसा हुआ या यह जानबूझकर किया गया एक हमला था। यह घटना ऐसे वक्त हुई है जब कुछ दिन पहले चीन के झुहाई क्षेत्र स्थित 'स्पोर्ट्स फैसिलिटी में एक व्यक्ति ने अपनी कार से वहां मौजूद लोगों को रौंद डाला था। इस घटना में 35 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 43 व्यक्ति घायल हो गए थे।

### पाकिस्तान की टिकटॉक स्टार इम्शा रहमान के बाद मथिरा का प्राइवेट वीडियो हुआ लीक

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की एक और सेलेब्रिटी मथिरा मोहम्मद का निजी वीडियो लीक हो गया है। हालांकि, उन्होंने इन फोटो वीडियो को फर्जी बताया है। साथ ही कहा है कि उनके नाम और तस्वीरों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। खास बात है कि यह घटना ऐसे समय पर हुई है, जब टिक टॉक स्टार इम्शा रहमान समेत कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के वीडियो वायरल होने की खबरें सामने आई थीं। मथिरा ने एक्स पर लिखा, लोग मेरे नाम और फोटोशूट के दौरान ली गई तस्वीरों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और फर्जी चीजें जोड़ रहे हैं। शर्म आनी चाहिए। इन बकवास बातों में मुझे शामिल न करें। मथिरा पाकिस्तान में काफी पॉपुलर हैं और सेलेब्रिटी टीवी होस्ट हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें फॉलो करने वालों की संख्या 25 लाख से ज्यादा है। वहीं, एक्स पर उन्हें 60 हजार से ज्यादा यूजर फॉलो करते हैं। इन सेलेब्स के वीडियो भी हुए वायरल मथिरा से पहले कथित तौर पर इम्शा रहमान के वीडियो भी वायरल होने की खबरें सामने आई थीं, जिनमें वह आपत्तिजनक स्थिति में हैं। इसके चलते उन्हें सोशल मीडिया यूजर्स की काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। आरोप लगाए जा रहे थे कि उन्होंने ये वीडियो जानबूझकर वायरल कराए हैं। खबर है कि अब उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट्स को डिएक्टिवेट कर दिया है। रहमान से पहले सोशल मीडिया स्टार मिनाहिल मलिक को लेकर भी इसी तरह के दावे किए जा रहे थे। कथित तौर पर उनके निजी वीडियो वायरल हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने भी इनके चलते सोशल मीडिया से दूरी बना ली थी। बाद में उन्होंने इन वीडियोज के फर्जी होने का दावा किया था और शिकायत दर्ज कराई थी।



### ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई कोमा में ! कार्यालय ने तस्वीर जारी कर दी सफाई



**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर अटकलें तेज हो गई थीं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि 85 वर्षीय खामेनेई कोमा में हैं और उन्होंने गुप्त बैठक में अपने बेटे मोजतबा खामेनेई को उत्तराधिकारी नामित किया है। हालांकि, रविवार को खामेनेई के आधिकारिक कार्यालय ने इन अटकलों को खारिज करते हुए उनकी एक तस्वीर साझा की। इसमें खामेनेई को लेबनान में ईरान के राजदूत मोजतबा अमानी के साथ बातचीत करते हुए देखा गया। खामेनेई के एक्स (पहले ट्विटर) अकाउंट पर यह तस्वीर पोस्ट की गई, जिसमें लिखा गया, इस्लामी क्रांति के नेता अयातुल्लाह खामेनेई ने लेबनान में ईरान के अनुभवी राजदूत मोजतबा अमानी से आज दोपहर अपने दैनिक बैठकों के दौरान मुलाकात की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, खामेनेई अक्टूबर में गंभीर रूप से बीमार थे, और उनके उत्तराधिकारी को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई थीं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने यह दावा किया था। वहीं, खामेनेई ने अक्टूबर 5 को पांच साल बाद पहली बार एक सार्वजनिक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने फिलिस्तीन और लेबनान के हमास और हिज्बुल्लाह के समर्थन में बयान दिया था। मो जतबा अमानी, जिनसे खामेनेई ने मुलाकात की, सितंबर में लेबनान में एक विस्फोट में घायल हो गए थे। यह विस्फोट हिज्बुल्लाह के उपकरणों में हुआ था, जिसमें 39 लोगों की मौत और लगभग 3,000 लोग घायल हुए थे। अमानी ने अपनी सेहत से जुड़ी रिपोर्ट खामेनेई को सौंपी।

# हरिनी अमरसूर्या श्रीलंका की तीसरी महिला प्रधानमंत्री बनीं



**कोलंबो, एजेंसी।** हरिनी अमरसूर्या श्रीलंका की नई प्रधानमंत्री बनाई गई हैं। इस पद पर पहुंचने वाली वह श्रीलंका की तीसरी महिला नेता हैं। वे 2 महीने पहले श्रीलंका में बनी अंतरिम सरकार में भी प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। प्रधानमंत्री बनाई गईं हरिनी अमरसूर्या की पढ़ाई 1991 से 1994 तक दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज से हुई है। उन्होंने 5 साल पहले ही राजनीति में एंट्री ली थी। श्रीलंका में 14 नवंबर को संसदीय चुनाव हुए थे। इसमें राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के गठबंधन एनपीपी को जीत मिली थी। सोमवार को सरकार की नई कैबिनेट का गठन किया गया।

राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने कैबिनेट के सदस्यों को राष्ट्रपति सचिवालय में शपथ दिलाई। इस कैबिनेट में राष्ट्रपति समेत 22 सदस्य हैं। कैबिनेट में 2 महिलाओं और 2 तमिल सांसद भी शामिल किए गए हैं। डिप्टी मिनिस्टर के नाम बाद में घोषित किए जाएंगे। श्रीलंका के संविधान के अनुसार कैबिनेट मंत्रियों की संख्या 30 और उप मंत्रियों की संख्या 40 से ज्यादा नहीं हो सकती। दिसानायके ने सरकार की लागत को कम करने के लिए कैबिनेट को छोटा रखा है।

**तीसरी महिला प्रधानमंत्री बनीं हरिनी अमरसूर्या :** अमरसूर्या श्रीलंका में प्रधानमंत्री पद पर काबिज होने वाली तीसरी महिला हैं। उनसे पहले सिरिमाओ भंडारनायके (3 बार) और चंद्रिका कुमारतुंगा (1 बार) देश की महिला प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। हरिनी अमरसूर्या 2020 में पहली बार सांसद बनी थीं। राजनीति में कदम रखने से पहले अमरसूर्या श्रीलंका ओपन यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर थीं।

अमरसूर्या का जन्म एक मिडिल क्लास फैमिली में हुआ था। उनके पिता एक चाय बागान के मालिक थे। साल 1972 में श्रीलंका में भूमि सुधार कानून लागू हुआ। इसमें अमरसूर्या के पिता का चाय बागान सरकार ने ले लिया। इसके बाद वे गाले से कोलंबो आकर बस गए।

4 साल तक भारत में पढ़ाई की, इम्तियाज अली और अर्नब गोस्वामी बैचमेट थे साल 1988-89 में श्रीलंका में तमिल आंदोलन को लेकर हालात हिंसक हो गए। इस दौरान स्कूल, कॉलेज बंद हो गए। ऐसे में हरिनी अमरसूर्या आगे की पढ़ाई के लिए भारत आ गईं। यहां उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज में दाखिला लिया। 1991 से 1994 तक उन्होंने सोशियोलॉजी की पढ़ाई की। इस दौरान चर्चित फिल्ममेकर इम्तियाज अली और पत्रकार अर्नब गोस्वामी उनके बैचमेट थे।

भारत से लौटने के बाद अमरसूर्या स्वास्थ्य से जुड़े एनजीओ से जुड़ गईं, वहां वह सुनामी से प्रभावित हुए बच्चों की मदद करती थीं। इसके कुछ सालों बाद वह पीएचडी की पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया चली गईं। वहां से लौटने के बाद 2011 में एक कॉलेज में प्रोफेसर बनीं। अमरसूर्या ने साल 2015 में सरकार के खिलाफ प्रदर्शनों में हिस्सा लिया। इसी दौरान उनका दिसानायके से संपर्क हुआ। वह साल 2019 में उनकी पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना से जुड़ गईं। साल 2020 में वह संसदीय चुनाव जीतकर पहली बार सांसद बनीं। 21 कैबिनेट मंत्रियों ने ली शपथ, राष्ट्रपति दिसानायके बोले- हमारा आकलन, सरकार के कामकाज से होगा

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के समक्ष सोमवार सुबह कोलंबो स्थित राष्ट्रपति सचिवालय में 21 कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली। कार्यक्रम में घोषणा की गई कि उपमंत्रियों को बाद में शपथ दिलाई जाएगी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 21 सितंबर को राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद दिसानायके ने जिस कैबिनेट के साथ शासन की बागडोर संभाली उसमें हरिनी अमरसूर्या और विजिता हेराथ शामिल थे। नए कैबिनेट मंत्रियों का चयन 14 नंवबर को हुए संसदीय चुनाव में विजयी रहे नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के 159 सांसदों में से किया गया। आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली लागू होने के बाद यह पहली बार है जब किसी राजनीतिक दल ने संसद में दो-तिहाई बहुमत हासिल किया।

नए मंत्रिमंडल को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति दिसानायके ने कहा कि लोगों ने श्रीलंका की राजनीतिक और आर्थिक दिशा बदलने के लिए सितंबर और नवंबर में दो बार एनपीपी को वोट दिया। दिसानायके ने कहा कि लोगों ने एनपीपी पर उनकी नीतियों और पार्टी सदस्यों की ईमानदारी के आधार पर भरोसा जताया है और अब से लोग एनपीपी का मूल्यांकन सरकार के रूप में उनके प्रदर्शन के आधार पर करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि श्रीलंका के लोगों ने जातीय और धार्मिक विभाजनों से ऊपर उठकर उन्हें वोट दिया है और वे लोगों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## एलओसी पर सहमति के बाद पहली बार चीनी विदेश मंत्री से मिले जयशंकर



**रियो डी जेनेरियो , एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी ने सोमवार रात रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात की है। हाल ही में लद्दाख में सीमा को लेकर बनी सहमति के बाद यह दोनों की पहली मुलाकात थी। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने सीमा पर हुई प्रगति को स्वीकार किया और भारत और चीन के लिए भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस मुलाकात को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा, रियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पोलित ब्यूरो के सदस्य और चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। हमने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में हाल ही में हुई वापसी में हुई प्रगति पर चर्चा की और हमारे द्विपक्षीय संबंधों में अगले कदमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। वैश्विक स्थिति पर भी चर्चा की। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक वांग ने दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास को बढ़ावा देने की जरूरत पर बातचीत की। वांग यी ने भारत से सीधी फ्लाइट्स फिर से शुरू करने, पत्रकारों का आदान-प्रदान करने और वीजा की सुविधा देने पर सहयोग बढ़ाने का भी आग्रह किया है। इससे पहले चीन ने पिछले महीने विवादित सीमावर्ती इलाकों में सैन्य गतिरोध को समाप्त करने के लिए समझौते को लागू करने की पुष्टि की थी। इस दौरान जयशंकर ने स्पष्ट किया है की कि कजान में नेताओं द्वारा किए गए समझौतों को योजना के अनुसार लागू किया जा रहा है। जयशंकर ने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि जमीनी स्तर पर उस योजना का कार्यान्वयन योजना के अनुसार हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने-अपने विदेश मंत्रियों और विशेष प्रतिनिधियों को जल्द ही एक बैठक बुलाने का निर्देश दिया है।

## डाकुओं के ठिकानों पर की एयर स्ट्राइक, कई अपराधियों की मौत- नाइजीरियाई वायु सेना

**अबुजा, एजेंसी।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य जामफारा में एयर स्ट्राइक में कई डाकू मारे गए हैं। नाइजीरियाई वायु सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नाइजीरियाई वायु सेना के प्रवक्ता ओलुसोले अकिनबोयेवा ने कहा कि हवाई हमले शुक्रवार को जम्फारा के त्सेफ स्थानीय सरकारी क्षेत्र के बब्बन काउये गांव में किए गए, जहां संदिग्ध डाकू मौजूद थे। प्रवक्ता ने कहा कि सेना के हवाई हमलों का उद्देश्य नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में डाकुओं के खतरों को खत्म करना था। उन्होंने कहा, खुफिया सूत्रों से पता चला है कि अपराधियों ने सैन्य कर्मियों या नागरिकों पर हमला करने की योजना बनाई है।

वायु सेना प्रवक्ता ने कहा, इस ऑपरेशन से डाकुओं की ताकत को गंभीर झटका लगा है। चाड के राष्ट्रपति महामत इद्रिस देबी इत्नो और नाइजीरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नुहू रिबादू की एक अहम बैठक रविवार को हुई। इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा बढ़ाने और आतंकवाद से निपटने पर चर्चा हुई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, दो सप्ताह पहले महामत देबी ने मल्टीनेशनल ज्वाइंट टास्क फोर्स से चाड के हटने की धमकी दी थी।


# खालिस्तानियों को खत्म करने के लिए भारत के साथ आया न्यूजीलैंड

**वेलिंगटन, एजेंसी।** झूठ के पांव नहीं होते हैं और जब सच सामने आता है तो झूठ का सिर झुक जाता है। अब जो खबर आई है वो इसी कहावत को सच साबित कर रही है। हाल ही में न्यूजीलैंड में हुए खालिस्तान के तथाकथित जनमत संग्रह पर न्यूजीलैंड की सरकार की प्रतिक्रिया ने ये साबित कर दिया कि झूठ और नफरत फैलाने वालों की सच्चाई ज्यादा दिन तक छुप नहीं सकती। न्यूजीलैड की सरकार ने खालिस्तानी समर्थन संगठन सिख फॉर जस्टिस यानी एसएफजे के एजेंडे को सिरे से खारिज करते हुए भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को सम्मान देने की बात कही। खालिस्तानी संगठन एसएफजे जिसे भारत में अनलॉफुल एक्टिविटी एक्ट यूएपीए के तहत प्रतिबंधित किया गया है। दुनिया के अलग अलग देशों में ऐसे जनमत संग्रह आयोजित करा रहा है। इससे पहले कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन जैसे देशों में भी इस संगठन ने इसी तरह के शो आयोजित किए जो कि भारत विरोधी एजेंडे का हिस्सा हैं। न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एसएफजे ने अपने समर्थन में इस तथाकथित जनमत संग्रह का आयोजन किया। हालांकि न्यूजीलैंड की सरकार ने तुरंत स्पष्ट कर दिया कि ऐसे आयोजन उनकी नीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विरूद्ध हैं।

न्यूजीलैंड की सरकार ने कहा कि हम भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं। हम मानवाधिकार का समर्थक भी हैं। लेकिन वहीं वैद्य और शांतिपूर्ण होने चाहिए। ये प्रतिक्रिया स्पष्ट रूप से दिखाती है कि खालिस्तानी एजेंडा न केवल गैर कानूनी है बल्कि इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी कोई समर्थन नहीं मिल रहा है। खालिस्तान के इस कथाकथित जनमत संग्रह को कवर करने में पाकिस्तानी मीडिया ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। पाकिस्तानी चैनलों ने इसे बढ़ा चढ़ाकर पेश करने की कोशिश की। लेकिन सच्चाई ये है कि ये केवल भारत विरोधी दुस्प्रचार का हिस्सा है। पाकिस्तान जो खुद बलूचिस्तान और अन्य प्रांतों में मानवाधिकारों का हनन कर रहा, वो ऐसे झूठे अभियानों के जरिए ध्यान भटकाना चाह रहा है। भारत और न्यूजीलैंड के संबंध हमेशा से सकारात्मक और मजबूत रहे हैं। हाल ही में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री पीटर्स के बीच कई बैठके हुईं। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह तथाकथित जनमत संग्रह से अवगत है और जबकि देश घर और दुनिया भर में मानवाधिकारों का एक मजबूत समर्थक है, बशर्ते ऐसी पहल वैध और शांतिपूर्ण हो। एसएफजे कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और यूके जैसे अन्य देशों में इसी तरह के जनमत संग्रह कराता रहा है। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स की इस साल कई बार मुलाकात हुई, जिसमें इस महीने की शुरुआत भी शामिल है। बातचीत के प्रमुख क्षेत्र शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कृषि, गतिशीलता और भारत-प्रशांत की स्थिति पर रहे हैं।



# पंजाबी सिंगर गैरी संधू पर ऑस्ट्रेलिया में हमला शो के दौरान हमलावर स्टेज पर चढ़ा, गला पकड़ा



**न्यू साउथ वेल्स , एजेंसी।** पंजाब के जालंधर से संबंध रखने वाले पंजाबी सिंगर गैरी संधू पर ऑस्ट्रेलिया में एक शो के दौरान विवाद के बाद हमला किया गया। संधू के शो में आए एक फैन ने उन्हें मारने की कोशिश की। आरोपी ने स्टेज पर चढ़कर संधू का गला पकड़ लिया था। हालांकि, मौके पर मौजूद संधू के सिक्योरिटी गार्ड और पुलिस ने किसी तरह उक्त युवक को पकड़ स्टेज से नीचे उतारा। बाद में उसकी धुनाई की और पुलिस उसे गिरफ्तार कर ले गई। बता दें कि गैरी संधू इन दिनों ऑस्ट्रेलिया टूर पर हैं।

**उंगली उठाकर इशारा करने पर भड़का था हमलावर :** बीते रविवार को ऑस्ट्रेलिया में गैरी संधू लाइव शो कर रहे थे। यहां बड़ी संख्या में लोग जमा थे। गैरी संधू ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स में शो कर रहे थे, जहां उनकी आवाज से लोगों में उत्साह था। इसी दौरान एक गाने की प्रस्तुति देते हुए गैरी ने भीड़ की ओर हाथ की बीच की उंगली उठाकर इशारा किया। (यह इशारा सामाजिक रूप से अभद्र माना जाता है) इसके बाद भीड़ से एक युवक निकलकर स्टेज पर चढ़ गया और गैरी की ओर लपका। उसने आकर गैरी की गर्दन पकड़ ली। इसके तुरंत बाद ही गैरी की टीम के लोग और सुरक्षा में तैनात न्यू साउथ वेल्स के पुलिसकर्मी गैरी के पास पहुंच गए।

**सुरक्षाकर्मियों ने गैरी को हमलावर से बचाया :** उन्होंने गैरी को हमलावर के चंगुल से काफी मशक्कत कर छुड़ाया। इस दौरान हमलावर और गैरी संधू के बीच काफी बहस और गाली-गलौज भी हुई। हमलावर काफी आक्रामक हो रहा था, इसलिए पुलिस ने उसे उठाकर धरती पर गिरा लिया और उसकी धुनाई की गई। हालांकि, इस हमले को लेकर अब तक गैरी ने या उनकी टीम ने कोई बयान साझा नहीं किया है। जबकि, सोशल मीडिया पर इस हमले का वीडियो जारी कर कई लोग गैरी को ट्रोल करने में लगे हुए हैं।

**जालंधर के रूड़का कलां गांव के रहने वाले हैं संधू :** बता दें कि पंजाबी गायक गैरी संधू कई सुपर हिट गाने कर चुके हैं। वह मूल रूप से जालंधर के गांव रूड़का कलां के रहने वाले हैं। वह फिलहाल यूनाइडेट किंगडम में ही रहते हैं।

# ब्राजील: प्रधानमंत्री मोदी ने मेलोनी से की द्विपक्षीय वार्ता, रक्षा, व्यापार रहा अहम मुद्दा

**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय बैठक की. इस दौरान दोनों नेताओं ने अहम मुद्दों पर बातचीत की. वार्ता का केंद्र रक्षा क्षेत्र, सुरक्षा, व्यापार को बढ़ावा और प्रौद्योगिकी के विकास पर रहा. पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इटली के बीच मित्रता एक बेहतर भविष्य में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है. प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, रियो डी जेनेरियो जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मिलकर खुशी हुई. मुलाकात के दौरान रक्षा क्षेत्र, व्यापारिक विकास और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने को लेकर चर्चा हुई. हमने संस्कृति, शिक्षा और ऐसे अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की. भारत-इटली की दोस्ती एक बेहतर विश्व के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान दे सकती है. पीएम मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान विभिन्न देशों के प्रधानमंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक की. कुछ नेताओं के साथ शिखर सम्मेलन के इतर भी बैठक हुई. पीएम मोदी ने प्रमुख रूप से नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर , फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ, स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज, इंडोनेशिया, पुर्तगाल के नेताओं से भेट की. अपनी चर्चाओं में प्रधानमंत्री मोदी ने वाणिज्य और रक्षा जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर साझा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो को भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने का आश्वासन दिया.

जायसवाल ने एक्स पर लिखा, भारत-इंडोनेशिया- गर्मजोशी और मैत्रीपूर्ण संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 ब्राजील शिखर सम्मेलन के दौरान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो से मुलाकात की. प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति प्रबोवो को बधाई दी और उन्हें भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मौजूदा क्षेत्रों में और नए क्षेत्रों की खोज के माध्यम से विस्तारित करने का आश्वासन दिया. इसके अतिरिक्त पीएम मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज से मुलाकात की. बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की यात्रा पर हैं. यात्रा के पहले चरण में नाइजीरिया पहुंचे, इसके बाद उनका पड़ाव ब्राजील था. यहां वह जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल हुए. यहां से गुयाना के लिए निकलने का कार्यक्रम है।

# चीन: निजी स्कूल की कैंटीन में परोसा जा रहा सड़ा हुआ बदबूदार मांस

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के दक्षिणी शहर कुनमिंग के एक निजी स्कूल में अक्टूबर 2024 की शुरुआत में खाद्य सुरक्षा को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया। युन्नान प्रांत के चांगफेंग मिडिल स्कूल में कई छात्रों को पेट दर्द और पाचन संबंधी समस्याएं होने लगीं। पहले इसे सामान्य मौसमी बीमारी समझा गया, लेकिन जल्द ही पता चला कि समस्या स्कूल की कैंटीन में परोसे जा रहे खाने से जुड़ी है। एक अभिभावक ने स्कूल की रसोई का निरीक्षण किया और वहां खराब, बदबूदार मांस पाया, जो बच्चों को परोसा जाने वाला था। इस मांस की तस्वीरें अभिभावकों के वीचैट ग्रुप में वायरल हो गईं, जिससे भारी आक्रोश फैल गया। इस घटना को सड़ा मांस कांड कहा जा रहा है और यह राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया। जब अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन से इस मुद्दे पर सवाल किए, तो उन्हें अनदेखा कर दिया गया। अभिभावकों ने जबरदस्ती कैंटीन में प्रवेश किया और वहां ब्राजील से आयातित मांस का एक पैकेट देखा, जिस पर 2015 लिखा हुआ था। इसे देखकर अभिभावकों ने इसे जॉम्बी मांस कहकर संदर्भित किया। बाद में पता चला कि यह तारीख मांस की गुणवत्ता प्रमाणन से जुड़ी थी, न कि उसके उत्पादन या समाप्ति की। स्कूल प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी लेने की बजाय एक रसोई कर्मचारी को दोषी ठहराया और उसे सार्वजनिक माफी मांगने पर मजबूर किया। स्कूल के वाइस प्रिंसिपल ने अभिभावकों के सामने हल्की मुस्कान के साथ खड़े रहकर मामले को टालने की कोशिश की, जबकि स्कूल का चेयरमैन बीच बैठक से चला गया। स्थानीय प्रशासन ने 16 अक्टूबर को जांच शुरू की। रिपोर्ट में सामने आया कि मांस खराब होने का कारण उसकी गलत हैंडलिंग थी। इसे घंटों तक प्लास्टिक बैग में रखा गया और फिर बिना ठंडे परिवहन के सामान्य तापमान पर छोड़ दिया गया। जांच से यह भी पता चला कि स्कूल कैंटीन का संचालन करने वाली कंपनी के पास आवश्यक लाइसेंस नहीं था। यह कंपनी सालाना 400,000-500,000 युआन (55,000-70,000डालर) फीस लेती थी, जबकि स्कूल प्रति छात्र 26,000 युआन (3,600डालर) ट्यूशन और प्रति भोजन 14 युआन (2डालर) चार्ज करता था। जांच के बाद तीन स्कूल अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया और प्रिंसिपल व कानूनी प्रतिनिधि को हटा दिया गया। स्कूल पर 100,000 युआन (13,700डालर) का जुर्माना लगाया गया।



## मंदिर ट्रस्ट की दुकान से बेचा जा रहा प्रसाद, श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़

### –खाद्य सुरक्षा विभाग ने नमूने लेकर की थी जांच, अब करेगा कार्रवाई

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के दियोटसिद्ध स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट की दुकान पर बेचे जा रहे रोट को लेकर चौंकाने वाली जानकारी मिली है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंदिर से रोट के नमूने लिए, जो प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को दिए जाते थे। जांच में पाया कि ये रोट खाने लायक ही नहीं थे और सेहत के लिए खतरनाक हो सकते हैं। रोट बनाने के लिए आमतौर पर गेहूं का आटा, चीनी, देसी घी या वनस्पति तेल का इस्तेमाल होता है। हर साल करीब 50–75 लाख श्रद्धालु बाबा बालक नाथ के प्राचीन गुफा मंदिर में दर्शन करने आते हैं और बाबा को प्रसाद चढ़ाते हैं, जिसमें रोट भी शामिल है। कई श्रद्धालुओं ने रोट के बारे में शिकायतें की थीं, जिसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने नमूने जांच के लिए भेजे थे। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रसाद के रूप में चढ़ाए गए रोट बासी थे और इनका सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। सहायक आयुक्त (खाद्य एवं सुरक्षा) ने कहा कि विभाग दिशा–निर्देशों के तहत कार्रवाई करेगा। होशियारपुर के एक श्रद्धालु मोहन सिंह ने बताया कि लाखों श्रद्धालु बिना जानकारी के इस प्रसाद को ग्रहण करते हैं। कई लोग इसे महीनों तक अपने घर में रखकर खाते हैं, जबकि इसकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाता।

## विवादित 'एक्स' पोस्ट के लिए चिदंबरम के खिलाफ कार्रवाई का आग्रह

नई दिल्ली। कांग्रेस की मणिपुर इकाई ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से पार्टी के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम के विवादित 'एक्स' पोस्ट के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई करने का बुधवार को आग्रह किया। चिदंबरम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में क्षेत्रीय स्वायत्तता की वकालत थी। हालांकि, इस पोस्ट को बाद में डिलीट कर दिया गया था। खरगे को भेजे पत्र में मणिपुर कांग्रेस के नेताओं ने कहा, 'हम मणिपुर संकट को लेकर चिदंबरम के 'एक्स' पोस्ट की सामग्री की सर्वसम्मति से निंदा करते हैं।' पत्र में कांग्रेस नेताओं ने जातीय हिंसा से प्रभावित इस पूर्वोत्तर राज्य की एकता और अखंडता के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को भी दोहराया और खरगे से चिदंबरम के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया।



## मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट सेवा का निलंबन तीन दिन के लिए और बढ़ाया गया

इंफाल। मणिपुर सरकार ने हिंसा की हालिया घटनाओं के मद्देनजर सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवा का निलंबन बुधवार को तीन और दिन के लिए बढ़ा दिया। सरकारी आदेश में कहा गया है, 'राज्य सरकार ने कानून और व्यवस्था की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करने के बाद मणिपुर के इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग, कांगपोकपी और चुराचांदपुर जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को तीन दिन और निलंबित रखने का फैसला किया है।' मणिपुर सरकार ने 16 नवंबर को सात जिलों में मोबाइल ए?वं ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं दो दिन के लिए निलंबित कर दी थीं, ताकि असामाजिक तत्व ऐसी सामग्री का प्रसार न कर सकें, जिससे कानून एवं व्यवस्था प्रभावित हो। सोमवार को मोबाइल और ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध दो दिन के लिए और बढ़ा दिया गया था। हालांकि, आम लोगों, स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों और विभिन्न कार्यालयों को होने वाली दिक्कतों को देखते हुए मंगलवार को ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं सशर्त बहाल कर दी गई थीं।

## अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में नर हाथी की मौत, जांच शुरू

बिजनौर । उत्तरप्रदेश के बिजनौर जिले के अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के रानी नांगल वन ब्लॉक में स्थित फायर लाइन में एक नर हाथी की मौत हो गई। वन विभाग को घटना की सूचना मिली, अधिकारी मौके पर पहुंचे और तीन सदस्यीय पशु चिकित्सकों की टीम से हाथी के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हाथी के मुंह में इंफेक्शन पाए जाने की संभावना है, जो कि उसकी मृत्यु का कारण हो सकता है। हालांकि, मामले की पूरी जांच जारी है और वन विभाग द्वारा इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

## एसओजी की नारणपुरा के फ्लैट में रेड, 25.68 लाख के ड्रग्स के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

अहमदाबाद । शहर के नारणपुरा क्षेत्र स्थित एक सोसायटी के फ्लैट में रेड कर रु. 25.68 का एमडी ड्रग्स बरामद किया है। इस मामले में कुल 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है और उसमें से 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक पूर्व सूचना के आधार पर एसओजी ने अहमदाबाद के नारणपुरा क्षेत्र के एलिफेंटा सोसायटी के एक फ्लैट में एसओजी ने छापा मारा। इस कार्यवाही में एसओजी ने जिग्नेश पंड्या नामक आरोपी के फ्लैट से 256 ग्राम 860 मिलीग्राम एडी ड्रग्स बरामद किया है। जिसकी कीमत 25.68 लाख रुपए बताई जाती है। इस मामले में पुलिस ने । आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिसमें 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच में खुलासा हुआ है कि नारणपुरा क्षेत्र के एलिफेंटा सोसायटी में 14वीं मंझिल पर रहनेवाले जिग्नेश पंड्या अपने ही घर में नशेडियों के लिए पार्टी का आयोजन करता है। नशे की पार्टी में आनेवाले प्रत्येक शख्स से जिग्नेश एक हजार रुपए वसूल करता था।

# भाजपा 'हेराफेरी' के जरिए चुनाव जीतने के लिए प्रशासन पर दबाव बना रही है: अखिलेश का आरोप



**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया गया कि वह उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव ''हेराफेरी के जरिए'' जीतने के लिए प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में ''अनियमितताओं'' के बारे में निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। राज्य में नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान हो रहा है।

यहां यादव संवाददाताओं से कहा, ''हमने करहल, सीसामऊ, मीरापुर, कुंदरकी और फूलपुर, मझवां सहित विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में अनियमितताओं के बारे में शिकायतें दर्ज कराई हैं। इसके बावजूद ऐसा लगता है कि निर्वाचन आयोग (ईसी) इन पर आंखें मूंदे हुए है। ऐसा प्रतीत होता है आयोग की संवेदनाएं अब काम नहीं कर रही हैं।'' यादव ने आरोप लगाया, ''भाजपा इन उपचुनावों को वोट के जरिए नहीं, जोड़-तोड़ के जरिए जीतना चाहती है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि हार के डर से भाजपा प्रशासन पर अनुचित तरीके से काम करने का दबाव बना रही है।

उन्होंने कहा, ''मैं अपने मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे मतदान केंद्रों पर जाएं, सिर्फ एक बार नहीं बल्कि कई बार और तब तक वहीं रहें जब तक वे अपना वोट न डाल दें। यह हमें दिया गया अधिकार है और हर किसी को इसका इस्तेमाल करना चाहिए।'' उन्होंने सपा की पिछली शिकायतों के जवाब में जारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भी हवाला दिया और कहा, ''आयोग (निर्वाचन आयोग) ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था कि पुलिस किसी को नहीं रोक सकती, तलाशी नहीं ले सकती या पहचान पत्र नहीं देख सकती। इसके बावजूद, भाजपा बेईमानी का सहारा ले रही है क्योंकि उन्हें पता है कि वे जनता का समर्थन खो रहे हैं।'' उन्होंने दावा किया, ''उनके अपने ही कई लोग विरोध कर रहे हैं। उनके मतदाताओं का उनसे मोह भंग हो रहा है और यहां तक कि उनके खिलाफ मतदान भी कर रहे हैं। भाजपा हमारे समर्थकों को मतदान करने से रोकने के लिए पुलिस का इस्तेमाल कर रही है क्योंकि उनके अपने मतदाता मतदान करने नहीं आ रहे हैं।'' यादव ने जोर देकर कहा कि भाजपा की हताशा सत्ता पर उसकी पकड़ कमजोर होने का संकेत देती है। उन्होंने कहा, ''उनका सिंहासन हिल रहा है और वे घबराए हुए हैं क्योंकि जनता और उनके अंदरूनी गुट दोनों ही उनके खिलाफ हैं।

## नालासोपारा की होटल में 5 करोड़ नहीं... बल्कि 15 करोड़ थे, जांच होना चाहिए : संजय राउत

मुंबई । शिवसेना (उद्धव गुट) के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर लगे पैसे बांटने के आरोपों को गंभीर बताया। राउत ने कहा कि पूरे मामले की गहनता से जांच होनी चाहिए। सांसद राउत ने दावा किया कि होटल में जो पांच करोड़ रुपये दिखाए गए थे, असल में वहां पूरे 15 करोड़ रुपये थे। राउत ने कहा कि नालासोपारा के जिस होटल में भाजपा नेता तावड़े को देखा गया, वहां मीडिया द्वारा बताया गया था कि होटल में पांच करोड़ रुपये थे। लेकिन असल में वे 15 करोड़ रुपये थे। अब सवाल उठता है कि सारे पैसे कहां गए? यह एक बड़ा सवाल है। चुनाव आयोग को मामले की गहरी जांच कर सच्चाई सामने लाना चाहिए। राउत ने कहा कि जो भी मामला दर्ज हुआ है, वह केवल पैसे के वितरण का नहीं, बल्कि आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद जब सब कुछ शांत हो जाएगा, तब इस मुद्दे पर पूरी तरह से जांच होगी और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। भाजपा की मंशा पर सवाल उठकर राउत ने कहा कि भाजपा का एक बड़ा नेता होटल में बवाल मचाता है, पैसे बांटने के आरोप लगते हैं, इसका मतलब दाल में कुछ काला है। इसके अलावा, राउत ने नाशिक में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का एक होटल से करोड़ों रुपए जब्त होने की घटना को भी गंभीर मामला बताया। उन्होंने कहा कि हाल ही में नाशिक में मुख्यमंत्री शिंदे के काफिले से करोड़ों रुपये जब्त किए गए थे। यह बेहद गंभीर मामला है और ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री के काफिले में शामिल गाड़ियों में सिर्फ खोखा था और कुछ नहीं।

